e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 210
बुधवार
02.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

मुश्किलों से भाग जाना आसान होता है, हर पहलू जिंदगी का इम्तेहान होता है, डरने वालों को मिलता नहीं कुछ जिंदगी में, लड़ने वालों के कदमों में जहाँ होता है।

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

**रांची का तापमान**

अधिकतम 28°
न्यूनतम 23°

## क्विक न्यूज

### एक करोड़ का ड्रग्स बरामद, तीन गिरफ्तार

**नगांव** : नगांव जिले के कठियातली में एक पुलिस अभियान के दौरान 15 साबुनदानी में भरा भारी मात्रा में ड्रग्स जब्त किया गया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि पुलिस ने इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में मइजुल इस्लाम (कदमनी पथार, जुरिया), दिलदार हुसैन (जुरिया), मुफासेल आलम (बालीजान, जुरिया) शामिल हैं।जानकारी के अनुसार ये तस्कर सोमवार की रात डिमापुर से एक वाहन (एएस-04टी-8818) में ड्रग्स लेकर जा रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस ने वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बरामद ड्रग्स को जब्त कर लिया गया है।गिरफ्तार किए गए तीनों तस्करों से पुलिस पूछताछ कर रही है।पुलिस के अनुसार जब्त किए गए ड्रग्स की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक होगी। पुलिस द्वारा इस संदर्भ में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### हटिया रेलवे स्टेशन होगा मॉडल, 355 करोड़ होंगे खर्च, प्रधानमंत्री छह अगस्त को करेंगे शिलान्यास

**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची के हटिया रेलवे स्टेशन बहुत जल्द मॉडल होगा। केंद्र सरकार इस पर 355 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके अलावा पिस्का रेलवे स्टेशन को भी विकसित करने के लिए 27 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह अगस्त को दिल्ली से ऑनलाइन इन दोनों प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे। हटिया रेलवे स्टेशन राजधानी रांची का प्रमुख रेलवे स्टेशन है। यह भारतीय रेलवे के दक्षिण पूर्वी रेलवे जोन से संबद्ध है। यह स्टेशन देश के अधिकांश प्रमुख शहरों से रेलवे संजाल से जुड़ा है। हटिया स्टेशनव रांची-राउरकेला रेलवे खंड पर है। हटिया स्टेशन को स्मार्ट सिटी रांची के मेन जंक्शन के रूप में भी विकसित किया जाना है।

### भाजपा दिल्ली प्रदेश की नई टीम की घोषणा, सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी बनीं प्रदेश मंत्री

**नई दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश की मंगलवार को नई टीम की घोषणा कर दी गई। प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अपनी नई कार्यकारिणी में पहली बार भाजपा नेत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को शामिल किया है। बांसुरी को प्रदेश मंत्री बनाया गया है।प्रदेश कार्यकारिणी में जहां योगेन्द्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत, हर्ष मल्होत्रा जैसे वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है वहीं कई नई चेहरों पर भी भरोसा जताया गया है। सूची में 53 सदस्यों को जगह मिली है, जिसमें सात प्रदेश उपाध्यक्ष, तीन प्रदेश महामंत्री, आठ प्रदेश मंत्री शामिल हैं। लोकसभा चुनावी रणनीति के मद्देनजर इस टीम में सभी वर्गों को समायोजित करने का प्रयास किया गया है। कई वरिष्ठ नेताओं में नाराजगी भी हैं क्योंकि उन्हें जगह नहीं मिल पाई। नए नेताओं में गजेन्द्र यादव (उपाध्यक्ष), लता गुप्ता (उपाध्यक्ष), विनय रावत (उपाध्यक्ष), विनोद बछेती (मंत्री), किशन शर्मा (मंत्री), सारिका जैन (मंत्री), नरेश एरन (मंत्री), सोना कुमारी (मंत्री), सतीश गर्ग (कोषाध्यक्ष), शशि यादव (अध्यक्ष युवा मोर्चा) शामिल हैं।

### राज्यसभा में दो विधेयक पेश, तीन पारित

**नई दिल्ली** : राज्यसभा में मंगलवार को बहु राज्य सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक पारित कर दिया गया। इसके अलावा दो और विधेयक पारित किए गए और दो विधेयक पेश किए गए। राज्यसभा में मंगलवार को भी मणिपुर मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर व्यवधान रहा। दो बार स्थगन के बाद दोपहर में प्रेस और आवधिक पंजीकरण विधेयक, 2023 और अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023 पेश किए गए। इसके बाद चर्चा उपरान्त तीन विधेयक बहु-राज्य सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक, 2023, जैविक विविधता (संशोधन) विधेयक, 2023 मध्यस्थता विधेयक, 2021 पारित किए गए।

# महाराष्ट्र : गर्डर लॉन्चिंग मशीन गिरने से 20 लोगों की मौत

**100 फीट की ऊंचाई से गर्डर मशीन गिर गई**

एजेंसी


**मुंबई** : महाराष्ट्र के ठाणे में मंगलवार की तड़के बड़ा हादसा हुआ. यहां शाहपुर के पास एक गर्डर लॉन्चिंग मशीन गिरने से 20 लोगों की मौत हो गई.जबकि तीन लोग घायल हो गए. शाहपुर पुलिस का कहना है कि समृद्धि एक्सप्रेस हाईवे के तीसरे चरण का निर्माण हो रहा है. पुल तैयार करने में मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा था. इसी दौरान 100 फीट की ऊंचाई से गर्डर मशीन गिर गई. जानकारी के मुताबिक, अभी भी मलबे में कुछ लोगों के दबे होने की आशंका है. मौके पर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से किया जा रहा है.मौके पर एसपी और रेस्क्यू टीम पहुंच गई है.एसपी के मुताबिक समृद्धि हाईवे पर लॉन्चर गिरने से मजदूर और अन्य लोग चपेट में आ गए. तीन घायलों को शाहपुर तालुका के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना मंगलवार तड़के शाहपुर तहसील के सरलांबे गांव के पास हुई. पुलिस और दमकल कर्मी स्थानीय एजेंसियों के साथ मिलकर बचाव अभियान में लगे हुए हैं.

**पुल निर्माण में इस्तेमाल होती है गर्डर लॉन्चिंग मशीन**

ये मशीन एक विशेष प्रयोजन वाली मोबाइल गैन्ट्री क्रेन है, जिसका उपयोग पुल निर्माण में किया जाता है. इसका उपयोग राजमार्ग और हाई-स्पीड रेल पुल निर्माण परियोजनाओं में प्रीकास्ट बॉक्स गर्डर्स स्थापित करने के लिए किया जाता है. समृद्धि महामार्ग का निर्माण कार्य महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम द्वारा किया जा रहा है.

**701** किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे है जो मुंबई और नागपुर को जोड़ने वाला है

**2022** में पीएम मोदी ने इसके पहले चरण का का उद्घाटन किया था



**पहले चरण का पीएम ने किया था उद्घाटन**

समृद्धि एक्सप्रेसवे का नाम हिंदू हृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग रखा गया है. ये मुंबई और नागपुर को जोड़ने वाला 701 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे है. यह नागपुर, वाशिम, वर्धा, अहमदनगर, बुलढाणा, औरंगाबाद, अमरावती, जालना, नासिक और ठाणे समेत 10 जिलों से होकर गुजरता है. नागपुर को शिरडी से जोड़ने वाले पहले चरण का उद्घाटन प्रधा मंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2022 में किया था. यह 520 किमी की दूरी तय करता है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मई में कहा था कि तीसरा और आखिरी चरण इस साल दिसंबर के अंत तक पूरा हो जाएगा.

**अत्यंत पीड़ादायक है घटना : पीएम**

नई दिल्ली - पीएमओ ने किया मुआवजे का एलानप्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक ट्वीट में मोदी ने कहा,महाराष्ट्र में हुआ हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इसमें जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मैं अपनी शोक-संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पीएमओ ने कहा,प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से इस दुर्घटना के प्रत्येक मृतक के निकटस्थ परिजन को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

**झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र**

# 11.988 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पारित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ. हंगामे के बीच अनुपूरक बजट पर सत्ता और विपक्ष के सदस्यों ने सदन में अपनी बात रखी. दोपहर बाद बीजेपी विधायकों के वॉकआउट के बीच 11.988 हजार करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट सदन से हुआ पास. इसके साथ ही सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गयी. सदन में कार्यवाही रूक-रूक कर बाधित हो रही है. भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू होते ही अनुपूरक बजट पर चर्चा शुरू हुई. इस दौरान कटौती प्रस्ताव बीजेपी विधायक अमर बाउरी ने रखा. कटौती प्रस्ताव पर चर्चा से भाजपा विधायकों ने इनकार कर दिया और सदन में हंगामा करने लगे. भाजपा विधायक मुख्यमंत्री से राज्य की विधि व्यवस्था, 1932 का खतियान, नियोजन नीति और स्थानीय नीति पर वक्तव्य देने की मांग करने लगे. फिर भाजपा विधायक नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए. वहीं अनुपूरक बजट के चर्चा के बीच में ही भाजपा विधायक सदन से वाकआउट कर गए. अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने सदन में अपनी बात रखते हुए कहा कि मणिपुर की घटना के कलंक को बीजेपी जन्म जन्मांतर तक धो नहीं पाएगी. इससे पहले ही भाजपा विधायकों ने विधि व्यवस्था, नियोजन नीति पर सीएम को अपनी बात सदन में रखने की जिद पर अड़े रहे, साथ ही कहा कि विधायकों का फंड भी नहीं मिल रहा है. वेल में आकर भाजपा विधायकों ने कहा आए दिन हत्या हो रही है. विपक्ष का हंगामा और वेल में नारेबाजी देखकर कांग्रेस विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला भी वेल में गए.

## सीएम से अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों ने की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड से चयनित अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ियों ने अवगत कराया कि मलेशिया में आयोजित पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम के पुरुष और महिला दोनों वर्गों ने स्वर्ण पदक जीता है। भारतीय पैरा थ्रो बॉल टीम के महिला वर्ग में झारखंड से अनीता तिर्की, तारामणि लकड़ा, महिमा उरांव, प्रतिमा तिर्की एवं अंसुता टोप्पो शामिल थीं, वहीं पुरुष वर्ग में मुकेश कंचन एवं सनोज महतो शामिल थे। मुख्यमंत्री के समक्ष खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रतियोगिता में झारखंड से चयनित सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर खिजरी विधायक श्री राजेश कच्छप, पैरा थ्रो बॉल एसोसिएशन झारखंड के पदाधिकारी एवं झारखंड से चयनित सभी खिलाड़ी उपस्थित थे।

### प्रचार-प्रसार वाहन के परिचालन का सीएम ने किया शुभारंभ

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता हेतु झारखंड विधान सभा परिसर से एलईडी युक्त प्रचार-प्रसार वाहनों के परिचालन का हरी झंडी दिखाकर झारखंड विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, विभागीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री बादल पत्रलेख, मंत्री हफिजुल हसन अंसारी एवं अन्य ने शुभारंभ किया।

**नूंह से पलवल तक पहुंची हिंसा की आग, लगातार दूसरे दिन उपद्रवियों ने काटा बवाल, इंटरनेट-बाजार बंद, लगा कर्फ्यू**

# हरियाणा के कई इलाकों में भारी तनाव, 5 लोगों की मौत

एजेंसी

**चंडीगढ़** : हरियाणा के नूंह जिले में विश्व हिंदू परिषद की यात्रा को रोकने की कोशिश करने पर भड़की हिंसा में अब तक कुल पांच लोगों की मौत हो चुकी है. इस घटना के बाद नूंह जिले के मेवात समेत कई इलाकों में तनाव की स्थिति है. जिसके चलते गुरुग्राम समेत हिंसा प्रभावित इलाकों में कर्फ्यू लगाया गया है और इंटरनेट पर पाबंदी है. इसके अलावा तमाम स्कूलों को बंद करने का आदेश भी जारी हुआ है. हिंसा मामले को लेकर बैठक के बाद सीएम मनोहर लाल ने कहा कि नूंह में जो भी घटना हुई, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। घटना का पता लगते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने आगे कहा कि यह एक सामाजिक यात्रा है जो कि हर साल निकाली जाती है। इसपर कुछ लोगों ने आक्रमण किया, यहां तक कि पुलिस को भी निशाना बनाया गया।

**गुरुग्राम में भी हिंसा:** नूंह में हिंसा के बाद गुरुग्राम के सेक्टर-57 में भीड़ के हमले में एक शख्स की मौत हो गई और एक मस्जिद में आग लगा दी गई. जिसके बाद पूरे इलाके में धारा-144 लागू की गई. इस घटना को लेकर पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने गोलियां चलाईं, जिसके कारण दो लोग घायल हो गए और इनमें से एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मृतक की पहचान बिहार निवासी साद के रूप में हुई है.



**नूंह में इंटरनेट सेवा बंद:** हरियाणा के नूंह जिले में शोभा यात्रा के दौरान भड़की हिंसा में घायल हुए दो और लोगों ने दम तोड़ दिया है. मृतकों की पहचान होमगार्ड नीरज और गुरसेवक और भादस गांव निवासी शक्ति के रूप में हुई है. हिंसा में मारे गए चौथे व्यक्ति की अभी पहचान नहीं हो पाई है. नूंह में हिंसा के दौरान घायल हुए 23 लोगों में 10 पुलिसकर्मी शामिल हैं. पुलिस ने इस मामले में 11 एफआईआर दर्ज की हैं और 27 लोगों को हिरासत में लिया है. हिंसा के दौरान करीब 90 वाहनों को फूंक दिया गया. फिलहाल पूरे जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया है और इंटरनेट बंद है.

**अर्धसैनिक बलों की कंपनियां**

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य में उत्पन्न हुई स्थिति पर की बैठक**

**तैनात:** कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरियाणा के नूंह में अर्धसैनिक बलों की 20 कंपनियां तैनात की गई हैं. नूंह में हिंसा के बढ़ते मामले को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अर्धसैनिक बलों को तैनात करने का फैसला किया. इसके अलावा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की नूंह जिले में होने वाली एक और दो अगस्त की परीक्षा स्थगित की गई है.

**आसपास के इलाकों में भी तनाव:** मुस्लिम बहुल नूंह में हिंसा की खबर फैलते ही, पास के ही सोहना इलाके से भी हिंसा की खबरें सामने आने लगीं. भीड़ ने कई वाहनों और एक दुकान को आग के हवाले कर दिया. इस घटना के बाद सोहना में भी भारी पुलिसबल भेजा गया. फिलहाल हिंसा की कोई नई घटना सामने नहीं आई है.

## लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हुए पीएम मोदी

*** पीएम मोदी के साथ मंच पर मौजूद थे शरद पवार**

एजेंसी

**पुणे** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को महाराष्ट्र के पुणे शहर में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। साथ ही उन्हें लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया।यहां पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार समेत कई गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया।पीएम मोदी को पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकमान्य तिलक की विरासत का सम्मान करने के लिए 1983 में तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट द्वारा गठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।पीएम मोदी ने



कहा,यह मेरे लिए एक यादगार पल है। मैं यह सम्मान देश के करोड़ों लोगों को समर्पित करता हूं। महात्मा गांधी ने उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता भी कहा है। उनकी वीजन काफी दुरदर्शी रहा है। एक महान नेता वो होता है, जो बड़े लक्ष्य के लिए न केवल खुद को समर्पित करता है, बल्कि उसके लिए संस्थाएं और व्यवस्थाएं भी तैयार करता है।इस समारोह में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा,यह हमारे लिए गर्व की बात है, जब दूसरे देशों के नेता पीएम मोदी का ऑटोग्राफ लेते हैं और उनका सम्मान करते हैं। कोई उन्हें बॉस कहता है तो, कोई उनके पैर छूता है। इस समारोह में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा,यह हमारे लिए गर्व की बात है, जब दूसरे देशों के नेता पीएम मोदी का ऑटोग्राफ लेते हैं और उनका सम्मान करते हैं। कोई उन्हें बॉस कहता है तो, कोई उनके पैर छूता है।कार्यक्रम में पीएम मोदी, शरद पवार के अलावा महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेन्द्र फड़नवीस, डिप्टी सीएम अजित पवार, पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे मौजूद रहे. यानी कि चाचा से बगावत के बाद किसी सार्वजनिक कार्यक्रम के मंच पर पहली बार शरद पवार और अजित पवार आमने-सामने आए. हालांकि, अजित पवार ने शरद पवार से नजरें नहीं मिलाई. वे शरद पवार के पीछे-पीछे चलते नजर आए.

## 6500 एफआईआर की जांच सीबीआई को सौंपना असंभव है : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली** : मणिपुर में हो रहीं हिंसा को लेकर मंगलवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. सीजेआई ने इस दौरान हाईकोर्ट के पूर्व जजों को कमेटी बनाने की बात कही जो नुकसान, मुआवजे, पीड़ितों के 162 और 164 के बयान दर्ज करने की तारीखों आदि का ब्योरे लेगी. चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने कहा कि हम ये भी देखेंगे कि सीबीआई को कौन कौन से मुकदमे-एफआईआर जांच के लिए सौंपे जाएं.सरकार इस बात का हल सोच कर हमारे पास आए. सीजेआई ने कहा कि हम इस कमेटी का दायरा तय करेंगे, जो वहां जाकर राहत और पुनर्वास का जायजा लेगी. हम इस तथ्य के बारे में स्पष्ट हैं कि 6500



एफआईआर की जांच सीबीआई को सौंपना असंभव है. वहीं, राज्य पुलिस को इसका जिम्मा नहीं सौंपा जा सकता. तो हम क्या करें? उस पर विचार करना होगा. सीजेआई ने कहा कि मणिपुर में मरने वाले सभी हमारे अपने थे. सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि अभी भी कई शव मोर्चरी में हैं जिनके बारे में कोई भी दावेदार नहीं आया है. इन सारे तथ्यों और दलीलों के बाद मणिपुर मामले की अगली सुनवाई अब सोमवार सात अगस्त को होनी तय हुई है.

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरे

### पति ने पत्नी को पीटकर किया गंभीर रूप से घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पड़वा थाना क्षेत्र के खाखर टोला निवासी प्रमोद भइया अपने पत्नी चंपा देवी को लोटा से सिर में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार पड़वा थाना क्षेत्र के खाखर टोला निवासी प्रमोद भुइया मंगलवार की दोपहर 3:00 बजे अपना काम करके अपने घर पहुंचा। इसी बीच किसी बात को लेकर पति और पत्नी में झगड़ा होने लगा। झगड़ा होने के पश्चात पति प्रमोद भुइयां अपने पत्नी चंपा देवी को लोटा से सिर में सिर में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा महिला को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पड़वा थाना प्रभारी नकुल कुमार साह को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी नकुल कुमार साह घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

# जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का एरिया कमांडर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने जिले के पांकी थाना क्षेत्र के खपरमंडा गाँव से सक्रिय जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का एरिया कमांडर सुमन यादव उर्फ बीरेंद्र गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की है। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार जेजेएमपी नक्सली सुमन यादव जेजेएमपी नक्सली संगठन का एरिया कमांडर है। जो पिछले कई सालों से संगठन में सक्रिय है। गुप्त सूचना के आधार पर पांकी पुलिस के द्वारा घर पर छापेमारी की गई ।जहां पुलिस को देखकर वह भागने लगा। भागने के क्रम में पुलिस ने दौड़ा कर नक्सली सुमन यादव को पकड़ा लिया। गिरफ्तार नक्सली पर लेवी वसूलने और पुलिस मुठभेड़ में शामिल होने समेत अन्य मामलों में पलामू और लातेहार पुलिस को तलाश थी। इन जिलों के थाने में इसके खिलाफ कई केश दर्ज है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलोक कुमार टूटी ने मामले की दी है जानकारी।

## झारखंड पत्रकार संगठन के सदस्य मिले उपायुक्त से, दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड पत्रकार संगठन के पत्रकार के सदस्यों ने मंगलवार को पलामू के नए उपायुक्त शशि रंजन से मुलाकात कर स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित झारखंड पत्रकार संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने पलामू उपायुक्त को बुके देकर उन्हें पलामू में पदभार ग्रहण करने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पलामू उपायुक्त ने कहा कि किसी भी जिले के विकास में पत्रकारों का बहुत बड़ा योगदान रहता है। मौके पर झारखंड पत्रकार संगठन के जिला अध्यक्ष अश्विनी घई, नीलकमल शुक्ला, उपेंद्र कुमार, संजीत यादव, अमितेश रंजन, रामाकांत प्रसाद, मोरध्वज पांडे सहित अन्य पत्रकार साथी मौजूद थे।

## बिजली की लचर व्यवस्था में सुधार को ले भाजयुमो नेता ने विद्युत महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की लचर व्यवस्था को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक टीम ने मंगलवार को विद्युत महाप्रबंधक मेदिनीनगर से मिलकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में 23 से 24 घंटा विद्युत आपूर्ति बहाल करने, हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड के सब स्टेशन को 14 मेगा वाट विद्युत आपूर्ति करने, ओवरलोड की समस्या से निजात के लिए हरिहरगंज सब स्टेशन में 10 [illegible] का पावर ट्रांसफार्मर लगाए जाने, शहरी क्षेत्र के जर्जर तार एवं बिजली पोल को अविलंब बदलने की मांग की गई । वहीं भाजयुमो नेता राजीव रंजन ने बताया कि महाप्रबंधक द्वारा दो से तीन दिनों में हरिहरगंज व पिपरा को पर्याप्त बिजली मिलने लगेगी । तथा दो माह के अंदर हरिहरगंज सब स्टेशन को पावर ट्रांसफार्मर देने के साथ ही जर्जर तार एवं पोल को शीघ्र बदलने का आश्वासन दिया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में राजीव रंजन के साथ मृत्युंजय प्रसाद सिंह, विनोद पासवान, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, शंभू यादव, दिनेश पासवान शामिल थे।

## पहली बार छात्रों ने करीब से देखा तारामंडल



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड के चेड़ाबार स्थित यूफोरिया 21st सेंचुरी विद्यालय में सभी विद्यार्थियों को पृथ्वी के भौगोलिक अध्ययन के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा निःशुल्क एवं आकर्षक प्लैनेटेरियम (तारामंडल) शो का आयोजन किया गया। यह शो रांची के जेमिनी प्लैनेटेरियम के द्वारा पलामू में पहली बार आयोजित किया गया। पहली से 8 वीं कक्षा तक वाले इ, विद्यालय के लगभग 350 बच्चों ने आज खगोल विज्ञान को बहुत पास से देखा और समझा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए यह आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक तिवारी ने कहा कि छात्रों के बौद्धिक विकास हेतु इस प्रकार का आयोजन हमेशा किया जाता रहेगा।

# नए उपायुक्त शशि रंजन ने कार्यालय में लगाया पहला जनता दरबार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पहली जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी निवासी बेबी देवी, रूबी देवी, सबिता देवी, मीना देवी, नीलम देवी, सुषमा देवी ने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास देने की गुहार लगाई। इसी तरह मेदिनीनगर प्रखंड क्षेत्र के चंचला कुमारी और रीता कुमारी ने उपायुक्त से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ देने की गुहार लगाई। इसी तरह तरहसी थाना क्षेत्र के बिनोद कुमार सिंह ने उपायुक्त से पलामू जिला के तरहसी प्रखण्ड में एफपीओ के गठन में अनियमितता की शिकायत करते हुए जांच करवाने की मांग किया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

**तुलसीदास डिग्री कॉलेज में कैंपस सलेक्सन शिविर आयोजित**

# शिविर में 60 युवकों का एसआईएस ने किया चयन, दिया गया नियुक्ति पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** रेहला-बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सभागार में केंपस सलेक्शन हेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन कॉलेज के सचिव डॉ शशि नाथ चौबे व प्राचार्य संतोष कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कॉलेज के बतौर प्रतिनिधि नामधारी कॉलेज के भूगोल विभागाध्यक्ष अरविंद कुमार व विनोद पाठक तथा एसआईएस के राजेश गुप्ता उपस्थित थे.शिविर में सबसे पहले छात्रों को एसआईएस के पदाधिकारियों द्वारा भर्ती प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इसके बाद छात्रों का निबंधन कराया गया। जिसके बाद भर्ती प्रक्रिया आरंभ की गई। सभी मानकों और मापदंडों को पूरा करने वाले 60 छात्रों का चयन हुआ। जिनको शिविर में ही नियुक्ति पत्र भी दे दिया गया.सभी छात्रों को एक सप्ताह के अंदर बेलचांपा स्थित एसआईएस प्रशिक्षण केंद्र में बुलाया गया है, जहां कागजातों के जांचोपरांत सभी को सीधे भर्ती किया जायेगा। मौके पर कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक शशि रंजन सिंह, प्रो कृष्ण कुमार चौबे, डॉ श्याम मिश्रा, रंजन दुबे, राकेश शुक्ला, रामजी चौबे, संतोष शुक्ला, ज्योति कुमारी, आशा कुमारी, देव प्रकाश पांडे, अमित कुमार, आशीष पांडे, दिलीप चौबे, जितेंद्र पाठक, रामेश्वर राम, राधिका रमन, संजय पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## गैस सिलेंडर ब्लास्ट की घटना में घायल हुए लोगों में एक और मौत, मृतकों की संख्या दो हुई

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द निवासी आजम रिजवी के घर पिछले 24 जुलाई को हुई एलपीजी गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने की घटना के घायलों की लगातार मौत हो रही है। इस बीच रांची में इलाजरत 35 वर्षीय अख्तर अली ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। वह अररूआ खुर्द निवासी अकबर अली का पुत्र था । उक्त घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। इससे पहले सोमवार को 40 वर्षीय मोहन लाल की मौत हुई थी। मालूम हो कि उक्त घटना में सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इनमें चार का अभी भी रांची में तथा पटना में इलाज चल रहा है। समाजसेवी सह झामुमो नेता अतहर हुसैन ने बताया कि गंभीर स्थिति को देखते हुए जख्मी रौशन कुमार को बनारस ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया गया है। वहीं बुधवार को मृतक अख्तर अली को मिट्टी मंजिल की रस्म पूरी की जाएगी । सिलेंडर ब्लास्ट की घटना में लगातार हो रही मौत से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

## पंडवा में कार्यरत अनुसेवक अनिल तिवारी को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** प्रखंड कार्यालय पंडवा में कार्यरत अनुसेवक अनिल तिवारी की सेवानिवृत्ति के बाद मनरेगा, प्रखंड सह अंचल कर्मियों द्वारा प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित की गई। विदाई समारोह में अनुसेवक अनिल तिवारी को पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद शांल देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि 31 जुलाई को अनुसेवक अनिल तिवारी अपने सर्विस के 60 वर्ष पूरा होने पर सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त प्रखंड के प्रखंड, अंचल और मनरेगा कर्मी की ओर से उन्हें शूटकेश, फूल माला देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि सेवानिवृत्त के बाद बाकी के समय अनिल जी अपने बाल बच्चों के साथ अपने सगे संबंधियों के साथ जीवन को और बेहतर समय देकर लंबा जीवन जी सकते हैं। उन्होंने कहा कि सर्विस पीरियड में बेदाग रिटायरमेंट होना सबसे बड़ी बात होती है। इस मौके पर बीपीओ स्वीटी सिन्हा, सीआई उमेश्वर यादव, बीपीआरओ मनोज कुमार मिश्रा, प्रखंड कर्मियों में राजू मिंज, संजीव कुमार गुप्ता, अभिषेक सिंह, बबलू सिंह, पंचायत सेवक कमला प्रसाद, नरेंद्र पांडे, समेत प्रखंड, अंचल और मनरेगा कर्मी कर्मी के साथ किसान मित्र उपस्थित थे।

# बीस सूत्री बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारी कर्मचारी के साथ उनके विभागों द्वारा संचालित योजना के प्रगति की समीक्षा किया गया.बैठक में नगर पंचायत के नगर प्रबंधक द्वारा बताया गया कि दुकानों के संचालन हेतु फूड लाइसेंस सीएस के कार्यालय से निर्गत होता है. नगर पंचायत कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाता है.उन्होंने कहा कि सब्जी बाजार में प्रतिदिन सफाई होता है. सफाई हेतु तीन ट्रैक्टर उपलब्ध है.अध्यक्ष श्री चौबे ने निर्देश देते हुये कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में खराब पड़े सभी स्ट्रीट लाइट को जल्द ठीक करा कर चालू कराया जाये. नगर प्रबंधक ने कहा कि मॉडलर शौचालय है जो कि पानी के अभाव में बंद है.अध्यक्ष ने बरसात के मौसम को देखते हुए फागिंग मशीन से स्कूल तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में प्राथमिकता के आधार पर मच्छरों को भगाने हेतु फागिंग कराने का निर्देश दिया.सांसद प्रतिनिधि ने सभी केसीसी ऋण धारकों को शत प्रतिशत डेबिट कार्ड देना सुनिश्चित करने, सभी बैंक को उनके द्वारा संचालित सीएसपी की सूची विवरण सहित शनिवार तक कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया.साथ ही सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि आवास के लाभुकों का राशि केसीसी लोन में नहीं काटेंगे. बैठक में निर्देश दिया गया।

## अनावृष्टि ने किसानों की तोड़ी कमर, धान के बिचड़े सूखे, भदई फसल भी बर्बाद

**➲जिला पार्षद ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, पलामू को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** अनावृष्टि के कारण बिश्रामपुर,पांडू,उंटारी,पांडू प्रखंड सहित पूरे पलामू जिला में अकाल की स्थित उत्पन्न हो गई है.धान के बिचड़े सुख चुके हैं,भदई फसल भी बर्बाद हो चुका है.पिछले वर्ष भी मानसून ने यहां के किसानों के साथ दगाबाजी की थी.जिसके कारण किसी भी फसल का उपज यहां नहीं हो पाया था.इस वर्ष तो सामान्य से भी बहुत कम वर्षा हुई है.इधर बिजली की आंख मिचौली तो किसानों को दोहरी मार झेलने को विवश कर दी है.अगर बिजली की नियमित आपूर्ति मिलती तो किसान धान के बिचड़े का पटवन कर बचाने का प्रयास करते.ताकि दस पंद्रह दिनों के अंदर अच्छी बारिश हो जाती तो रोपनी शुरू कर सकते थे.लेकिन बिजली विभाग ने भी किसानों की व्यथा को नही समझा.मानसून और बिजली विभाग



के इस बेरुखी से यहां के किसानों की कमर टूट चुकी है.हालत यह है कि यहां के किसान खेती बाड़ी का काम छोड़कर अन्य प्रदेशों में मजदूरी करने हेतु पलायन कर रहे हैं.इसी बीच वरीय भाजपा नेता सह उंटारी जिला पार्षद अरविंद सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है.श्री सिंह ने पत्र के माध्यम से यहां के किसानों की पीड़ा से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए पलामू जिला को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग की है.उन्होंने कहा कि सरकार तत्काल सर्वे कराकर पलामू में राहत कार्य शुरू करे.यहां के किसानों के लिए राहत का कोई विशेष पैकेज जारी करे.किसानों को अपने प्रखंड में ही रोजगार भी मुहैया कराए ताकि उनका पलायन रुक सके.

## सेविकाओं को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में मंगलवार को सभी सेविकाओं का ऐप के माध्यम से मानसिक रूप से पीड़ित बच्चों को कैसे पठन-पाठन का कार्य कराया जाये इससे सम्बंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया.सेविकाओं को जिले से आये कामेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया.प्रशिक्षक कामेश कुमार ने सेविकाओं को ऐप के माध्यम से मानसिक रूप से पीड़ित बच्चों को पठन पाठन कार्य कराने के लिए सेविकाओं को अभिभावकों से मिलकर उनके मोबाइल में ऐप डाउनलोड कर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का तरीका बताया. उन्होंने उपस्थित सेविकाओं को गर्भवती महिलाओं का ऑनलाइन एंट्री करने तथा राशन सहित अन्य सुबिधायें उपलब्ध कराने के लिए जानकारी दिया। प्रशिक्षण में जिला से आये अभिनव कुमार, दुर्गेश कुमार, सत्यम कुमार, बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिकाये माया गुप्ता, दीपा कुमारी, शोभा कुमारी, आरती देवी, सेविका कौशल्या देवी, तारा देवी, शीला देवी, सरस्वती देवी, पूजा कुमारी, संगीता देवी, वीणा देवी, बबिता देवी सहित बड़ी संख्या में सेविकाएँ उपस्थित थीं।

# अमरुद उत्पादन कर नये कृतिमान स्थापित कर रहे हैं हरिहरगंज के किसान : कर्नल संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखंड क्षेत्र के सरसोत पंचायत वर्तमान में अमरूद उत्पादन के लिए विख्यात है। पूरे जिले में इसकी चर्चा हो रही है। सिंचाई का पूरा व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां के किसान रवि और खरीफ फसल को छोड़ फलों के खेती में अपना समय दे रहे हैं। क्षेत्र भ्रमण के दौरान भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ0 संजय कुमार सिंह सरसोत के लुकुआ मौजा स्थित अमरूद बागान पहुंचे और वहां के किसानों से मिले।इस दौरान कर्नल संजय सिंह ने बताया कि खेती किसानी अर्थव्यवस्था का मेरुदंड है प्रत्येक देश का विकास कृषि उत्पादन पर निर्भर है महामारी के दौरान खेती किसानी ही भारत की बड़ी आबादी के लिए ईंधन का काम किया है। हालांकि इस बर्ष बारीश नहीं होने की वजह से खरीफ और दलहन फसलों का उत्पादन प्रभावित हुआ है और सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद भी यहां के किसानों ने अमरूद का पैदावार कर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने स्थानीय किसान विजय कुमार मेहता जी का सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने अपनी लगन और मेहनत से इस बंजर भूमि में अमरूद का खेती कर दिखाया यह पूरे पलामू के लिए गर्व की बात है। यहां की अमरूद की आसपास के राज्यों में भारी डिमांड है। हालांकि किसान विजय मेहता ने बताया कि इस बार बारिश नहीं होने और बिजली की लचर व्यवस्था के कारण अमरूद की खेती बहुत प्रभावित हुई है। पौधे में लगे फूल सूखकर गिर गए जिसके चलते लगभग पचास लाख रुपए का नुकसान हुआ है। किसान अपने दम पर खेती करने को मजबूर हैं सरकार की तरफ से ना तो कोई सब्सिडी दी जा रही है और ना ही भरपूर बिजली मुहैया कराया जा रहा है। सरकार के उदासीन रवैया से किसानों में भारी रोष है। किसान घनश्याम विश्वकर्मा, अखिलेश मेहता ने बताया कि उनलोगों ने भी यहां पर लगभग 50 एकड़ में अमरूद का पौधा लगाना शुरू कर दिया है। लेकिन समुचित बिजली नहीं मिलने के कारण हमें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कर्नल संजय सिंह से इस समस्या का समाधान करने का आग्रह किया।

# आयुष्मान पखवाड़ा के तहत विश्रामपुर में 30 लोगों को मिला आयुष्मान कार्ड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत संचालित आयुष्मान पखवाड़ा के तहत मंगलवार को बीडीओ प्रशांत हेम्ब्रम ने 30 नए लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड वितरित किया। यहां बताते चलें कि पूरे राज्य में 21 जुलाई से चार अगस्त तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के तहत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत सभी गुलाबी, पिला और हरा राशनकार्ड धारकों को आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है.इससे उन्हें पांच लाख तक प्रति वर्ष, प्रति परिवार मुफ्त इलाज हो सकेगा। लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड वितरित करते हुए विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत हेम्ब्रम ने कहा कि गरीब परिवारों के लिए यह योजना काफी लाभदायक सिद्ध हो रहा है.अब अर्थाभाव के कारण गरीब परिवार के मरीजों की असमय मौत नहीं होगी। उन्होंने प्रखंड के वैसे सभी कार्डधारकों से अनुरोध किया है जो अभी तक इसके लाभ से वंचित हैं, वे भी अपना आयुष्मान कार्ड बनवा ले। मौके पर विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के राजन बघेल सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## भटके मन को एक जगह केन्द्रित करके बांध लेने का नाम है योग : जीयर स्वामी



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन में श्री श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि शुकदेवजी महाराज से राजा परीक्षित ने पुछा की ये हमारे भावना आएंगे कैसे. तो सुकदेव जी महाराज ने कहा कि इसके लिए योग को करना पडेगा. तो फिर प्रश्न किया कि योग कितने हैं किसे कहते हैं. योग केवल इतना ही नही की सांस को लेना फिर छोड़ना. यह केवल स्वास्थ्य लाभ के लिए अच्छा है. लेकिन इतने से हम योग के अधिकारी हो जाएंगे यह बात नही है.योग का अर्थ है कि हमारा मन, चित् बुद्धि कहीं भटक गया है, कहीं अटक गया है, उसको चारो तरफ से केन्द्रित करके, पकड़ करके, समझा करके और एक जगह ला करके बांध लेना इसी का नाम है योग.चित की चंचलता को रोका नही जा सकता.उन्होंने बताया कि चित् की चंचलता को रोका नही जा सकता है. मोड़ा जा सकता है. इसको दुसरे जगह ट्रांसफर किया जा सकता है.प्रतिस्थापित किया जा सकता है. जो चीज नही रूकने वाला है उसे कैसे आप रोक सकते हैं. इसलिए मन को लगाना है तो वहां लगाइए जिसने पुरे संसार को बनाया है. उन्ही में अपनी चित् की चंचलता को लगा दीजिए. और जब जब मन करता है कुछ गुनगुनाने की तो मुरली वाले के नाम को गाइये.घुमने की इच्छा हो तो क्लब में मत जाइये. बल्कि विन्ध्याचल, अयोध्या, मथुरा, काशी चले जाइये. ऐसा करने से एक न एक दिन जो गलत प्रक्रियाओं में लग गया है वह अगत्या मुड़ जाएगा और मुड़कर हमेशा-हमेशा के लिए उससे अलग हो जाएगा.जीवन निर्वहन के क्रम में अपनी आवश्यकताओं को कम करते हुए न्यूनतम साधन एवं संसाधनों का उपयोग करना चाहिए. इसी में स्वहित एवं राष्ट्रहित समाहित है. वस्तुओं का अत्यधिक मात्रा में उपयोग से उनका दुरूपयोग होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल को भेजा गया होटवार जेल

**रांची।** न्यूक्लियस मॉल के मालिक और देश की सेवा करनेवाले सैनिकों की जमीन हड़पने वाले बिल्डर विष्णु अग्रवाल को की सुरक्षा के बीच मंगलवार को रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में प्रस्तुत किए जाने जे बाद विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता ने याचिका दाखिल कर कहा कि गिरफ्तार करने का क्या आधार है इसकी जानकारी नहीं दी गई है। जिसपर ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि उनके पास विष्णु अग्रवाल की गिरफ्तारी का ठोस आधार है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### जन-जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रांची।** मंगलवार को झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के तीसरे दिन हंगामें के बीच दो बार सदन को स्थगित किया गया। विपक्षी विधायकों सदन को चलने नहीं दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने एक बार 12.30 व दूसरी बार 2 बजे तक के लिए सदन को स्थगित कर दिया। लेकिन इस दौरान सरकार अपना कार्य करती रही। सदन ठप होने के बाद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता के लिए झारखंड विधानसभा परिसर से एलईडी युक्त प्रचार-प्रसार वाहनों के परिचालन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इसका मौके पर झारखंड विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख,मंत्री आलमगीर आलम, विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री हफीजुल हसन अंसारी सहित कई विधायक गण उपस्थित थे।

# विधायिका की कार्य-प्रणाली और सदन की अनूठी खूबियों से अवगत हुए छात्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अनुभव आधारित शिक्षा व ज्ञानार्जन की कड़ी में मंगलवार को डीपीएस बोकारो के 50 विद्यार्थियों के दल ने झारखंड विधानसभा का भ्रमण किया। ये विद्यार्थी विधानसभा के मानसूत्र सत्र का भी साक्षी बने। वे विधायिका की कार्यप्रणाली तथा नए विधानसभा परिसर की अनूठी खूबियों से अवगत हुए। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो से भेंट की। महतो ने बच्चों से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की और इस प्रकार का भ्रमण उनके बौद्धिक विकास में सहायक बताया। बच्चों से अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि वह पहले एक शिक्षक थे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थी विधानसभा के मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण तथा रांची के उपायुक्त एवं डीपीएस बोकारो के पूर्ववर्ती छात्र राहुल कुमार सिन्हा से भी मिले। बच्चों ने वहां सदन के अंदर विधानसभा में अनुपूरक बजट पर हो रही चर्चा भी सुनी। उन्होंने जाना कि किस प्रकार विधानसभा सदस्यों की अनुपस्थिति में 21 विभिन्न समितियां काम करती हैं। प्रकृति की मनोरम छटा के बीच 39.4 एकड़ में फैले देश के पहले और सबसे ऊंचे गुंबद वाले विधानसभा भवन की स्थापत्य-कला, झारखंडी संस्कृति की सतरंगी झलक बिखेरती इमारत तथा उन्नत तकनीकी सुविधाओं से रू-ब-रू होकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे। उन्हें विधानसभा के सभी क्षेत्रों का भ्रमण कराया गया। उन्होंने कमेटी लाउंज, सीएम कॉरिडोर, सेंट्रल लॉबी, सत्ता पक्ष लॉबी, विधानसभा कैंटीन, अर्थशास्त्र, राजनीति-शास्त्र, भूगोल-शास्त्र सहित कई विषयों की किताबों के संग्रह वाली लाइब्रेरी और नॉर्थ व साउथ पोर्टिको का दौरा किया। उन्होंने पूरे विधानसभा का 3डी मॉडल भी देखा। जल-संचयन एवं सौर-ऊर्जा से होने वाली विद्युतापूर्ति के बारे में जानना भी उनके लिए रोचक रहा। वहां गए बच्चों ने कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा।

# मांस का अवैध व्यापार और गो हत्या पर अविलंब रोक लगाए सरकार : भाजपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बढ़ते गौ हत्या व गौ मांस के व्यापार पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने हेमंत सरकार को जिम्मेवार ठहराते हुए कहा कि प्रदेश में गोकशी और गो मांस के अवैध व्यापार के साथ साथ अवैध व्यापार करने वालों का भी मन बढ़ गया है। हेमंत सरकार की तुष्टिकरण की नीति के कारण अवैध व्यापार करने वाले क़ानून अपने हाथ में लेकर कार्य कर रहे हैं। यहाँ तक कि पुलिसिया तंत्र को भी ठेंगा दिखलाते हुए अवैध रूप से व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ताजा मामला जामताडा को ही देख लिया जाये तो स्पष्ट है कि गोकशी का विरोध करने पर युवक को ही उल्टे पिट दिया गया। हेमंत सरकार में इसी तरह से प्रदेश के जिलों में घटनाएँ घट रही है। गो हत्या व गो मांस का अवैध व्यापार करने वालों का विरोध करने पर वे हमला बोल रहे हैं। इन मामलों में सीधे हेमंत सरकार की नीति दिखायी देती है। सरकार और उनके विधायक बहुसंख्यक समाज के आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। विधायक इरफ़ान अंसारी ने जिस प्रकार से माथे पर लगे तिलक को हटाया वह उसी का प्रतीक है। सिन्हा ने कहा कि आदिवासी सरकार का दंभ भरने वाली हेमंत सरकार ने तुपुदाना ओपी प्रभारी एसआई संध्या तोपनो की हत्या के आरोपियों को सजा नहीं दिला पायी है। आदिवासी संध्या तोपनो को अवैध गो मांस की व्यापार करने वालों द्वारा गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध व्यापार करने वालों को खुली छूट मिली है। थानों में इंट्री देकर अवैध गोकशी के लिये ले जाने वाली गाड़ियों को पास करायी जाती है। उन्होंने कहा हेमंत सरकार गो मांस का अवैध व्यापार और गो हत्या पर अविलंब रोक लगाए।

## ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने आर्च विशप फेलिक्स टोप्पो को राखी बाँधी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आर्च विशप हाउस में ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने आर्च विशप फेलिक्स टोप्पो को राखी बाँधी तथा आत्म स्मृति का तिलक दे, उन्हें परमात्मा का संदेश दिया गया। ब्रह्माकुमारी निर्मला ने कहा परमात्मा सर्व धर्म की आत्माओं को पावनता की राखी बाँधकर पवित्र भव, योगी भव की प्रतिज्ञा करा रहे हैं। हम पवित्र बनने से माननीय और पूज्यनीय बन सकते हैं। राखी के पवित्र धागों का रहस्य बताते हुए निर्मला बहन ने कहा मनोविकारों से रक्षा परमात्मा राखी द्वारा करते हैं। आत्म स्मृति का तिलक लगाने से आत्मा समर्थ बन जाती है। उसके बाद ही मधुर मीठे सुखदायी परमत्म शिक्षा के बोलों की निठाई खाने का महत्व है। विशप ने राखी बंधवाई आत्म स्मृति का तिलक लगवा कर ब्रह्माकुमारी निर्मला को धन्यवाद दिया।

# कैंसर को तत्काल अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में डाला जाए : संजय सेठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में नियम 377 के तहत कैंसर को अधिसूचित बीमारी की सूची में डालने से संबंधित मामला उठाया। उन्होंने लोकसभा में कहा कि कैंसर की बीमारी देश की बड़ी समस्या बन चुकी है। देश में यह जिस गति से बढ़ रही है, वह भयावह है। इस दिशा में हमें ठोस काम करने की आवश्यकता है। सांसद ने यह जानकारी प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी है। सेठ के मुताबिक, उन्होंने आंकड़ों पर चर्चा करते हुए कहा कि सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत में औसतन हर नौवें आदमी को कैंसर है। नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के आंकड़े का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि साल 2018 से 2022 के बीच भारत में साढ़े 38 लाख से भी अधिक कैंसर मरीजों की मौत हुई है। झारखंड में भी इसी दौरान 93 हजार 648 लोगों की मौतें कैंसर से हुई हैं। उन्होंने संसद में अनुरोध किया कि कैंसर की भयावह स्थिति के मद्देनजर इसे तत्काल अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में डाला जाए। इससे हम हर केस की ट्रैकिंग कर सकेंगे और फिर हमारे पास सटीक आंकड़े भी होंगे। इससे हम कैंसर से अधिक मजबूती से लड़ पाएंगे। कैंसर से संबंधित मामलों के लिए बनी संसदीय समिति पहले ही इसकी सिफारिश कर चुकी है।

# नागपुरी एलबम तोरे प्यार में सजनी 7 अगस्त को होगी रिलीज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नागपुरी एलबम तोरे प्यार में सजनी 7 अगस्त को रिलीज किया जाएगा।

इस एलबम के नायक विवेक और नायिका प्रिया वर्मा,भूषण हैं।एलबम निर्माता डी.पी,लिखित एवं निर्देशित - भूषण नायक, संगीत दिए हैं विवेक नायक,गीतकार एवं संगीतकार भूषण नायक, गायक विवेक नायक,मिक्स एंड मास्टरिंग नीलेश सोनी, बीओपी जोसेफ पूर्ती,ड्रोन अंशु वहीं कलाकार हैं सन्नी, अंशु, अर्जुन,अमर, रमेश हैं। मेकअप मोहन और ड्रेस शाहील हैं। विवेक नायक ने बताया कि एल्बम का गाना काफी अच्छा बना है म्यूजिक भी अच्छा है और इससे




लोग पसंद कर रहे हैं 7 तारीख को विधिवत रूप से इसे रिलीज किया जाएगा।

# बैंक ऑफ इंडिया ने स्टाफ सदस्यों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड ने अपने पांचों अंचलों; राँची, जमशेदपुर, बोकारो, धनबाद और हजारीबाग के लिए राज्य स्तर पर आयोजित मार्केट चैंपियन अभियान में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शाखा प्रमुख, मार्केटिंग प्रमुख, ऋण प्रसंस्करण केंद्र प्रमुख, उप आंचलिक प्रबंधक और आंचलिक प्रबंधक को सम्मानित किया।

बैंक ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय बैंकिग समूह-झारखंड के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि आज हमने पूर्व में किए प्रदर्शन के आधार पर 58 स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया। साथ ही साथ आज हमने नई व्यवसाय रणनीति के तहत ग्लिटिरिंग स्टार्स ऑफ झारखंड (झारखंड के उभरते सितारे) नाम से एक नए खिताब की शुरुआत की है।

जिसका मुख्य उद्देश्य दूसरी तिमाही में विभिन्न पैरामीटर जैसे कि खुदरा, कृषि, एसएमई इत्यादि क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर स्टाफ सदस्यों को पुरस्कृत किया जाएगा।

महाप्रबंधक मनोज कुमार ने जोर देकर कहा कि हमारा एकमात्र उद्देश्य झारखंडवासियों को ऋण उपलब्ध कराकर उनको कारोबार में मदद करना है, उनके निजी जरूरतों और मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखकर अपनी सेवाएं देनी हैं। रणवीर सिंह, उप महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति-झारखंड ने सभी विजेताओं को बधाई दी। मौके पर संजीव कुमार सिंह, आंचलिक प्रबंधक, राँची अंचल, जी के चौदापुनिदी, आंचलिक प्रबंधक,बोकारो अंचल, विरेंद्र कुमार पांडेय, आंचलिक प्रबंधक, धनबाद अंचल, बी वी के किशोर, आंचलिक प्रबंधक, हजारीबाग अंचल, के एस वी चंद्रमौलि, आंचलिक प्रबंधक, जमशेदपुर समेत पूरे झारखंड से बैंक के लगभग 270 स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# बेटी की शादी में नगद राशि देकर की मदद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** किस्को बाजार टांड़ के समीप में खिदमते खल्क हाजी कमेटी कीस्को लोहरदगा की बैठक केंद्रीय महासचिव हाजी यूसुफ अंसारी के सदारत में हुई। जिसमें मुख्य रूप से कमेटी के सरपरस्त हाजी शमसुद्दीन अंसारी, हाजी कयामुद्दीन, हाजी अमानत एवं हाजी मनिरुरुद्दीन मौजूद रहे। इस मौके पर कमेटी के सरपरस्त हाजी शमसुद्दीन अंसारी ने कहा कि कमेटी गरीब, बेसहारा, दिव्यांग एवं बेवा औरतों को मदद करना ही असली समाज सेवा है। समाज के वंचित अपेक्षित वर्ग के लोगों को हर तरह से कमेटी की ओर से मदद करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। चाहे गरीब की बेटी



की शादी हो या फिर गरीब का इलाज कराना हो। सभी कार्यों में खिदमते हल्क हाजी कमेटी बढ़-चढ़कर मदद कर रही है। आगे भी लोगों के मदद के लिए पहल करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घटनाओं के शिकार समाज के कई ऐसे व्यक्ति दर-दर की ठोकरें खाते हाथ फैलाए फिरते नजर आते हैं हमें उन्हें सामूहिक रूप से मदद पहुंचाया जाना चाहिए इसके लिए सामाजिक संस्था की ओर से एक मुहिम चलाकर बैतूल माल इकट्ठा करने की जरूरत है। सरकार से भी इसकी मांग रखनी चाहिए। इसके अलावा इस मौके पर समाज सेवा के गर्ज से एक गरीब बेटी की शादी की खर्च को लेकर कमेटी की ओर से नगद राशि देकर मदद पहुंचाया गया। साथ ही एक अन्य गरीब व्यक्ति को भी मदद पहुंचाया गया। मौके पर हज्जिन शायरा खातून, शकीला खातून, सहित अन्य मौजूद थी।

# मुसलमानों के मसाइल पर आमया संगठन की इंटेलेक्चुअल मीट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सवाल और मुसलमानों के मसाइल पर प्रेस क्लब रांची में आमया संगठन द्वारा आयोजित मुस्लिम इंटेलेक्चुअल मीट की अध्यक्षता करते हुए एस अली ने कहा कि स्थानीय व नियोजन नीति बिना झारखंड अधूरा है इसकी मांग झारखंडियों के हक-अधिकार, रोजगार और विकास से जुड़ा है, बिना इसे लागू किये नियुक्ति शुरू करना झारखंडी युवाओं के अधिकार छीनने जैसा है।

उन्होंने कहा कि बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 के तहत झारखंड के मुस्लमानो को जो अधिकार मिलना था उससे वंचित किया गया है।

संथाल परगना के जहरीउद्दीन अंसारी ने कहा कि संथाली मुस्लिम की स्थिति दयनीय है पूरे संथाल परगना प्रमंडल के मुस्लिम क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास जैसे मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और बड़ी आबादी रोजगार के लिए दूसरे राज्य पलायन करते है।कोलहान प्रमंडल के आमिर रसीद,बोकारो के अनवर राही, नौशाद आलम, इमरान अंसारी, एकराम हुसैन, ओरगजेंब आलम, शाहिद अफरोज, अफताब आलम, जावेद अंसारी, मोदस्सीर अहरार,अबु रेहान, मो हारिश, जान मोहम्मद, अकरम अंसारी, मौलाना फजलूल कदीर, अंजुम खान, आसीफ अंसारी, अफताब जुनेजा, मो नसीम, असलम अंसारी, तहमीद अंसारी, आसिफ रूहहुल्ला, सईद अंसारी, मुजाहिद अंसारी, अखतर अंसारी, शाहबाज आलम, शम्स कमर, नेयाज अहमद, सद्दाम हुसैन आदि ने भी बातें रखा।

## क्यू टीवी पर फिर एक बार धूम मचाने आ रहा है एक नन्हा भूत

**रांची :** भारत के प्रमुख यूथ हिंदी एंटरटेनमेंट चैनल क्यू टीवी ने दर्शकों के लिए अनोखी और लाजवाब कहानियाँ पेश करना जारी रखते हुए अपने चर्चित शो भागो भागो भूत आया को अपने बाल दर्शकों के लिए फिर से लॉन्च करने की घोषणा की है। चैनल ने बच्चों और युवा वर्ग में शो के प्रमुख किरदारों, नन्हे व आदित्य की लोकप्रियता और भारी डिमांड को देखते हुए लिया है। शो के शरारती भूत के साथ मनोरंजक कॉमेडी का मजा सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे डीडी फ्री डिश के क्यू टीवी पर उठा सकेंगे।

# नमाज बचाने के लिए इमाम हुसैन ने सिर कटा लिए : रिजवान उल होदा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कर्बला की जंग कोई मामूली जंग नहीं थी,यह एक ऐतिहासिक जंग है। हालांकि इतिहास के पन्नों में कई जंगे दर्ज है, लेकिन कर्बला की जंग के सामने सभी जंग सभी, लड़ाईयां कमजोर और फीकी है । क्योंकि यह एक एसी जंग थी जिसमें नबी सल्लल्लाहो ताला वलैह वसल्लम के नबुवत को बचाने के लिए, बुराई को खत्म कर सच्चाई को जिंदा रखने के लिए, गलत हाथो में इस्लाम न चली जाए ,इसे बचाने के लिए लड़ी गई जंग थी। एक ऐसी जंग जो नमाज बचाने के लिए लड़ी गई थी। नावाशा ए रसूल इमाम हुसैन रजि. अपना सिर सजदा में कटा कर मुस्लमानों के लिए नमाज बचा लिए , जिनकी शाहदत न कोई भूला है और न ही आने वाली नस्ल भूल पायेगी। उक्त बयान कांटाटोली पुरुलिया रोड स्थित सोहदा ए कर्बला कांफ्रेंस के दौरान इमाम ओ खतीब कारी रिजवान उल होदा ने की। उन्होंने कर्बला के वाकया पर तकरीर कर रहे थे। जब उन्होंने इमाम हुसैन के 72 साथियों और कर्बला की जंग और इमाम हुसैन की शहादत की जिक्र किए तो सुनने वालों की आंखें भर आई, मानो वह ऐतिहासिक मंजर सुनने वालों के आंखों के सामने आ गया हो। वहीं मुफ्ती अब्दुल मालिक मिस्बाही ने कहा कि जब इमाम हुसैन रजि. की मुबारक सिर को लेकर यजीद के लश्कर जब अपने घर पहुंचा तो उस लश्कर की पत्नी ने पूछा यह सिर किनका है तब उसका पति ने कहा कि एक बागी का है, लेकिन कुछ ही देर बाद जब उसकी पत्नी ने उस कमरे में रखे गए मुबारक सिर को देखा तो पूरा कमरा रौशन हो चुका था और औरतें बाहर रो रही थी , तब उन्हें पता चला कि वह मुबारक सिर इमामे हुसैन रजि. का है, औरत ने तुरंत अपने गुस्ताख़ पति को छोड़कर चली गई। इसके अलावा इस सोहदा ए कांफ्रेंस में कई मौलाना, मुफ्ती ने तकरीर की ।इस मौके पर झारखंड, बिहार के जाने-माने मौलाना,ओलेमा, मुफ्ती उपस्थित हुए। मुख्य रूप से मुफ्ती अब्दुल मालिक मिस्बाही, मौलाना कारी रिजवान उल होदा, मौलाना वारिस जमाल किबला, शायर ए इस्लाम अलहाज दिलकश रांचवी, कारी कैंसर रज़ा, कारी अब्दुल रहमान नस्तर और नकीब रेहान रज़ा, कांटा टोली जामा मस्जिद के इमाम ओ खतीब मौलाना मंजूर हसन बरकाती सहित कई मौलाना,हाफीज ने तकरीर की और नात शरीफ पढ़ा।

# भाजपा भगाओ, देश बचाओ : अतुल कुमार अंजान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक सीपीआई कार्यालय रांची में वरिष्ठ साथी राजेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान ,पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक मौजूद थे । बैठक की शुरुआत में दिवंगत साथियों के सम्मान में 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ने कहा नरेंद्र मोदी कि सरकार मणिपुर को जला रही है। वहां की महिलाओं को नंगे घुमाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश जबरदस्त संकट के दौर से गुजर रहा है । आर एस एस और बी जे पी किसी भी प्रकार से सत्ता में बने रहना चाहती है। क्योंकि 2025 में अपनी सभी वर्षगांठ सत्ता में रहकर बनाना चाहती है । वहीं दूसरी ओर देश के धन्ना सेठों से रूपया बटोर कर 2024 की लोकसभा और पांच राज्यों की विधानसभा दौलत के बल पर उस पर कब्जा करना चाहती है। बैठक में




सर्वसम्मति से राजनीतिक और सांगठनिक कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए और कई राजनीतिक प्रस्ताव पास किए गए हजारीबाग में अदानी कोल ब्लॉक को रद्द करने , 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सभी प्रखंड एवं जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने 1 सितंबर को पूरे राज्य में किसान मांग दिवस पर सभी जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करने सितंबर से अक्टूबर माह में सभी जन संगठनों के सम्मेलन करने सहित नवंबर माह में विशाल जन रैली रांची में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान ,पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, अजय कुमार सिंह, पशुपति कॉल कन्हाई माल पहाड़िया, अंबुज ठाकुर ,छाया कॉल, गणेश सिंह, गणेश महतो ,महादेव राम, के डी सिंह ,रुचिर कुमार तिवारी, जितेंद्र सिंह, हरियाणा फारुकी, प्रिया प्रवीण, सुजीत घोष, सहित कई कम्युनिस्ट नेताओं ने चर्चा में भाग लिया मौजूद थे।

# पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधान सभा स्थित धरना स्थल पर महाधरना कार्यक्रम में झारखंड विधान सभा के 7 सदस्य(मंत्री एवं विधायक) शामिल हुए। झारखंड ही नहीं देश के इतिहास में यह पहला अवसर था जब किसी पत्रकार संगठन के धरना कार्यक्रम में एक साथ 6 विधायक और एक मंत्री शामिल हुए हैं। हालंकि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को धरना स्थल के परिवर्तन की सूचना नहीं होने के कारण वे रांची के बिरसा चौक पर पहुंच कर धरना स्थल तलाश कर रहे थे। यह संगठन और संगठित होने का ही परिणाम है, यहां पत्रकार साथी किसी एक व्यक्ति के लिए संगठित नहीं हुए थे, किसी एक पदाधिकारी के लिए संगठित नहीं हुए थे। वे सब उद्देश के साथ आज खड़े थे और कल भी खड़े रहेंगे।जो भी साथी




पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग के समर्थन में आज के ऐतिहासिक महाधरना में शामिल हुए उन सभी का नाम/योगदान झारखंड में इस कानून के लागू होने पर सदैव याद रखा जाएगा। अभी सरकार से अश्वासन मिला है, हम ने मुख्यमंत्री के वादे पर भरोसा कर धरना समाप्त किया है।इस मौके पर कई पत्रकार शामिल थे।

## पिपरवार से श्रद्धालुओं का जत्था माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए हुआ रवाना

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बेंती पंचायत से सैकड़ो श्रद्धालु भक्तों का जत्था माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जम्मू रवाना हुआ।जानकारी के अनुसार बेती पंचायत के करीब 150 की संख्या मे श्रद्धालु भक्त खलारी रेलवे स्टेशन से जम्मू वैष्णो देवी कटरा के लिए रवाना हुए।इस दौरान सभी ने एक साथ जयकारा भी लगाया।इस संबंध मे श्रद्धालु भक्तो ने कहा कि माता वैष्णो देवी के दर्शन को लेकर स्थानीय भक्तो मे उत्साह का माहौल है।लंबे समय के बाद कोयलांचल क्षेत्र के श्रद्धालुओ को माता वैष्णो देवी के दर्शन का अवसर मिल रहा है।श्रद्धालुओं ने कहा कि माता वैष्णो के दर्शन के बाद क्षेत्र और राज्य की खुशहाली की कामना की जाएगी।यात्रा पर जाने वालों में मुख्य रूप से सिकेन्द्र प्रजापति,जयराम भुईयां, संतोष,केशरी,खजांची प्रजापति,कार्तिक राम,मनोज पासवान,बैजनाथ प्रजापति, तूफान भुईयां,सुरेन्द्र पासवान,नितेश प्रजापति, सूरज प्रजापति,राजेश पासवान,रामजी केशरी,राहुल केशरी,मन्नू केशरी,पवन केशरी,बलेशर गझू,नीरज केशरी,भुनेश्वर गंझु,योगेंद्र प्रजापति सहित अन्य श्रद्धालु भक्तों का नाम शामिल है।



## बचरा में युवको ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा 172 माईर्न्स कॉलोनी के नव युवकों ने कॉलोनी के मुख्य प्रवेश द्वार के समक्ष वृक्षारोपण किया। कॉलोनी के नवयुवक ने प्रवेश द्वार के समक्ष पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। वृक्षारोपण के बाद पौधा को जाली से घेराबंदी कर उसे सुरक्षित किया गया।इस संबंध में युवकों ने बताया कि वर्तमान में पर्यावरण की रक्षा को लेकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने की जरूरत है। पर्यावरण के सुरक्षित रहने पर ही इंसान भी सुरक्षित रहेगा। युवकों ने पिपरवार क्षेत्र के सभी लोगों से अपने-अपने कॉलोनी में पेड़ लगाकर इसकी देखभाल करने और पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्प लेने की अपील की।मौके पर समाजसेवी कृष्णा यादव,गोलू सिंह,गुडु सिंह, रंजन पाल,साहिल आलम, आकाश कुमार एवं अतुल सिंह सहित काफी संख्या में युवा मौजूद थे।



## पिपरवार में विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों को दी गई विदाई

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय मे विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह की अध्यक्षता पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय एवं संचालन कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय ने किया।इस समारोह मे सेवानिवृत्त होने वाले कामगारों में विद्यापति सिंह, अरुण कुमार भट्टाचार्य, सुखदेव गंझु,बिफा उरांव, जीतन महतो और श्रीमन्नु को भावभीनी विदाई दी गई।समारोह मे सेवानिवृत कर्मियों को श्रीफल,अंग वस्त्र सहित सेवा प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने सेवानिवृत्त कर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।पिपरवार एजीएम निरंजन सेनापति, अशोका पीओ संजय कुमार, एसओसी सुमन कुमार, जीएसपी शर्मा,सकील अख्तर,शिशिर गर्ग,सौमित सेनापति,ज्योति कुशवाहा, हेमचंद महतो,अरुण कुमार महतो सहित यूनियन प्रतिनिधि रविंद्रनाथ सिंह, भीम प्रसाद मेहता सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।




## पिपरवार के बचरा में महिला जिम का हुआ उद्घाटन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्टेशन रोड मे मंगलवार को हेल्दी लाईफ वुमेंश फिटनेश सेन्टर (महिला जिम) का का उदघाटन किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह उपस्थित थी।उन्होने फीता काटकर एंव नारियल फोड़कर जिम का उदघाटन किया।इस मौके पर गुंजन सिंह ने कहा कि वर्तमान के इस दौर में स्वास्थ्य शरीर का होना बहुत जरूरी है।स्वास्थ्य शरीर के लिए योगा और जिम करना अति आवश्यक है।बचरा मे महिला जिम के खुल जाने से यहां की महिलाओं को काफी लाभ मिलेगा।वहीं जिम संचालिका मुन मुखर्जी ने कहा कि कोयलांचल की महिलाओं को बेहतर सुविधा देने के लिए जिम में सभी सुविधा उपलब्ध रहेगी।यहां पर महिला प्रशिक्षकों के द्वारा जिम कराया जाएगा।उन्होंने बताया कि सुबह 5 से 8 बजे और शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक जिम का संचालन किया जाएगा।इस मौके पर गुंजन कुमारी सिंह,मून मुखर्जी,गौरी सिकदर,शुभरा बनर्जी,रीता चौहान,विशाल गुप्ता,शकंर मुखर्जी,गंगा राम, किशन सिहं,धमेन्द्र साव, डेगन प्रजापति सहित कई लोग मौजुद थे।

## सुभाशीष कॉम्पलेक्स के पहले फेज का उद्घाटन

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जामटोली रोड़ पुराना लैम्प के समीप सुभाशीष कम्पलेक्स का पहला फेज मंगलवार को पूजा अर्चना कर उदघाट्न कर किया गया। उदघाट्न हिन्दू जागरण मंच के प्रदेशमंत्री वाणी कुमार राय ने फिता काटकर किया। पूजा अर्चना मोहन सिंह व राजू सिंह ने किया। मौके पर कम्पलेक्स के संचालक पार्थो दास गुप्ता ने बताया कि कम्लेक्स में कई दुकान बनाये जा रहे हैं। द्वितीय व तृतीय फेज में कई तरह के दुकान व बैंक बनाए जाएंगे। मौके पर सुजाता दास गुप्ता, सोनाली दास गुप्ता, डा. एसपी साहु, बासु सिंह, अनिल अशोक मिंज, अर्जुन साहु, भोला भगत, पिंटु उरांव, बजरंग गोप सहित कई लोग लोग उपस्थित थे।

## तीजा खेल प्रतियोगिता आयोजित

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** यादे हुसैन मोहर्रम कमेटी कर्बलानगर,दरगाह मुहल्ला,चौक मुहल्ला, शाहगंज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीजा खेल में कोडरमा हजारीबाग गिरिडीह जिले के दर्जनों टीमों ने भाग लिया। दिनभर टीमों के द्वारा बारी बारी से लाठी,भाला,तलवार समेत कई जोखिम भरे खेलों का प्रदर्शन किया गया। खेले गए खेलों में प्रथम स्थान इस्लामिया क्लब दूल्हों ने खेल के दौरान अपना करतब दिखाते हुए पहला स्थान प्राप्त किया जिसे मुख्य अतिथि सुभाष यादव के द्वारा शील्ड व 5000 की राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं राजद के वरीय नेता सुभाष यादव ने प्रतियोगिता में भाग लेने आई सभी टीमों को अपनी ओर से दो दो हज़ार का प्रोत्साहन राशि देकर उनका हौसला अफजाई किया। मौके पर कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खिलाड़ियों ने जो भी खेल दिखाया काफी जोखिम भरे खेल थे।इस तरह के आयोजनों से लोगो को अपनी कौशलता को दिखाने का मौक़ा मिलता है। उन्होंने आयोजन कमिटी की भी काफी सराहना की। द्वितीय स्थान पर वाई एम सी क्लब माधोपुर व के जी एन क्लब गादी ने कब्जा जमाया।

## मणिपुर की घटना के विरोध में इंडिया गठबंधन के धरना में शामिल हुए खलारी झामुमो कार्यकर्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रांची राजभवन के समक्ष मंगलवार को मणिपुर की घटना के विरोध में इंडिया गठबंधन के द्वारा केन्द्र सरकार के खिलाफ आयोजित एक दिवसीय धरना में खलारी झामुमो कार्यकर्ता प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल पासवान के नेतृत्व में शामिल हुए. धरना के दौरान मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाये जाने की घटना पर विरोध दर्ज किया गया.साथ ही वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को निर्वस्त्र और उनके साथ बलात्कार जैसी घटना होने पर मणिपुर की भाजपा सरकार मुकदर्षक बनी हुई है. वहीं मणिपुर सरकार की निष्क्रियता से घटना को अंजाम देने वाले हत्यारों को मनोबल बढ़ रहा है. वहीं राज्यपाल के माध्यम से भारत के रास्ट्रपति से मणिपुर सरकार को हटा कर रास्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गयी. धरना में शामिल होने वालों में प्रखण्ड अनिल पासवान, प्रखण्ड उपाध्यक्ष सुभाष प्रजापति, संयुक्त सचिव चितरंजन सिंह, मुकेश यादव, शम्भु दास, मिन्टु सिंह, कमलेश प्रसाद, अशोक कुमार, विनय सिंह, सुधीर चैहान, हैदर अलि, कृष्णा नायक, बेलासो देवी, सीमा देवी, प्रेम केशरी, राजमुनी देवी, ललिता देवी, प्रविण कुमार, अजय कुमार, विक्की कुमार, सोनु राम सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए.



## सेंट्रल मुहर्रम कमेटी करांजी-जराटोली ने किया अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के कराँजी गांव में मंगलवार को सेंट्रल मुहर्रम कमेटी कराँजी-जराटोली के द्वारा मेला मैदान में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेला मैदान में खिलाडियों ने हैरतंगेज प्रदर्शन किया। अखाड़े में शेरे इस्लामियां मोहर्रम कमिटि कराँजी, मिल्लन क्लब ईराकी मोहल्ला, मोहर्रम कमिटि रहमत नगर, मोहर्रम अखाड़ा चांदनी चौक जराटोली, कर्बला चौक जराटोली से अखाड़ेधारी पहुंचे। जहां मोजावर लाठी, भाले, तलवार सहित उपकरणों से उत्कृष्ट और मनमोहक प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीत लिया। मेला मैदान में मंच में उपस्थित सभी अतिथियों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के अंत में आयोजन समिति के द्वारा खिलाड़ियों को पराईज देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि मुहर्रम त्याग और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा बेड़ो प्रखंड में हर त्योहार सामूहिक रूप में और हर समुदाय के लोग मिलजुल मनाते हैं, जो इस पर्व का संदेश भी है। ये पर्व आपसी भाईचारगी को मजबूती प्रदान करता है। इससे पूर्व गांव के सभी मुहर्रम कमेटियों द्वारा मुहर्रम का जुलूस निकाल कर कराँजी बस्ती घुमाया गया। जहां अपने उत्साह और प्रदर्शन से मौजूद दर्शकों को रोमांचित किया। मौके पर उपप्रमुख मोद्दसिर हक, थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम, मुखिया फ्रांसिस्का मिंज, मुखिया प्रतिनिधि बबलु खान, पूर्व पंचस अमीन अंसारी, सदर सोयब, परवेज आलम,इस्माईल अंसारी,रईफुद्दीन मिर्रदाहा, मंटा खान, सेक्रेट्री अब्दुल अंसारी, युसूफ अंसारी, जुलकरनैन अंसारी, मतिन अंसारी, तैयब अंसारी, नौसाद आलम, ऐनुल अंसारी, तैबुल, साजिद सहित कई लोग उपस्थित थे।



## भव्य कलश यात्रा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** शिव मंदिर पूजा समिति ई ई एफ कॉलोनी टाटीसिल्वे द्वारा मंदिर के वार्षिक उत्सव पर विशाल कलश यात्रा मंदिर , बैंक मोड, स्वर्ण रेखा नदी होते हुए गाजे- बाजे, कारे के साथ निकाली गई। उसके देव पूजन, रुद्राभिषेक, माता का जागरन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है । इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मधुसूदन पांडे, मनीष अग्रवाल, राकेश, विकाश, चिकु, मिकु इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जल जमाव से राहगीर परेशान, प्रशासन मौन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग के समीप मुरी रेलवे स्टेशन जाने वाली मुख्य सड़क पर बरसात का पानी जमा होने से तलाब का रुप ले लिया है। राहगीरों को इस सड़क पर चलना काफी मुश्किल हो गया है। कई बार दोपहिया वाहन वाले गिर भी चुके हैं। स्कूल के बच्चों को काफी दिक्कत हो रही है। साइकिल का चक्का गड्ढे में फंसने के कारण गिर जाते हैं तथा स्कूल के कपड़े भी गंदे हो जा रहे है। ग्रामीण बजार नहीं जा पा रहे है। गड्ढे के दोनों छोर पर काफी दुकानें हैं परंतु जलजमाव के कारण दुकानदार अपना व्यवसाय सही से नहीं कर पा रहे हैं दुकानदारों से पूछने पर बताया कि जलजमाव के कारण ग्राहक का आना जाना कम हो गया है। इस सड़क पर रोजाना सैकड़ों वाहनों का आना जाना लगा रहता है। यहाँ के प्रशासन तथा जनप्रतिनिधि का भी इस सड़क पर नजर जाती है पर कभी कुछ समाधान नहीं किया गया। बरसात का पानी निकलने के लिए नाला भी बना हुआ है परंतु साफ सफाई के अभाव से वह भी जाम हो गया है। बरसात होने से ही वहाँ तलाब बन जाता है। कितनी बार इस जल जमाव का समाचार प्रकाशित किया जा चुका है लेकिन आज तक प्रशासन द्वारा कोई भी पहल नहीं किया गया है। यहाँ के जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे हुए है।




## कॉलोनी के क्वार्टर्स में घुसा नाली का पानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी में लगातार रुक रुक कर हो रही बारिस से पुरनाडीह अंतर्गत विश्रामपुर माइनर्स कॉलोनी में नाली की पानी आवासीय क्वार्टर्स में घुस जा रहा है. जिसके कारण भोला सिंह के क्वार्टर में रखे खाद्य सामग्री खराब हो गए. क्वार्टर में पानी इतना भर गया कि कुछ समान पानी मे तैरने लगी. भोला सिंह ने बताया कि लगातार तेज बारिश होने से क्वार्टर्स में अक्सर बारिश का पानी घुस जाता है.बारिश के पानी के साथ-साथ नाली का भी पानी उनके क्वार्टर्स में घुस जाता है. उन्होंने बताया कि करकट्टा क्लब से तीसरी लाइन माइनर्स कॉलोनी में एक साईड लगभग आठ क्वार्टर्स है.इन सभी क्वार्टर्स में बरसात होती है तो नाली की पानी घुस जाता है. जिसके कारण घर मे रखे सामन सभी खराब हो जाते हैं. प्रबंधन की लापरवाही के कारण मेन लाइन की नाला करीब एक दशक से सफाई नहीं हुआ है.



## मुहर्रम के तीजा पर राय मदरसा में जलसा का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के मदरसा गौसिया रिजविया राय के प्रांगण में मुहर्रम के तीजा के मौके पर जलसा का आयोजन किया गया।जलसा की शुरुआत मौलाना सिराजुद्दीन के द्वारा कुरान पाक की तिलावत के साथ की गई,जिसके बाद बाहर से आये हुए उलेमा मौलाना एवं नातखां के द्वारा एक से बढ़कर एक तकरीर और नात प्रस्तुत किया गया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।कार्यक्रम में इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया,साथ ही उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।अंत में इमाम हुसैन की याद में फातिहा का आयोजन किया गया,जिसके बाद क्षेत्र और राज्य की अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।इस मौके पर हाफिज आलमगीर आलम, मौलाना रियाजउद्दीन, जुल्फिकार अली, जहीर अंसारी, इरफान आलम, राजू खान,मोहम्मद गोल्डेन, पप्पू खान, सादिक अंसारी, मोहम्मद हुसैन, महताब आलम, गुलाम अली, शाहनवाज आलम, नसीम अंसारी, राजा अख्तर, मोहम्मद दिलशाद, गुलाम अशरफ,मिस्टर,कमरुद्दीन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



## आमजनों की समस्या से रूबरू हुई उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** मंगलवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं उसके निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में झुमरी तिलैया के ताराटांड़ के रहने वाले अभिषेक कुमार ने उपायुक्त को अपनी समस्या से अवगत करते हुए बताया कि मेरा बच्चा गंभीर बीमारी से ग्रासित है, पैसे के अभाव में इलाज कराने में समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने सहायता राशि उपलब्ध कराने को लेकर न्याय की गुहार लगायी। उपायुक्त ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन को बच्चे के ईलाज हेतु मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये। बीरेंद्र प्रसाद ग्राम मसमोहना ने अपने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त को बताया कि मेरे पास राशन कार्ड है, लेकिन जब राशन लेने जाता हूं तो बहुत कम राशन मिलता है। उक्त मामले में उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्थल भ्रमण करते हुए मामले की जांच करते हुए उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिए। लखीबागी की रहनेवाली मंजू देवी ने अपने जमीन नापीं कराने को लेकर आवेदन दी। उपायुक्त ने अंचल अधिकारी कोडरमा को अमीन की प्रतिनियुक्ति करते हुए जमीन की नापीं करने का निर्देश दिये। राहुल कुमार ने डीसी को अपनी समस्या अवगत कराते हुए बताया कि मेरे पिता के द्वारा मेरी पढ़ाई में अवरोध पहुंचाने एवं मानसिक व शारीरिक प्रताड़ित किया जाता है। उपायुक्त ने एएसपी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त रास्ता बंद करने, आयुष्मान कार्ड समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।



## कमल केडिया के पुत्र की फैक्ट्री से चोरी का 18 लाख का पाइप बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** जिले के झुमरी तिलैया के आगे गझंड़ी रोड स्थित एक फैक्ट्री से चोरी के 18 लाख रुपए मूल्य के लोहे के पाइप बरामद किए गए हैं। बताया जाता है कि पुलिस को मिली सूचना के - बाद पुलिस टीम फैक्ट्री परिसर पहुंची और दो ट्रकों पर लोड चोरी के पाइप बरामद किए। यह पाइप जयनगर थाना अंतर्गत सतडीहा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए सतडीहा - पंचायत भवन के पास रखे गए थे, जहां से एक सप्ताह पहले चोरी कर लिए गए थे। जिस फैक्ट्री से चोरी का लोहा पाइप बरामद किया गया है वह झुमरीतिलैया के अंकित केडिया की कांटी की फैक्ट्री बतायी जाती है। गाड़ी रोड स्थित डोईयाडीह के आगे स्थित उक्त फैक्ट्री का बोर्ड और नाम सब हटा दिया गया है। ऐसे में प्रतीत होता है कि इस तरह का गोरख धंधा लंबे समय से चल रहा था। पाइप की चोरी को लेकर विजय भोजानिया ने जयनगर थाना में मामला दर्ज कराया था। दर्ज मामले में बताया था कि सतडीहा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए रखे गए कुल 127 पाइप की चोरी कर ली गयी जिसकी कुल कीमत 18 लाख रुपये है। उक्त जलापूर्ति योजना का कार्य सूरजमल ओकारमल को मिला हुआ है। बताया जाता है कि जहाँ से चोरी का पाइप बरामद हुआ. पुलिस इस फैक्ट्री के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल अन्य जानकारी जुटाने में लगी है. जिस फैक्ट्री से पाइप बरामद किया गया है वह अंकित केडिया, पिता कमल केडिया, निवासी श्याम बाबा पथ अड्डी बंगला झुमरीतिलैया का है. पुलिस फैक्ट्री संचालक के विरुद्ध भी कार्रवाई करने की तैयारी में है. छापामारी टीम में जयनगर थाना के एसआई पंचम तिग्गा, अमित कुमार सहित पुलस बल के जवान शामिल थे. **अन्य फैक्ट्रियों पर भी पुलिस की नजर :** पुलिस ने अंकित केडिया की फैक्ट्री से चोरी की पाइप तो बरामद की है, पर इस मामले में पुलिस को शक है कि आसपास के कुछ अन्य फैक्ट्रियों की भूमिका भी संदिग्ध है. ऐसे में पुलिस अन्य जगहों पर भी जांच करने की तैयारी में है. ज्ञात हो कि गझंडी रोड में संचालित फैक्ट्रियों को लेकर आए दिन पुलिस प्रशासन को शिकायत मिलती रहती है.

## इंडिया गठबंधन के नेताओं ने मणिपुर की घटनाओं के लेकर दिया धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** मणिपुर की घटनाओं को लेकर विपक्षी दलों के नए गठबंधन इंडिया के बैनर तले गैर भाजपा दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कोडरमा समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया. नए एलायंस इंडिया में शामिल जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी, सीपीआई, सीपीएम, माले, जदयू, आम आदमी पार्टी आदि के नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी के कारण धरना का स्वरूप काफी बड़ा हो गया. धरना स्थल में भी हर दलों का झंडा लगा था. आयोजित धरना की अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने किया जबकि संचालन कांग्रेस के अध्यक्ष भागीरथ पासवान व राजद जिलाध्यक्ष सह जीप अध्यक्ष रामधन यादव ने संयुक्त रूप से किया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष यादव, झामुमो जिला सचिव झामुमो श्यामदेव यादव, दिवाकर तिवारी,

कांग्रेस से सईद नसीम, फैयाज केसर, नारायण वर्णवाल,प्रदीप सिंह, राष्ट्रीय जनता दल से मनोज रजक, संजय दास, आप पार्टी से दामोदर यादव, प्रकाश रजक असीम सरकार, रमेश प्रजापति समेत अन्य ने सम्बोधित किया ओर कहा कि मणिपुर घटना को लेकर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ गठबंधन के नेताओं ने जमकर नारेबाजी की. गठबंधन के नेताओं ने कहा कि मणिपुर मामले में पीएम मोदी का कोई बयान संसद में नहीं होना, यह केंद्र की विफलता को दर्शाता है कि किस प्रकार केंद्र सरकार एक राज्य में पिछले तीन महीने से जारी हिंसा के मामले में खामोश रही. हिंसा करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की गई. नेताओं ने कहा कि मणिपुर अब भी जल रहा है और जब हालात बिगड़ने लगे तो उच्चतम न्यायालय ने मामले में संज्ञान लिया और खुद अपने स्तर से कड़ी कार्रवाई की बात कही लेकिन कई दिनो तक चुप रही.



झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
पंजीकृत कार्यालय– इंजीनियरिंग बिल्डिंग
एच. ई. सी., धुर्वा, राँची – 834004
email:- itcelljbvnl@gmail.com
Telephone:-0651-2400826 & Fax: 0651-2400799

सूचना

राँची शहर में सम्मानित बिजली उपभोक्ता के पुराने मीटर को नये प्री–पेड स्मार्ट मीटर में बदल कर विद्युत संबंध चालू किया जा रहा है एवं अबतक 1.06 लाख (एक लाख छः हजार) प्री–पेड स्मार्ट मीटर लगाये जा चुँके हैं।

प्री–पेड बिजली का स्मार्ट मीटर, सर्विस तार सहित निशुल्क लगाया जा रहा है। विशेषकर शहरी क्षेत्र के आवासीय एपार्टमेंट / वाणिज्यिक परिसर में रहने वाले उपभोक्ताओं से अपील है कि अपने परिसर में स्मार्ट मीटर स्थापित किये जाने के कार्य में, अपने परिसर के मुख्य प्रवेश द्वारा पर उपयुक्त जगह उपलब्ध कराए। असुविधा होने पर निम्नलिखित नम्बर पर कृप्या Whatsapp / Mobile से सूचना दें।

मीटर लगाने वाले एजेंसी का मोबाईल नं0 – 9828117214 / 9618181340
झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड से सर्म्पक हेतु मोबाईल नं0–9431135609
यह जानकारी राँची शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिये है।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉलफ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

ह0/–
झा0बि0वि0नि0लि0

PR 303710 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd ( 23-24)_D

## मनीफिट रजक समाज महिला समिति की सावन क्वीन बनीं रेखा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को मनीफिट रजक समाज महिला समिति द्वारा सावन उत्सव बारीडीह कम्युनिटी सेंटर हॉल में मनाई गई, जिसका थीम महिला सशक्तिकरण था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर किशोर ओझा और विशिष्ट अतिथि रानी गुप्ता थी। इस वर्ष सावन क्वीन का ताज राखी देवी ने जीती, वही अन्य गेम में रानी देवी विजेता हुई है। महिला समिति की अध्यक्ष अनुराधा चौधरी की देखरेख में और टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति की अध्यक्ष ने रानीकुदर, भालुबासा, मनीफिट के महिला समिति की सभी महिलाओं का आभार जताया। इसे सफल बनाने में आशा देवी, पूनम देवी, रानी देवी, मीना देवी, राखी देवी, मंजू देवी, रीता देवी, रेखा देवी और अन्य महिलाएं शामिल थी।

## मंगल ने किया बालूसोया टोला में बिजली के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय व मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह मुंडा ने कुचाई प्रखंड के कोल्हान रेगाडीह गांव के बालूसोया टोला में बिजली के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया. मौके पर पूर्व विधायक मंगल सोय ने कहा कि बालूसोया टोला में पिछले एक वर्ष से ट्रांसफार्मर खराब रहने से लोगों को अंधेरा में रहना पड़ रहा था. केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर खराब ट्रांसफार्मर को बदल दिया गया है. मौके पर मुख्य रुप से सत्येंद्र कुम्हार,विवेकानंद सोय,राजेंद्र गुंदुवा,ग्राम प्रधान शशी मुंडा,लांडू सोय,सोमा गुंदुवा,सुनैना गुंदुवा, रामलाल सोय,रामलाल सामड,माबूव गुंदुवा,सोमा सोय,विनिता गुदुवा,पंचु दास आदि उपस्थित थे.

## मरने के बाद भी दुनिया देखेंगी प्रेम देवी अग्रवाल की आंखें

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर सिटी पैलेस निवासी



प्रेम देवी अग्रवाल (73 साल) पति स्वर्गीय रामकिशोर अग्रवाल की आंखें मृत्यु के पश्चात भी रोशनी देती रहेगी। मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर की पहल पर मंच की कार्यकारिणी सदस्य ललिता सरायवाला की मामी सास प्रेम देवी अग्रवाल के निधन के पश्चात उनके पुत्र जितेंद्र अग्रवाल एवं बेटी बीरा अग्रवाल की सहमति से आदित्यपुर निवास पर ही सोमवार 31 जुलाई की देर शाम नेत्रदान करवाया गया। जिससे दो लोगों की दुनिया रोशन होगी। इस नेक कार्य में रोशनी संस्था की अध्यक्ष तरु गांधी, सचिव परविंदर तथा डॉ अजय गुप्ता (नेत्र रोग विशेषज्ञ), मंच की नेत्रदान प्रमुख सुशील खीरवाल की अहम भूमिका रही। नेत्रदान करवाने में इच्छुक लोग मंच की अध्यक्ष बीना अग्रवाल (9304833999), सुशीला खीरवाल (9431952424) एवं सीमा अग्रवाल (7858016351) से संपर्क कर सकते हैं।

## सत्संग उप योजना केन्द्र में श्रद्धालुओं ने किया दीक्षा ग्रहण

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा मध्यबस्ती स्थित सत्संग उप योजना केन्द्र में युगपुरूषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्रजी के दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में काफी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने दीक्षा ग्रहण किया। सभी श्रद्धालुओं को मुख्य रूप से उपस्थित रितिज्ञ ब्रज किशोर नारायण आज़ाद द्वारा दीक्षा ग्रहण कराया गया। दीक्षा के पश्चात सभी दीक्षार्थियों ने अनुकूल ठाकुर जी के दिखाए गए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के आयोजन में समाजसेवी विजय महतो, माधुरी महतो, सुमित महतो, नेहा महतो, दिलोपना महतो, शुभम महतो, संजू महतो आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## झारखंड-बिहार में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर चुप क्यों हैं विपक्ष : विजय महतो

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं



द्वारा मणिपुर की घटना को लेकर प्रदर्शन किये जाने पर सरायकेला-खरसावां भाजपा जिलाध्यक्ष विजय महतो ने कहा है कि देश कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा देश भुगत रहा है. कांग्रेस पार्टी नहीं चाहती है कि मणिपुर में शांति लौटे. इस लिए वह वहां देश विरोधी शक्तियों को बढ़ावा दे रही है. श्री महतो ने कहा है कि वहां महिलाओं के साथ जो अमानवीय व्यवहार हुआ उसकी निंदा सभी ने एक स्वर में की. मणिपुर की घटना के बाद झारखंड-बिहार में भी महिलाओं पर उसी तरह के अत्याचार की कई घटनाएं सामने आयी, लेकिन विपक्षी पार्टियों में चुप्पी छाई रही. कांग्रेस गठबंधन का जनविरोधी चेहरा आज पूरा देश देख रहा है. कांग्रेस पार्टी कश्मीर,केरल या ऐसे राज्यो में जहां हिंदू अल्पसंख्यक हैं, वहां हिंदुओं का दमन करने वालों का पक्ष लेती है, जबकि अन्य राज्यों में धर्मातरण को बढ़ावा देने वाली ताकतों के साथ खड़ी रहती है. कांग्रेस ने अपने गठबंधन का नाम इंडिया रखा है, जबकि वह दरअसल वह एंटी इंडिया है.

## भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने के बाद रघुवर दास का नगर आगमन आज, गर्मजोशी से स्वागत की तैयारी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जमशेदपुर महानगर ने



पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने और बुधवार को उनके नगर आगमन पर भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी की है। मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास के जमशेदपुर आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत एवं अभिनंदन के कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। बुधवार सुबह 11:30 बजे शहर में प्रवेश करने पर मानगो शहीद खुदीराम बोस चौक से लेकर एग्रिको स्थित आवास तक विभिन्न मंडल के भाजपा कार्यकर्ता अपने जनप्रिय नेता का स्वागत करेंगे। जिसमें मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न स्थानों पर ढोल-नगाड़ों पुष्पमाला, आतिशबाजी एवं लड्डू वितरण कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे। उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# विधायक ने विधानसभा में कपाली नगर परिषद का वार्षिक बजट बढ़ाने का किया मांग

**21 वार्ड में लगभग 60 हजार की आबादी, वार्षिक बजट मात्र 2 करोड़, जनसंख्या के अनुरूप बजट 30 करोड़ हों**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** विधायक सविता महतो ने विधानसभा के पटल पर कपाली नगर परिषद के वार्षिक बजट को जनसंख्या के अनुरूप बढ़ाने का मांग किया है। उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान शून्य काल में सदन में कहा कि कपाली नगर परिषद क्षेत्र में 21 वार्ड है, जिसमें लगभग 50 से 60 हजार की जनसंख्या है। बजट के अभाव में लोगों को काफी कठिनाई का सामना करते है, साथ ही कपाली



नगर परिषद का वार्षिक बजट मात्र दो करोड़ है। जिस कारण जनसंख्या के अनुरूप कम बजट से विकास कार्य बाधित होता हैं। विधायक सविता महतो ने आसन के माध्यम से कपाली नगर परिषद में नगर परिषद के वार्षिक बजट को बढ़ाकर जनसंख्या के अनुरूप 20 से 30 करोड़ करने का मांग किया। विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि विधायक सविता महतो ने कपाली नगर परिषद में जनसंख्या को देखते हुए 20 से 30 करोड़ करने का मांग किया है।

## 750 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ हल्दी पोखर का ड्रग पैडलर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** जिले के एसपी डॉ. विमल कुमार और एसडीपीओ हरविंदर सिंह ने आदित्यपुर थाना में मंगलवार की शाम प्रेसवार्ता की. प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि पुलिस को ब्राउन शुगर के पैडलर की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर मुस्लिम बस्ती में छापेमारी की गई जहां से मो. फिरोज उर्फ हगरु को 750 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया है. जुगसलाई पुलिस द्वारा इसे डकैती के मामले में पिछले दिनों जेल जा गया था. इसका कनेक्शन मुर्शिदाबाद के एक गैंग से है. जल्द ही पुलिस मेन सप्लायर तक पहुंचेगी. यह हल्दीपोखर में रह कर कारोबार कर रहा था. गिरफ्तार आरोपी मूलतः मुस्लिम बस्ती आदित्यपुर का ही रहने वाला है. अभी इसने हल्दी पोखर में आलीशान घर बना रखा है. प्रेसवार्ता में थाना प्रभारी राजन कुमार भी मौजूद रहे.

## सूरज लॉजिस्टिक के कर्मचारी राजेश मंडल ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** चक्रधरपुर रेल मंडल के गम्हरिया और सीनी स्टेशन के बीच स्थित बीरबांस स्टेशन के समीप मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे सूरज लॉजिस्टिक कंपनी के राजेश मंडल (25) नामक कर्मचारी ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन के आगे कूदने से पहले राजेश की किसी अन्य युवक से बहस हो रही थी। इसी बीच जैसे ही ट्रेन उसके नजदीक पहुंची अचानक वह पोल संख्या 268/7 के पास रेलवे ट्रैक पर कूद पड़ा। उक्त घटना के बाद उसका सिर कट कर लगभग 30 फीट दूर जा गिरा और बायां हाथ भी कट गया। राजेश के ट्रेन के आगे कूदते देखकर जिस युवक से बात कर रहा था वह मौके से फरार हो गया। उधर से गुजर रहे भाजपा प्रखंड उपाध्यक्ष रंजीत बारिक ने नजर जब मृतक पर गई तो तत्काल उन्होंने इसकी सूचना सीनी रेलवे स्टेशन एवं सरायकेला पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद सीनी ओसी अमोल घोष अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गए। मृतक के बावत कंपनी प्रबंधन से जानकारी प्राप्त की गई तो उन्होंने सिर्फ उसका नाम राजेश मंडल और पता कोलकाता का बताया है।

# 24 जुलाई को हुए हत्याकांड मामले में तीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिले के आरआईटी थाना अंर्तगत विगत 24 जुलाई 2023 को हुए हत्या के मामले का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया आरआईटी थाना अंर्तगत मृतक तिलक महतो की हत्या उसके घर से लगभग 500 मीटर की दुरी पर अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मार कर किया गया था। सरायकेला एसडीपीओ हरविंदर सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर अलग अलग जगहों में छापामारी करते हुए घटना में कुल पांच लोग जिसमे संजय



कुमार महतो, शाहजादा आलम, मो शारिक, सुरज उर्फ बादल व भोलु शामिल हैं। जिनमे से तीन अभियुक्त संजय कुमार महतो, शाहाजादा व मो शारिक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार संजय कुमार महतो ने पुलिस के समक्ष हत्या के कारणों का खुलासा करते हुए कहा है कि लगभग डेढ वर्ष पूर्व किसी बात को लेकर गांव वालों के सामने तिलक महतो ने बेईज्जत करते हुए उसके साथ मार पीट किया था एवं थूक चटवाया था। इसी पुरानी दुश्मनी का बदला लेने के लिए वह अपने दोस्तों शाहबाज आलम, सुरज उर्फ बादल, मो शारिक एवं भोलु के साथ मिल कर उसकी हत्या गोली मार कर किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि इस मामले में गिरफ्तार शाहजाद का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में उसके खिलाफ कपाली ओपी में दो मामले लुट व जबरन कब्जा एवं मारपीट के दर्ज हैं, जमशेदपुर के मानगो थाना में 394 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। मो शारिक का भी पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। उसके खिलाफ मानगो में हत्या, विष्टुपुर में चोरी, कदमा में मार पीट सहित साकची थाना में भी मामला दर्ज है। इनके पास से एक देशी पिस्टल, दो मैगजीन एवं 7.56 बोर के पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

# राष्ट्रपति से मिले पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, कहा झारखंड में बढ़े आदिवासियों पर अत्याचार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नई दिल्ली/जमशेदपुर :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास में आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड में बढ़ते भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राज्य में महिलाओं और आदिवासियों का अत्याचार बढ़ गए हैं। इसके बाद नई दिल्ली में श्री दास ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात में बताया,धालभूमगढ़ में बनने वाले एयरपोर्ट के लिए वन विभाग की आपत्तियों और अड़चनों को दूर कर लिया गया है। कुछ कानूनी अड़चनें हैं, उन्हें दूर कर जल्द से जल्द एयरपोर्ट निर्माण का कार्य शुरू करने का आग्रह किया।



इसपर श्री सिंधिया ने सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके साथ ही उड़ान योजना के तहत तैयार दुमका, पलामू के चियांकी और बोकारो एयरपोर्ट से भी जल्द उड़ान शुरू करने का आग्रह किया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने शीघ्र विमान सेवा शुरू करने के लिए आश्वस्त किया। इसके बाद केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात के दौरान उन्होंने टाटा-दानापुर एक्सप्रेस को बक्सर तक बढ़ाने का आग्रह किया। इस पर रेल मंत्री ने अधिकारियों को जल्द कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही रांची- जमशेदपुर भाया कांड्रा होकर नई रेल लाइन के निर्माण के लिए डीपीआर बनाने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। इनके साथ ही पूर्वा एक्सप्रेस को रामपुरहाट-दुमका-जसीडीह मार्ग से चलने, दुमका से नई दिल्ली के लिए नई ट्रेन, गोड्डा-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस का दुमका तक विस्तार, विक्रमशिला एक्सप्रेस को दुमका से खोलने तथा दुमका-जामताड़ा नई रेल लाइन की मंजूरी का आग्रह किया। रेल मंत्री ने जल्द निर्णय का भरोसा दिलाया।

## ड्यूटी के दौरान ट्रेन से पैर कटने से रेलकर्मी की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान एक रेलकर्मी की पैर कटने से मौत हो गई। घटना मंगलवार अहले सुबह लगभग चार बजे घटी। बताया जाता है कि 58 वर्षीय उमेश कुमार शर्मा चक्रधरपुर रेल मंडल के रेलवे इलेक्ट्रीकल ओपी विभाग में चक्रधरपुर में खलासी के पद पर कार्यरत थे। वे चक्रधरपुर के रेलवे आरई कॉलोनी स्थित क्वार्टर संख्या ई60/1 में अपने परिवार के साथ रहते थे। रात्रि ड्यूटी के लिए सोमवार रात रेलकर्मी उमेश कुमार शर्मा चक्रधरपुर स्टेशन आये थे। मंगलवार अहले सुबह लगभग चार बजे ड्यूटी के दौरान जब वे रेलवे स्टेशन के लाइन संख्या पांच को चेक कर रहे थे। इस दौरान चक्रधरपुर गोमो आद्रा मेमू ट्रेन प्लेसमेंट प्लेटफॉर्म पर लगायी जा रही थी। लाइन चेक के दौरान ट्रेन के एक तार में पैर फंसने से वे आद्रा मेमू ट्रेन के धक्के से गिर पड़े। इससे उनका दाहिना पैर कट गया। उनके साथ उस वक्त ड्यूटी कर रहे विनोद कुमार महतो ने इसकी सूचना अन्य रेलकर्मियों को दी। घटना के बाद आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए चक्रधरपुर के रेलवे अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## झिमरी रेलवे स्टेशन से पारगामा तक कीचड़नुमा रास्ते से किसान परेशान, कोई सुध लेने वाला नहीं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** झिमरी रेलवे स्टेशन से पश्चिम दिशा की और एक कच्चा रास्ता जाता है। इस रास्ते से हजारों किसान खेत में उगाई जाने वाले सब्जी, फसल को लेकर झीमरी रेलवे स्टेशन पर दैनिक लगने वाले बाजार में विक्रय हेतु पैदल माथा पर ढोकर, मोटरसाइकिल के द्वारा रोजाना आते जाते है। झिमरी रेलवे स्टेशन से पारगामा के टोला भाकूरगाड़ा तक लगभग 2 किलोमीटर तक कीचड़ से भरा रहता है। कुछ स्थानों पर बड़े- बड़े गड्ढा हो गया। गड्ढे और कीचड़ से फिसलने पर राहगीरों को आते जाते



समय गिरने से हाथ पैर टूटने एवं अन्य प्रकार का हादसा होने का खतरा बना रहता है। इस बारे में राहगीरों ने अपनी परेशानियों को बताते हुए उक्त रास्ते को पक्की बनाने की मांग की है।

## मोहर्रम अखाड़ा समिति के खलिफाओं के सम्मान समारोह में शिरकत किए डॉ विजय सिंह गागराई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** मुहर्रम अखाड़ा समिति के खलीफाओं के सम्मान समारोह में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की हजरत इमाम हुसैन ने गलत का साथ नहीं दिया, बल्कि अपना और परिवार की कुर्बानी देना स्वीकार किया।यह कुर्बानी पूरी दुनिया के लिए सीख है। समारोह में सेंट्रल मुहर्रम अखाड़ा समिति के उपाध्यक्ष मुमताज अंसारी ने कर्बला में हुए जंग और शहादत



की दास्तान बतायी। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम का ऑर्गेनाइजर साजिद उर्फ बबलू थे। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई के हाथों मुहर्रम अखाड़ा समिति के खलीफा व समिति सदस्यों को सम्मानित किया गया जिसमें पोटका के मो. शाहनवाज, दंदासाई के मो. जावेद, बांग्लाटांड़ के तौसीफ अख्तर जॉनी, पापड़हाता के एजाज खान कल्लू, वार्ड 10 के मो नदीम शान बाबू, सिमीदिरी के अफरोज आलम, ग्वाला पट्टी के मो आजाद गद्दी, लोको से मो जीशान, चांदमारी से मो असलम, चोंगासाई के जाकिर हुसैन, अनवर खान चाचा आदि शामिल है।

# मणिपुर मामले को लेकर इंडिया गठबंधन ने समाहरणालय समक्ष किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** विगत तीन माह से मणिपुर में जारी जातिगत हिंसा पर केंद्र सरकार और मणिपुर राज्य सरकार की उदासीनता के विरोध में झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन दल कांग्रेस, आरजेडी, जेडीयू ,आम आदमी पार्टी एवं टीएमसी आदि दलों द्वारा सरायकेला समाहरणालय समक्ष मंगलवार को प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान मोदी सरकार के विरोध मे जम कर नारेबाजी की गई। झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो ने कहा कि उक्त मार्मिक घटना पर तत्काल रोक लगाते हुए शांति बहाल करने एवं मणिपुर सरकार को बर्खास्त




करने की मांग को लेकर नवगठित इंडिया गठबंधन द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आहूत किया गया है। कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज कुमार ने कहा कि विगत तीन महीनों से मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। इस मामले में भाजपानीत केंद्र सरकार और मणिपुर सरकार की चुप्पी सरकार प्रायोजित हिंसा की ओर इशारा करती है। सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान और टिप्पणी के बावजूद भाजपा शासित केंद्र और राज्य सरकार की अकर्मण्यता निहायत ही मानवीय संवेदनाओं एवं मूल्यों के विपरीत है। प्रदर्शन पश्चात राष्ट्रपति के नाम एक अनुरोध पत्र उपायुक्त के माध्यम उपायुक्त कार्यालय में दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ शुभेन्दु महतो, कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अंबुज कुमार सहित राजद जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, आम आदमी पार्टी के बिरसा सोय, जदयू के कौशलेंद्र, राजद प्रदेश महासचिव वीरेंद्र यादव, कांग्रेस प्रभारी संजीव श्रीवास्तव प्रितोष सिंह, प्रिंस सिंह, झामुमो जिला सचिव बुधेश्व ‘मार्डी, विधायक प्रतिनिधि सनद आचार्य, गोरा वर्मन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश नारायण चौबे, कांग्रेस नेता रामा शंकर पांडे, रूईदाश, टुकुन भंज, राजद प्रदेश महासचिव वीरेंद्र यादव, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चार धाम के जल से की गयी अति उत्तमेश्वर ज्योर्तिलिंग रुद्राभिषेक पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की धार्मिक संस्था अति उत्तम शक्ति दरबार द्वारा मंगलवार को सावन माह की पूर्णिमा के अवसर पर हरहरगुटटू स्थित अति उत्तम शक्ति दरबार में जय बाबा अति उत्तमेश्वर और सभी 13 शिवलिंगो (अति उत्तमेश्वर ज्योतिलिंगो) का रुद्राभिषेक पूजा चार धाम के जल सहित स्थानीय नदियों से जल लाकर किया गया। फलो का रस, भांग, धातुरा, भम्स, बेलपत्र, फूल, फल, दूध, दही, घृत, शहद और चीनी से रुद्राभिषेक पूजा किया गया। भोले बाबा का फूलों से श्रृंगार भी किया गया। पूजा के सभी कार्यक्रम अतिउत्तम शक्ति दरबार के संस्थापक भक्त राजा सुर्य देव उत्तम परम हंस जी के द्वारा संपन्न किया गया। पूजा के दौरान भोले बाबा से झारखंड में अच्छी बारिश, देश की समृद्धि और विश्व शांति के लिए कामना की गई। पंडित सुशांतो ने पूजा करायी। माँ कुल्लु रानी और उनके काफी भक्त रुद्राभिषेक पूजा में शमिल हुए।

## संपादकीय

# चीरहरण की सीबीआई जांच

**मणिपुर** बीते 87-88 दिनों से जल रहा है। बाजार, मकान, घर, गली-मुहल्लों में सन्नाटा पसरा है। इस बीच जो विध्वंस किए गए हैं, आगजनी से बहुत कुछ 'राख' किया गया है, उनके जले-टूटे अवशेष ही साक्ष्य हैं। अपने-अपने इलाकों में छात्र और महिलाएं भी क्रमशः बंदूक लेकर और मशाल जला कर पहरेदारी में जुटे हैं। सेना और सुरक्षा बलों के जूतों की आवाज सुनाई देती है अथवा कहीं-कहीं गोलियां, ग्रेनेड चलाने के विस्फोट सुनाई देते हैं। मणिपुर करीब तीन माह के बाद भी अशांत और तनावपूर्ण है। विश्वास नहीं होता कि 17 जुलाई के बाद कोई मौत नहीं हुई होगी! बहरहाल केंद्र सरकार द्वारा सीबीआई जांच का निर्णय सही दिशा में, सटीक कदम है। दो महिलाओं का चीरहरण, उन्हें नग्न अवस्था में घुमाना, एक 21 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक बलात्कार, घटना का वीडियो वायरल होना, राष्ट्रव्यापी गुस्सा और देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ की क्षुब्ध टिप्पणी आदि व्यापक घटनाक्रम हैं, जिनकी गहराई में जाना जरूरी है। भारत सरकार ने सर्वोच्च अदालत से अनुमति मांगी है कि चीरहरण कांड का संपूर्ण ट्रायल, मणिपुर के बजाय, असम में किया जाए। मौजूदा हालात में मणिपुर प्रशासन से निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की उम्मीद रखना भी फिजूल है। राज्य सरकार से ही मणिपुर के लोगों का भरोसा टूट चुका है। मोहभंग हो चुका है। ऐसे में सीबीआई जांच ही एकमात्र विकल्प था, लेकिन उसे भी समयबद्ध किया जाए, क्योंकि सीबीआई जांच लंबी खिंच जाती है। सीबीआई वायरल वीडियो, उसके कैमरे और वीडियो बनाने वालों की भी जांच करेगी। प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है और कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। मणिपुर का यथार्थ यह है कि करीब 65,000 लोग विस्थापित हो चुके हैं और 50,000 से अधिक बेघर हुए हैं। करीब 3000 लोग घायल हुए हैं, जबकि मौतों की संख्या 165 तक पहुंच चुकी है। राज्य में करीब 5000 हिंसक घटनाएं हुई हैं। करीब 24,000 लोग राहत-शिविरों में शरण लिए हैं। वहीं महिलाओं ने 32 शिशुओं को जन्म दिया है और अब भी कई गर्भवती औरतें शिविरों के भीतर हैं। पुलिस ने 12,740 लोगों को एहतियात के तौर पर गिरफ्तार किया है और 252 संदिग्ध चेहरों की पहचान की गई है। मणिपुर में सेना और सुरक्षा बलों की 124 कंपनियां तैनात हैं और पहरेदारी कर रही हैं। इन आंकड़ों पर गौर करें, तो किसी युद्ध का बिम्ब मन में उभरता है। जातीय टकराव में हिंसा और हत्याओं की इतनी घटनाओं की जांच सीबीआई कैसे करेगी? अथवा चीरहरण कांड तक ही सीमित रहेगी? मणिपुर में 5100 से अधिक आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। यह मैतेई बनाम कुकी, नागा समुदायों के बीच तनाव और टकराव के ही नतीजे हैं, लेकिन मणिपुर म्यांमार, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और चीन सरीखे पड़ोसी देशों से घिरा हुआ है। म्यांमार के नागरिक 72 घंटे के लिए कभी भी मणिपुर में घुस सकते हैं। कोई वीजा नहीं। सीमाएं खुली हैं। ऐसा निर्णय भी भारत सरकार ने किया होगा! म्यांमारी नागरिक लौटते हैं या नहीं, इसका रिकॉर्ड अधूरा है। म्यांमार का सबसे ताकतवर ड्रग और हथियारों का सिंडिकेट मणिपुर में ही सक्रिय है। अफीम की खेती और आधुनिक, स्वचालित हथियारों की तस्करी के अड्डों और उनकी सक्रियता की जानकारी राज्य और केंद्र सरकार दोनों को है, लेकिन सभी शुतुरमुर्ग बने हैं। मणिपुर में आज भी 40 उग्रवादी समूह मौजूद हैं, यह भी सरकारें जानती हैं। मणिपुर का संकट सिर्फ जातीय टकराव नहीं, बहुआयामी है। बेशक संसद में इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए थी। भारत सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी होगी।

> मणिपुर करीब तीन माह के बाद भी अशांत और तनावपूर्ण है। विश्वास नहीं होता कि 17 जुलाई के बाद कोई मौत नहीं हुई होगी! बहरहाल केंद्र सरकार द्वारा सीबीआई जांच का निर्णय सही दिशा में, सटीक कदम है। दो महिलाओं का चीरहरण, उन्हें नग्न अवस्था में घुमाना, एक 21 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक बलात्कार, घटना का वीडियो वायरल होना, राष्ट्रव्यापी गुस्सा और देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ की क्षुब्ध टिप्पणी आदि व्यापक घटनाक्रम हैं, जिनकी गहराई में जाना जरूरी है। भारत सरकार ने सर्वोच्च अदालत से अनुमति मांगी है कि चीरहरण कांड का संपूर्ण ट्रायल, मणिपुर के बजाय, असम में किया जाए। मौजूदा हालात में मणिपुर प्रशासन से निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की उम्मीद रखना भी फिजूल है। राज्य सरकार से ही मणिपुर के लोगों का भरोसा टूट चुका है। मोहभंग हो चुका है। ऐसे में सीबीआई जांच ही एकमात्र विकल्प था, लेकिन उसे भी समयबद्ध किया जाए, क्योंकि सीबीआई जांच लंबी खिंच जाती है। सीबीआई वायरल वीडियो, उसके कैमरे और वीडियो बनाने वालों की भी जांच करेगी। प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है और कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। मणिपुर का यथार्थ यह है कि करीब 65,000 लोग विस्थापित हो चुके हैं और 50,000 से अधिक बेघर हुए हैं। करीब 3000 लोग घायल हुए हैं, जबकि मौतों की संख्या 165 तक पहुंच चुकी है। राज्य में करीब 5000 हिंसक घटनाएं हुई हैं।

## कुछ अलग

# हद पार का साम्राज्य

**ऊंचे** लक्ष्यों के फलक पर हिमाचल ने अपनी हैसियत पर दबाव बढ़ाते हुए क्षमता का क्षरण कर लिया है। यह दौड़ आंकड़ों में बेशक विशेष दर्जा हासिल करती होगी, लेकिन व्यावहारिक दृष्टि से बेअसर होने लगी है। केवल सरकारी मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की 870 सीटें भरी जाएंगी। एम्स व एक निजी मेडिकल कालेज के प्रवेश को जोड़ा जाए तो आंकड़ा हजार को पार कर जाएगा। यह हद को पार करने का साम्राज्य है, जो अपनी ही क्षमता को खंडित करता है। दरअसल स्वास्थ्य सेवाओं के मापदंड को हम मेडिकल कालेजों की शक्ति में विभाजित कर चुके हैं। जो डाक्टर कभी अपनी दक्षता के शिखर पर मरीज की देखभाल करते थे, आज मेडिकल कालेजों के प्रबंधन में व्यस्त हैं। चिकित्सा संस्थानों की शुमारी में व्यावसायिक पदोन्नतियां हो गईं, लेकिन मरीजों के हाल पे किसी को रोना नहीं आया। कमोबेश शिक्षा का भी अति से पार साम्राज्य तब बनता है जब हर विषय, हर कालेज में और हर स्कूल-विज्ञान स्कूल का दावा करता है। प्रदेश के पास सरकारी कालेजों की संख्या अगर 140 तक पहुंच गई, तो इसे उपलब्धि कहें या हिमाचल में शिक्षा का नया आयाम मानें। यह दौड़ कालेज-कालेज का खेल या यह तेरा कालेज-यह मेरा कालेज का राजनीतिक फलक है, जो एक दूसरे के मुकाबले राजनीतिक प्रतिनिधित्व की शक्ति है। यानी पिछले कुछ सालों में कई कालेज बिना किसी कारण या रणनीति के स्नातकोत्तर हो गए। उदाहरण के लिए घुमारवीं के सरकारी कालेज में अगर एक दर्जन स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हैं, तो फिर नए विश्वविद्यालय की आवश्यकता क्यों हुई। हिमाचल में फैकल्टी बाद में आती है, पहले पाठ्यक्रम और नित नए कालेज, स्नातकोत्तर कालेज और अब तो विश्वविद्यालय भी उग रहे हैं। राजनीतिक सीमाओं के विभाजन में शिक्षा और चिकित्सा के लिए कई इमारतें बंट सकती हैं या संस्थानों की नई फेहरिस्त खड़ी हो सकती है, लेकिन गुणवत्ता के लिहाज से कार्य संस्कृति, काबिलीयत और कर्मठता की जरूरत हमेशा रहती है। हम नए संस्थानों, नए आंकड़ों और नए भवनों की आशा में भूल गए हैं कि महज 70 लाख की आबादी के लिए कितने फलक चाहिए। हम अपनी क्षमता के निर्माण में काबिलीयत को भूल रहे हैं। रोजगार के नाम पर सरकारी सेवाओं में समर्पण भूल रहे हैं। ऊंचे शिखर की तलाश में हम अपना आधार भूल रहे हैं। भूल रहे हैं कि अगर एक सिविल अस्पताल या क्षेत्रीय अस्पताल मरीज को बचाने के लक्ष्य से काम करे, तो मेडिकल कालेज भी इसके स्तर को ऊंचा करेगा, वरना मरीज यूं ही किसी न किसी बहाने आगे धकिया दिए जाएंगे या रैफर-रैफर के खेल में सारा इंतजाम बंट जाएगा। पिछले दिनों बिलासपुर के क्षेत्रीय अस्पताल से एम्स पहुंची मरीज को आईजीएमसी रैफर किया गया, लेकिन अंततः डिलीवरी तो एक एंबुलेंस सहायक ने ही करवा दी। ऐसे इंतजाम से भयभीत होने की वजह हमेशा रहेगी। इसी तरह सरकारी स्कूल अगर शिक्षा के आधार को पुख्ता करेंगे, तो कालेज की पढ़ाई आगे ले जाएगी, लेकिन अब तो स्कूल से कालेज और कालेज से विश्वविद्यालय के बीच उच्च स्तर का भी कोई फासला नहीं रहा, बस एक डिग्री भर का अंतर है। हमने इसी तरह बीएड कालेजों की संख्या को घर-घर पहुंचा दिया, तो इंजीनियरिंग की पढ़ाई को ही बेरोजगार बना दिया। आश्चर्य यह कि अति पढ़ा-लिखा होकर भी हिमाचल अशुद्ध पाठ्यक्रम का बेरोजगार हो गया। डाक्टरी की पढ़ाई सरकारी अस्पतालों की काबिलीयत में हार गई। आम शिक्षा बेरोजगारी में मात खा गई।

### गरीबी संबंधी रिपोर्टों के मद्देनजर अब भारत में केंद्र व राज्य सरकारों के रणनीतिक प्रयासों से बहुआयामी गरीबी में और कमी आएगी

# बहुआयामी गरीबी घटने का परिदृश्य

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

> भारत एसडीजी लक्ष्य 1.2 प्राप्त करने की राह पर निकल गया, जिससे वर्ष 2030 के लिए तय की गई मियाद से बहुत पहले बहुआयामी गरीबी को कम से कम आधा करने में मदद मिलेगी। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बहुआयामी गरीबों के अनुपात में सबसे अधिक कमी उत्तरप्रदेश में देखी गई, जहां 3.43 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। इसके बाद बिहार में 2.25 करोड़, मध्यप्रदेश में 1.35 करोड़, राजस्थान में 1.08 करोड़ और पश्चिम बंगाल में 92.6 लाख लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। उल्लेखनीय है कि यूएनडीपी की रिपोर्ट 2023 में कहा गया कि भारत में पिछले 15 वर्षों में गरीबी में उल्लेखनीय रूप से कमी आई है। भारत में 2005-2006 से 2019-2021 के दौरान कुल 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

**इन** दिनों देश और दुनिया में भारत में बहुआयामी गरीबी के घटने से संबंधित दो रिपोर्टें गंभीरतापूर्वक पढ़ी जा रही हैं। एक, नीति आयोग द्वारा 17 जुलाई को जारी की गई राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) प्रगति समीक्षा रिपोर्ट 2023 और दो, 11 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के ऑक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) के द्वारा वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) की रिपोर्ट 2023। ये दोनों रिपोर्टें भारत में बहुआयामी गरीबी घटने का सुकूनदेह परिदृश्य प्रस्तुत करते हुए दिखाई दे रही हैं। गौरतलब है कि नीति आयोग के द्वारा जारी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बहुआयामी गरीब लोगों की हिस्सेदारी वर्ष 2015-16 के 24.85 फीसदी से घटकर वर्ष 2019-21 में 14.96 फीसदी हो गई है। यह सूचकांक आय गरीबी के आकलन की पूरक है। यह सूचकांक स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार को बताता है, जो इसके सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुरूप है। इसके तहत पोषण, बाल एवं किशोर मृत्युदर, खाना बनाने में उपयोग होने वाले ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, मांओं के स्वास्थ्य, स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति जैसे आधारभूत संकेतक शामिल हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत एसडीजी लक्ष्य 1.2 प्राप्त करने की राह पर निकल गया, जिससे वर्ष 2030 के लिए तय की गई मियाद से बहुत पहले बहुआयामी गरीबी को कम से कम आधा करने में मदद मिलेगी। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बहुआयामी गरीबों के अनुपात में सबसे अधिक कमी उत्तरप्रदेश में देखी गई, जहां 3.43 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। इसके बाद बिहार में 2.25 करोड़, मध्यप्रदेश में 1.35 करोड़, राजस्थान में 1.08 करोड़ और पश्चिम बंगाल में 92.6 लाख लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। उल्लेखनीय है कि यूएनडीपी की रिपोर्ट 2023 में कहा गया कि भारत में पिछले 15 वर्षों में गरीबी में उल्लेखनीय रूप से कमी आई है। भारत में 2005-2006 से 2019-2021 के दौरान कुल 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। 2005-2006 में जहां गरीबों की आबादी 55.1 प्रतिशत थी वह 2019-2021 में घटकर 16.4 प्रतिशत हो गई। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2005-2006 में भारत में लगभग 64.5 करोड़ लोग गरीबी की सूची में शामिल थे, यह संख्या 2015-2016 में घटकर लगभग 37 करोड़ और 2019-2021 में कम होकर 23 करोड़ हो गई। खास बात यह है कि भारत में सभी संकेतकों के अनुसार गरीबी में गिरावट आई है। सबसे गरीब राज्यों और समूहों, जिनमें बच्चे और वंचित जाति



समूह के लोग शामिल हैं, ने सबसे तेजी से प्रगति हासिल की है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में पोषण संकेतक के तहत बहुआयामी रूप से गरीब और वंचित लोग 2005-2006 में 44.3 प्रतिशत थे जो 2019-2021 में कम होकर 11.8 प्रतिशत हो गए। इस दौरान और बाल मृत्यु दर 4.5 प्रतिशत से घटकर 1.5 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार जो खाना पकाने के ईंधन से वंचित गरीबों की संख्या भारत में 52.9 प्रतिशत से गिरकर 13.9 प्रतिशत हो गई है। वहीं स्वच्छता से वंचित लोग जहां 2005-2006 में 50.4 प्रतिशत थे उनकी संख्या 2019-2021 में कम होकर 11.3 प्रतिशत रह गई है। पेयजल के पैमाने की बात करें तो उक्त अवधि के दौरान बहुआयामी रूप से गरीब और वंचित लोगों का प्रतिशत 16.4 से घटकर 2.7 हो गया। बिना बिजली के रह रहे लोगों की संख्या 29 प्रतिशत से 2.1 प्रतिशत और बिना आवास के गरीबों की संख्या 44.9 प्रतिशत से गिरकर 13.6 प्रतिशत रह गई है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत सहित 25 देशों ने भी अपने यहां गरीबों की संख्या में कमी की है। रिपोर्ट के अनुसार भारत उन 19 देशों की लिस्ट में शामिल है जिन्होंने 2005-2006 से 2015-2016 की अवधि के दौरान अपने वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) मूल्य को आधा करने में सफलता हासिल की। गौरतलब है कि डिजिटलीकरण के तहत जिस तरह आधार ने लीकेज को कम करते हुए लाभार्थियों को भुगतान के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर-डीबीटी) में मदद की है, उससे भी गरीबों का सशक्तिकरण हुआ है। भारत में वर्ष 2014 से लागू की गई डीबीटी योजना देश में गरीबी कम करने में एक वरदान की तरह दिखाई दे रही है। भारत में डीबीटी से कल्याणकारी योजनाओं के जरिए महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों और कमजोर वर्ग के लोगों को अकल्पनीय फायदा हो रहा है। जहां कोरोनाकाल में 80 करोड़ लोगों का डिजिटल राशन प्रणाली से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्यान्न निशुल्क दिया गया, वहीं अब विगत एक जनवरी 2023 से 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को हर महीने खाद्यान्न निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत आने वाली देश की दो-तिहाई आबादी को राशन प्रणाली के तहत मुफ्त में अनाज देने की पहल दुनिया भर में रेखांकित की जा रही है। 2023 में वर्षभर गरीबों की खाद्य सुरक्षा तथा मुफ्त अनाज का वितरण गरीबी में कमी लाने का अहम उपाय दिखाई दे रहा है। वस्तुतः देश का कृषि उत्पादन देश के गरीबों और अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा सहारा बन गया है। कृषि मंत्री नरेंद्रसिंह तोमर के मुताबिक चालू कृषि वर्ष 2022-23 में 3305.34 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है। जो देश में अब तक रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन है। खाद्यान्न उत्पादन वृद्धि से गरीबों का सशक्तिकरण हो रहा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि देश में गरीबों के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी योजनाएं मसलन सामुदायिक रसोई, वन नेशन वन राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत पोषण अभियान, समग्र शिक्षा जैसी योजनाएं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गरीबी के स्तर में कमी और स्वास्थ्य व भूखमरी की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। निश्चित रूप से तेजी से बढ़ती खाद्यान्न कीमतों के मद्देनजर गरीबों को मुश्किलों से बचाने और खाद्य सुरक्षा की सुनिश्चितता हेतु अभी बहुत अधिक कारगर प्रयासों की जरूरत बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2023 में भारत 142.86 करोड़ लोगों की आबादी के साथ चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बना गया है, अतएव देश की नई आबादी के लिए रोजगार के नए अवसरों का निर्माण करना जरूरी होगा। रोजगार के ऐसे नए अवसर गरीबी नियंत्रण में सहायक होंगे। निश्चित रूप से देश में बहुआयामी गरीबी अभी भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। देश में करीब 23 करोड़ लोग अभी भी गरीब हैं। ऐसे में गरीबी, बेरोजगारी, भूख और कुपोषण खत्म करने के लिए सरकार के द्वारा घोषित नई जनकल्याण योजनाओं, स्वरोजगार योजनाओं, कौशल विकास, सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामुदायिक रसोई व्यवस्था तथा पोषण अभियान-2 को पूरी तरह कारगर व सफल बनाया जाना होगा। मोटे अनाज का उत्पादन और वितरण बढ़ाकर देश में भूख और कुपोषण की चुनौती का सामना करके गरीबों की कार्यक्षमता बढ़ानी होगी। हम उम्मीद करें कि नीति आयोग और संयुक्त राष्ट्र की बहुआयामी गरीबी संबंधी रिपोर्टों के मद्देनजर अब भारत में केंद्र व राज्य सरकारों के रणनीतिक प्रयासों से बहुआयामी गरीबी में और कमी आएगी। ऐसे में देश के आम आदमी की कार्यक्षमता बढ़ेगी और आर्थिक कल्याण के साथ देश के विकास की रफ्तार भी बढ़ेगी।

# कहर के बाद प्रदेश को चाहिए सतत विकास

> हिमाचल प्रदेश सरकार के अनथक प्रयासों ने पर्यटकों को तो किसी तरह निकाल कर हिमाचल से रवाना किया, लेकिन हिमाचल में 130 से ज्यादा लोग मौत के मुंह में चले गए। सरकार के अनुमान के अनुसार लगभग 8000 करोड़ का नुकसान प्रदेश को हुआ है। जहां तक हाईवे का प्रश्न है, वह कई जगह इस तरह से टूटा है कि उसे ठीक करने में काफी समय लग जाएगा। हिमाचल में अधिकतर पुल बह गए हैं या इस हालत में हैं कि उनका लोग इस्तेमाल ही नहीं कर पाएंगे। हिमाचल में बादल फटने की घटनाएं बरसात के दिनों में सामान्य हैं। हिमाचल की मुख्य नदियों ब्यास, सतलुज, चिनाब और छोटी सहायक नदियों जैसे फोजल, सरवरी, लारजी और बाकी खड्डों और दरिया-नालों में इतना पानी आया कि हर नदी का जल स्तर खतरे के निशान से कहीं ऊपर बहने लगा।

**जुलाई** के दूसरे सप्ताह में प्रदेश में बरसातों का कहर इस कदर बरपा कि हिमाचल का नक्शा ही बदल दिया। नदियों-नालों में बाढ़ आ गई, पहाडियां गिरने लगी, सडक़ें टूट गयीं, घर बह गए, पुल बह गए और पर्यटन सीजन में हिमाचल आये लगभग 70 हजार पर्यटक हिमाचल के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर फंस गए। मनाली-कुल्लू, सैंज, बंजार, मणिकर्ण, कसोल, किन्नौर, सिरमौर, मंडी, कांगड़ा, शिमला, चम्बा के कुछ भागों में बरसातों और बादलों के फटने से सब कुछ तहस नहस हो गया। हिमाचल प्रदेश सरकार के अनथक प्रयासों ने पर्यटकों को तो किसी तरह निकाल कर हिमाचल से रवाना किया, लेकिन हिमाचल में 130 से ज्यादा लोग मौत के मुंह में चले गए। सरकार के अनुमान के अनुसार लगभग 8000 करोड़ का नुकसान प्रदेश को हुआ है। जहां तक हाईवे का प्रश्न है, वह कई जगह इस तरह से टूटा है कि उसे ठीक करने में काफी समय लग जाएगा। हिमाचल में अधिकतर पुल बह गए हैं या इस हालत में हैं कि उनका लोग इस्तेमाल ही नहीं कर पाएंगे। हिमाचल में बादल फटने की घटनाएं बरसात के दिनों में सामान्य हैं। हिमाचल की मुख्य नदियों ब्यास, सतलुज, चिनाब और छोटी सहायक नदियों जैसे फोजल, सरवरी, लारजी और बाकी खड्डों और दरिया-नालों में इतना पानी आया कि हर नदी का जल स्तर खतरे के निशान से कहीं ऊपर बहने लगा। पूरे प्रदेश में बरसात का कहर था। स्थानीय लोगों, प्रशासन, आपदा प्रबंधन तथा पुलिस ने इस सब में एक अहम् भूमिका निभाई। भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर मुसीबत में फंसे लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों तक लाते रहे। हिमाचल भूस्खलन, भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं के कारण भौगोलिक दृष्टि से सबसे ज्यादा असुरक्षित जगह है। पिछले 20 सालों में निश्चित तौर पर यहां बहुत विकास हुआ है लेकिन पर्यावरण और यहां के परिवेश को नुकसान भी हुआ है। बहुत से स्थानीय लोगों का कहना है कि फोरलेन और आधुनिकीकरण इसका मुख्य कारण है। जब सडक़ें कम चौड़ी थीं और सुरंगें नहीं थी, तो पहाड़ और उसके आसपास की जमीन इतनी झरझरी नहीं थी। अब जरा सी बारिशें और उसके बाद धूप से चट्टानें फिसलती हैं और पहाड़ नीचे आ जाते हैं। नदियों में अंधाधुंध खनन हो रहा है। नदी के किनारे स्पॉट हो गए हैं, नदी में से पत्थर और रेत निकाल कर उसे खोखला कर दिया है। पानी का बहाव इस कारण और भी तेज हो जाता है। नदी के किनारे पहले बहुत वृक्ष होते थे, अब नदी के किनारों पर लोगों ने नदी की तरफ अतिक्रमण कर घर, दुकानें, मकान बना लिए हैं। भुंतर और हाथीथान में बहे घर, दुकानें और पेट्रोल पम्प शायद इसी कारण बह गए कि वे सब नदी के जल स्तर की बराबरी पर थे। नदी के किनारे लगातार अतिक्रमण से इतने कमजोर हो गए हैं कि वे जरा सा पानी का दबाव सहन नहीं कर पाते। हिमाचल की सभी नदियों में खनन और अतिक्रमण जोरों पर है। प्राकृतिक आपदाओं को रोकने के लिए आप के पास कितना भी इंफ्रास्ट्रक्चर क्यों न हो, काफी नहीं होता है। प्रकृति सब पर भारी पडने की क्षमता रखती है अगर हम सूझबूझ से काम न लें तो खतरा है। हिमाचल को फिर से अपने पांव पर खड़ा होना पड़ेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर प्रयासरत हैं कि केंद्र सरकार उन्हें ज्यादा से ज्यादा सहायता दे, ताकि हिमाचल में जीवन फिर से पटरी पर लौट सके। हिमाचल सरकार ने लोगों को कुछ आर्थिक सहायता तो दी, लेकिन वह तत्काल राहत थी। बरसातों में प्रभावित हिमाचल वासियों और संस्थाओं को और आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। हिमाचल के कई शहरों में बरसात ने इतना नुकसान किया है कि उन्हें फिर से स्थापित करना होगा। मनाली इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित है। आने वाले समय में बहुत सारी कंपनियां सरकार द्वारा निकाले गए टेंडर के लिए आवेदन करेंगी। सरकार को इन सभी कंपनियों के बारे में गंभीरता से सोचना होगा क्योंकि उनके बारे में और उनके काम के बारे में पूरी जानकारी लेनी होगी। भाई-भतीजावाद और राजनीतिक दबाव में आकर किसी को भी काम नहीं सौंपना होगा। जितने भी पुल बह गए हैं उनका निर्माण जल्दी करना होगा। और ऐसे पुलों का निर्माण करना होगा जिनमें भूकंप और अकस्मात बाढ़ को सहने की क्षमता हो। मलेशिया और दूसरे कई देशों में ऐसे पुलों का निर्माण हुआ है। गांवों और कस्बों में से गुजरने वाले नाले जो बरसात में पूरे उफान पर आ जाते हैं, उन्हें चिन्हित कर, पक्का करना होगा। जहां संभव हो वहां छोटे-छोटे चेक डैम बनाने होंगे, ताकि उनमें बारिश का पानी इकठ्ठा रहे जो बाद में प्रयोग किया जा सके। हिमाचल वासियों को बारिश के पानी के संग्रहण के बारे में जागरूक करना होगा ताकि घरों और पगडंडियों का पानी कहीं एक जगह इकट्ठा किया जा सके। लोग अपने घरों में पानी के बड़े टैंक बना सकते हैं, जहां पानी इकट्ठा किया जा सकता है। नदी के किनारों को मजबूत करना होगा और अवैध खनन को रोकने के लिए सरकार को कड़े कानून बनाने होंगे।

## देश दुनीया से

# विदेशी संस्थागत निवेशकों का भारतीय स्टॉक (पूंजी) बाजार में बढ़ रहा है निवेश

> भारत की अर्थव्यवस्था में आज लगभग किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है, जिसके चलते भारत का स्टॉक बाजार नित नई ऊंचाईयां हासिल करता दिखाई दे रहा है। इसके ठीक विपरीत अमेरिका, चीन, रूस, जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, आदि जैसे लगभग सभी विकसित देशों में आज आर्थिक समस्याओं का अंबार लगा है। मुद्रा स्फीति की समस्या को तो कई विकसित देश अभी भी सम्हाल नहीं पाए हैं। विदेशी निवेशक संस्थानों का भरोसा इसी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था पर वापिस बहाल हुआ है और औसतन प्रतिदिन 100 करोड़ रुपए के शेयर विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय स्टॉक बाजार में खरीद रहे हैं। वर्ष 2014 के बाद से भारतीय स्टॉक बाजार ने जो रफ्तार पकड़ी हैं, वह भारतीय स्टॉक बाजार के इतिहास में पहिले कभी भी नहीं रही है।

**किस** भी देश के लिए स्टॉक (पूंजी) बाजार में हो रहा उतार चढ़ाव उस देश की अर्थव्यवस्था में भविष्य में होने वाले परिवर्तनों को दर्शाता है। यदि स्टॉक बाजार में तेजी दिखाई देती है तो इसका आशय सामान्यतः यह लगाया जाता है कि उस देश की अर्थव्यवस्था में सुधार दृष्टिगोचर है। इसके विपरीत यदि स्टॉक बाजार नीचे की ओर जाता दिखाई देता है तो इसका आशय यह लगाया जाता है कि निकट भविष्य में उस देश की अर्थव्यवस्था में कुछ समस्याएं आने वाली हैं। भारत की अर्थव्यवस्था में आज लगभग किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है, जिसके चलते भारत का स्टॉक बाजार नित नई ऊंचाईयां हासिल करता दिखाई दे रहा है। इसके ठीक विपरीत अमेरिका, चीन, रूस, जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, आदि जैसे लगभग सभी विकसित देशों में आज आर्थिक समस्याओं का अंबार लगा है। मुद्रा स्फीति की समस्या को तो कई विकसित देश अभी भी सम्हाल नहीं पाए हैं। विदेशी निवेशक संस्थानों का भरोसा इसी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था पर वापिस बहाल हुआ है और औसतन प्रतिदिन 100 करोड़ रुपए के शेयर विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय स्टॉक बाजार में खरीद रहे हैं। वर्ष 2014 के बाद से भारतीय स्टॉक बाजार ने जो रफ्तार पकड़ी हैं, वह भारतीय स्टॉक बाजार के इतिहास में पहिले कभी भी नहीं रही है। 7 अप्रेल 2014 को भारत में सेन्सेक्स 22,343 अंकों पर था, जो 26 मई 2014 को 24,700 के आंकड़े को पार कर गया। वर्ष 2019 में चुनावी बिगुल बजने से पहले 10 अप्रेल 2019 को सेन्सेक्स 38,600 अंकों पर पहुंचा। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में स्टॉक बाजार ने लगभग 73 प्रतिशत यानी 16,250 अंको से ज्यादा की छलांग लगाई। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी पर नियंत्रण स्थापित करते हुए भारत ने पूरी दुनिया के पटल पर सफलता की एक कहानी लिखी। वर्ष 2020 में भारतीय स्टॉक बाजार ने दुनिया के बाजारों के मुकाबले निवेशकों को 15 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न प्रदान किया। मौजूदा समय में भारत में सेन्सेक्स 65,000 के पार पहुंच गया है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में सेन्सेक्स ने 66 प्रतिशत यानी 25,500 अंकों की तेजी दिखाई है। बम्बई स्टॉक एक्स्चेंज का मार्केट केप 7 अप्रेल 2014 को 74.51 लाख करोड़ रुपए था, जो वर्तमान में बढ़कर 294.11 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच चुका है। इस प्रकार, इस दौरान निवेशकों की झोली में 219.59 लाख करोड़ रुपए आ चुके हैं। भारत में पिछले 40 दिनों में सेन्सेक्स ने लगभग 1800 अंकों की छलांग लगाई है। भारतीय स्टॉक बाजार में वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के दौरान विदेशी निवेशकों की अहम भूमिका रही है। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 4,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश भारतीय स्टॉक बाजार में किया है। अप्रेल 2023 से जुलाई 2023 तक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 1500-1600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश भारतीय स्टॉक बाजार में किया है। जो विदेशी संस्थागत निवेशक जनवरी-फरवरी 2023 में भारतीय कम्पनियों के शेयर बेचकर चीन की कम्पनियों के शेयर खरीद रहे थे परंतु अब मार्च-अप्रेल 2023 के बाद से पुनः वे भारतीय कम्पनियों के शेयर खरीदने लगे हैं। पिछले 9 वर्षों में से केवल 2 वर्ष ही ऐसे रहे हैं जिनमे विदेशी संस्थागत निवेशकों का भारतीय स्टॉक बाजार में शुद्ध रूप से निवेश ऋणात्मक रहा है।

## नागरिक बोध

# मणिपुर के आईने में भारतीय राष्ट्रवाद और इतिहास का सबसे बड़ा संकट

**लगभग** तीन महीने से जातीय हिंसा में झुलस रहे मणिपुर में महिलाओं के साथ बर्बरता का एक वीडियो देख पूरा देश सन्न रह गया। जिन महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया गया, उनमें एक महिला फौजी की पत्नी है, जिसने कारगिल में युद्ध लड़ा था। मणिपुर के मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी सैकड़ों घटनाएं हुई हैं। मणिपुर में जारी हिंसा में लगभग 155 लोग मारे जा चुके हैं। करीब 60,000 लोग बेघर हो गए हैं। 5000 से ज्यादा आगजनी की घटनाएं हुई हैं। राज्य भर में थाने लूटे गए हैं। हजारों की संख्या में हथियार और लाखों कारतूस संघर्षरत समुदायों के हाथ में पहुंच चुके हैं। अब इस आग की लपटें मिजोरम तक पहुंचने लगी हैं। इतने संवेदनशील हालात के बाद भी केंद्र और राज्य सरकारों का रवैए पर कई लोग सवाल उठा रहे हैं। जब वह भयावह वीडियो वायरल हुआ तो प्रधानमंत्री ने चुप्पी तोड़ी, लेकिन इसके बाद मणिपुर के मुद्दे को सभी राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध से ढंकने की कोशिशें शुरू हो गईं। दुर्भाग्य से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मणिपुर में अब कोई "बीच का रास्ता" रह ही नहीं गया है। विभिन्न समुदाय अपने रुख को ज्यादा से ज्यादा कट्टर बनाते जा रहे हैं। नागरिक समाज का विलोप हो चुका है और दो संघर्षरत समुदायों के बीच बातचीत-समझौते के लिए अनिवार्य नैतिक प्रतिष्ठा राजनीतिक दल खो चुके हैं। इस बीच राहुल गांधी का मणिपुर दौरा काफी अहम था। उनके दौरे को पीड़ित समुदायों के घावों पर मलहम लगाने के प्रयास के तौर पर देखा जा सकता है। भारत एक महादेश है। यह अपने अंदर पूर्वोत्तर से लेकर सुदूर दक्षिण तक भौगोलिक, भाषाई, सांस्कृतिक और राजनीतिक स्तर पर स्थानीय अस्मिता की भावनाएं समेटे है। ये भावनाएं किसी समुदाय की पहचान, बोली, भाषा, धार्मिकता या संस्कृति से जुड़ी हो सकती हैं। इनकी अभिव्यक्ति अपने-अपने तरीके से होती है। कभी संगठन बनाकर, कभी अलग झंडों के जरिये या कभी सत्ता और संपत्तियों में सुरक्षित, उचित भागीदारी पाकर। ये अस्मिताएं मिलकर अखिल भारतीय अस्मिता के साथ जुड़ती हैं। इन्हीं पहचानों, इन्हीं अभिव्यक्तिओं से या कहें कि इन्हीं तमाम स्थानीय उप-राष्ट्रीयताओं से मिलकर अखिल भारतीय राष्ट्रीयता बनती है। भारत राष्ट्र का काम है इन सभी स्थानीय राष्ट्रीयताओं को भारतीय राष्ट्रवाद की बड़ी छतरी के नीचे लाना और उन्हें यह भरोसा देना कि हम सब मिलकर एक हैं। यह एक नाजुक काम है। इसमें दूरंदेशी, उदारता, गहरी समझ और बड़े भविष्य का खाका बनाने की क्षमता होनी चाहिए। यह चलताऊ तौर से नहीं किया जा सकता। इसे चुनावी लाभ या आर्थिक लाभ मात्र के दृष्टिकोण से किया जाना घातक हो सकता है। यहां समझने की जरूरत है कि राजनीतिक विचारधाराएं विभिन्न भारतीय अस्मिताओं को किस नजरिए से देखती हैं। हजारों वर्षों की सघन सामाजिक प्रक्रिया में पैदा हुई इन भारतीय अस्मिताओं को यदि चुनावी फायदे के लिए एक जरिया, एक औजार, 'टूल' मानकर राजनीतिक दल या सरकारें चलेंगी तो परिणाम मणिपुर जैसे ही आएंगे। चुनावी लाभ और सत्ता के लिए भाजपा-आरएसएस ने हमेशा से भारतीय राष्ट्रवाद के महासागर को एक संकीर्ण रूप में दिखाने की कोशिश की है। सत्य यह है कि महान विविधताओं से भरे हमारे भारत देश, जहां संस्कृति, परंपरा और विभिन्न एथनिक समुदाय आपस में, एक दूसरे में गड्डमड्ड हैं, को आरएसएस के 'हिंदू-गैर हिंदू' नजरिए से देखने का परिणाम यही होगा कि अन्य अस्मिताएं ऐसे ही सरलीकृत ढंग से इसे आजमाने लगेंगी। जाहिराना भाजपा देश के अंदर मौजूद स्थानीय अस्मिताओं और उप राष्ट्रीयताओं को सुरक्षा और अपनेपन का भाव देने में असफल हो गई और इसका भारतीय समाज के हर एक समुदाय पर दूरगामी असर पड़ा है।

# मणिपुर में अमानवीय व्यवहार के विरोध में इंडिया गठबंधन दल का आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** इंडिया गठबंधन दल झामुमो, कांग्रेस, राजद, माकपा जदयू ने मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार करने के विरोध में माको डांकबंगला से मुख्य शहर होते हुए समाहरणालय गेट तक आक्रोशपूर्ण रैली - प्रदर्शन किया।इसमें शामिल लोग मणिपुर सरकार को बर्खास्त करो, आदिवासी महिलाओं का शोषण अत्याचार बंद करो, हिंसा पर रोक लगाओ, मोदी सरकार होश में आओ जैसे नारे लगा रहे थे।रैली का नेतृत्व झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, राजद जिलाध्यक्ष राम प्रवेश यादव, जदयू के जिलाध्यक्ष निजामुद्दीन कोरैशी, सीपीएम के वरिष्ठ नेता अयुब खान संयुक्त रूप से कर रहे थे।समाहरणालय गेट पर पहुंचकर प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गया, सभा की अध्यक्षता जेएमएम जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव एवं संचालन कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने



किया, आयोजित सभा को संबोधित करते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव ने कहा कि मणिपुर राज्य विगत तीन मई से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है बावजूद हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुक दर्शक बने हुए है तथा अबतक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को रोकने में पुर्नतः नाकाम रहे है।कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने कहा कि मणिपुर में भीड़ द्वारा महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया, निर्वस्त्र कर विडियो वायरल होने के बाद पुरा देश नहीं विश्व शर्मसार हुआ है। राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा कि मणिपुर में दो माह से अधिक समय से हिंसा से जल रहा है इसके बावजूद भी केंद्र की मोदी सरकार द्वारा संसद में मणिपुर की घटना पर कोई चर्चा नहीं की जा रही है और न ही हिंसा को रोकने की दिशा में कोई ठोस कदम ही उठाया जा रहा है। माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने कहा कि आज मणिपुर में भाजपा शाषन में महिलाओं पर अत्याचार चरम पर है देश ही नहीं विदेशों में भी भारत की बदनामी हो रही है।वहीं जदयू के जिलाध्यक्ष निजामुद्दीन कोरेशी ने कहा कि मणिपुर की हिंसा भाजपा की नफरत की राजनीति जिम्मेदार है अंत में गठबंधन दल का एक शिष्टमंडल ने उपायुक्त हिमांशु मोहन से मिलकर महामहिम राष्ट्रपति नाम ज्ञापन सौंपा। रैली प्रदर्शन में झामुमो के दीपू कुमार सिन्हा, समशुल होदा, अरूण कुमार दुबे, मानिक गंझु, पॉल एक्का, गोपाल सिंह, निर्मला उरांव, सुनैना कुमारी, ममता सिंह, रेखा देवी, सुरेश उरांव, इमरान, उपेन्द्र यादव, अरविंद यादव, ईश्वर उरांव, विजय उरांव, रामबृछ गंझु, संदीप उरांव, राजेंद्र गंझु, सीतामोहन मुंडा, सुरेश गंझु, इनहार, बबलू राही, रंजीत उरांव, मनोज चौधरी, असगर अली, सुमन सुनील सोरेंग, बिपिन तिवारी, अफजल, शशिभूषण तिवारी, महबूब आलम, आरती देवी, मुस्तकीम, अनिता मिंज, तौकीर मियां, हेरहंज जिप सदस्य चंचला देवी, गारु जिप सदस्य जीरा देवी, बुद्धेश्वर उरांव, लातेहार जिप सदस्य बीनोद उरांव, कांग्रेस के पंकज तिवारी, रंजीत यादव, अजीत श्रीवास्तव समेत सैकड़ों की संख्या में गठबंधन दल के नेता कार्यकर्ता समर्थक शामिल हुए।

# हाईवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मंत्री ढाबा में हाईवा ऑनर एसोसिएशन बालूमाथ कमिटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एशोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने कहा कि तुबैद कोल माइंस से कुसमाही कोल साइडिंग तक चल रहे ट्रांसपोर्टिंग कार्य में स्थानीय वाहन को प्राथमिकता देना है ।एवं उचित भाड़ा निर्धारित करने के लिए अंबे माइनिंग कंपनी के साथ हाईवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक आगामी 6 अगस्त को बालूमाथ के होटल कजरिया में रखी जाएगी । जिसको लेकर कंपनी के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया है। कम्पनी के पदाधिकारी अगर आगामी 6 अगस्त की बैठक में भाग नहीं लेते है या भाड़ा निर्धारण पर हाईवा मालिकों से वार्ता नहीं करते हैं तो हाईवा ओनर एसोसिएशन द्वारा बैठक कर आगामी 10 अगस्त से बंदी करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी। मौके पर शाहनवाज आलम, देवपाल प्रसाद, आफताब आलम, मो0 इमरान अफरोज आलम, मो0दानिश, दिनेश कुमार, विकास कुमार, राकेश कुमार बबलू यादव, पंकज सिंह, ललन सिंह मुनव्वर हुसैन, उदय कुमार, मो0 एहसान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सीसीएल सीएसआर के तहत बिंगलात में स्वास्थ जांच शिविर का किया गया आयोजन




**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक ए के सिंह के निर्देशानुसार मंगलवार को आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र के प्रभावित एवम् विस्थापित गाँव बिंगलात के प्राथमिक विद्यालय में सीसीएल सीएसआर के तहत स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 133 ग्रामीणो का स्वास्थ जांच कर निशुल्क दवाइयो का वितरण किया गया। शिविर में ज़्यादातर महिलाओं नें अपना स्वास्थ का जांच कराया, क्योंकि यह शिविर उनके गाँव में होने के कारण उनके लिए बहुत ही सुगम था। ज़्यादातर महिलाओ में एनीमिया यानि खून की कमी पाया गया, जिसके लिए उनको दवाई दिया गया। बीपी के मरीजों को यह सलाह दिया गया की वह आम्रपाली परियोजना स्थ्ति होनहे डिस्पेन्सरी में आकार नियमित रूप से अपना चेकअप करा कर दवाई ले सकते हैं। यह स्वास्थ जांच शिविर क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीरज सिंह के द्वारा लगाया गया, साथ में उनके टीम के सदस्य फर्मासिस्ट रत्नेश शर्मा, मानिंदर सिंह, अजय, घनश्याम ने सहयोग किया। इस मौके पर पोकला-उर्फ-कसियाडीह के मुखिया प्रतिनिधि गोपाल महतो, पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# जबरदस्ती जोत-कोड़ करने के आरोप में उपायुक्त को दिया आवेदन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के नावागढ़ पंचायत अंतर्गत नावाडीह निवासी पंचम तुरी ने 1.संतोष साव पिता स्व विहारी साव (2) प्रदीप साव पिता महंगु साव 3. रविन्द्र साव पिता अक्षवर साव, ग्राम पंचायत नावागढ़, 4.जलेशवर यादव पिता भूखन यादव 5.बबलू उरांव पिता दिनेसर उरांव ग्राम नावाडीह पंचायत नावागढ़ के नाम उपायुक्त को आवेदन देकर जबरदस्ती खेत में जोत कोड़ करने का आरोप लगाया है। आवेदन में लिखा है कि मेरे जमीन जो ग्राम नावाडीह में स्थित है उसका खाता संख्या 35 प्लॉट संख्या 394 रकबा 3 एकड़ है जिससे उपरोक्त पांचों लोगों के द्वारा जबरन जोत-कोड़ कर दिया गया है मेरे द्वारा मना करने पर जान से मारने की भी धमकी दिया जा रहा है मैं एक गरीब आदमी हूं उन सभी से अपना जमीन छुड़वाना चाहता हूं आवेदन देकर उपायुक्त से न्याय का गुहार लगाया है।

# मृतक देव कुमार के परिजनों से मिला प्रजापति समाज, बंधाया ढाढस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत दुरुप पंचायत के ग्राम दौना में बीते 19 जूलाई को पुलिस की मुखबिरी के आरोप में देवकुमार प्रजापति उम्र 38 वर्ष को माओवादियों ने पिट पिट कर हत्या कर दी थी। घटना के बाद झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष सह माटीकला बोर्ड के सदस्य एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अविनाश देव के नेतृत्व में प्रमंडलीय स्तर पर निरीक्षण टीम गठित किया गया एवं टीम दौना ग्राम पहुंची और परिजनों से घटनाक्रम की पूरी जानकारी प्राप्त की। टीम में ललन प्रजापति, भूनेस प्रजापति, पलामू, अनुप प्रजापति गढ़वा, एवं संजय प्रजापति (पत्रकार ) प्रभात मंत्र ब्यूरो चीफ लातेहार शामिल थे।



मौके पर ललन प्रजापति ने कहा कि यह घटना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को समाज की ओर से हरसंभव मदद की जाएगी। समाज इनके साथ हैं वहीं सरकारी प्रावधान के अनुसार नियम संगत परिजनों को मुआवजा दिलाने का काम किया जाएगा। वहीं समाज से आए सभी लोगों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुःख में आप अकेला नहीं है हम समाज के सभी लोग आपके साथ हैं। पीड़ित परिवार से मिलने के उपरांत पत्रकार संजय प्रजापति ने कहा कि यह काफी जघन्य अपराध है।इसको लेकर कानून के साथ साथ समाज को भी मजबूत कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए जिससे कि आगे कोई इस तरह की अमानवीय हरकत नहीं करें।

# स्वर्गाधिपति देवराज भगवान इंद्र का धूम धाम से किया गया पूजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के ग्राम सोपारम के कुल देवी(स्थान) देवी टोंगरी में मंगलवार को श्रेष्ठ ब्राह्मणों के द्वारा स्वर्गाधिपति देवराज भगवान इंद्र का पूजन सह हरि कीर्तन पुरे धूम धाम एवम् हर्षोल्लास के साथ पूरे ग्रामीणों के सहयोग से सम्पन्न किया गया। गांव के लोगों ने जानकारी देते हुए यह बताया कि भगवान इंद्र की पूजा हमारे यहां वर्षों से होते आ रहा है। लोगों का मानना है कि वर्षा के दिनों में भगवान इंद्र की पूजा करने के उपरांत निश्चित ही वर्षा होती है, जिससे सभी जीव जंतुओं सहित समुचित जनकल्याण निहित है। देव पूजन में महाप्रसाद के रूप में केवल गाय के दूध के द्वारा ही बना हुआ तस्मय (खीर) भगवान को भोग लगता हैं। मंगलवार को हुए इस देव पूजन से ग्रामीणों ने यह कहा कि



भगवान इंद्र देव की पूजा करने से जो लोगों की मान्यताएं है, वर्षा होने की, वह बिल्कुल ही सही साबित होगी। इस आयोजन में ग्राम सोपारम के साथ साथ आस पास के पड़ोसी गांव सहित पूरे कोयद पंचायत के महिला एवं पुरुष एकत्रित होकर पूरे भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास के साथ भगवान इंद्र की पूजन किए। यह देव पूजन आचार्य नारायण पाठक, भास्कर पाठक, बसंत पाठक, राम कुमार पाठक, एवम जय प्रकाश पाण्डेय के द्वारा विधिवत संपन्न किया गया। इस देव पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेश कुमार, मुखिया किशुन राम, मुख्तार दास, विजय दास, मुकेश दास, गौतम दास, सतीश कुमार सिंह, बनारस सिंह, गणेश दास, रोहित कुमार सिंह, विवेक कुमार आनंद, शांतनु दास, मनोज दास, राम नारायण दास, सुनील दास, पारस दास सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# फुटबॉल टूर्नामेंट का राजद नेता गिरिजानंदन सिंह व थाना प्रभारी ने किया उद्घाटन



**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छिपादोहर पंचायत अंतर्गत मतनाग खेल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप शिरकत किये गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी ने कार्यक्रम स्थल पहुंच कर खिलाड़ियों से बारी बारी से परिचय प्राप्त किया और किक मार कर शुरुआत करने का काम किया मौके पर राजद नेता श्री सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को पुरे लग्न और मेहनत से खेल को खेले खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करते हुए उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेले अपनी प्रखंड के साथ-साथ जिले का नाम रौशन करे खेल खेलने से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। समय - समय पर खेल को खेलते रहना चाहिए। वहीं छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहां कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने से अपने क्षेत्र का नाम रौशन होता है साथ ही लगातार खेल को खेलते रहे और बेहतर प्रदर्शन करे मौके पर काफी संख्या में खेल प्रेमी फुटबॉल खिलाड़ी मौजूद थे।

# पंसस की बैठक का आयोजन संचालित योजनाओं की ली गई जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी और प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की संयुक्त अध्यक्षता में पंसस की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभागों के अधिकारी व कर्मियों के साथ सभी पंचायतों के पंसस की उपस्थिति रही।इस दौरान पिछले बैठक में सदन के द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर अनुपालन की प्रति सदन को उपलब्ध कराई गई। बाद इसके सदन के द्वारा बिजली विभाग को बताया गया कि प्रखंड अंतर्गत अहिरपुरवा में बिजली का खंभा नहीं है , कई गांव में ट्रांसफार्मर जला हुआ है उसे ठीक कराएं। मौके पर प्रमुख सुशीला देवी ने सदन के माध्यम से शिक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि सीआरपी बीआरपी विद्यालयों का



नियमित भ्रमण करें क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा गया है कि विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका गप्पे लड़ाते हैं। वहीं इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा कि जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी हैं वहां अन्य विद्यालयों के शिक्षकों को प्रतिनियोजित करें। वहीं उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल ने निजी स्कूलों में प्रावधान के मुताबिक 25 प्रतिशत गरीब बच्चों के नामांकन सूची उपलब्ध कराने को कहा है। वहीं सदन के माध्यम से बाल विकास विभाग के द्वारा एक या दो वेंडर के द्वारा पोषाहार सप्लाई करने का मामला आया जिसपर संबंधित पदाधिकारी ने बताया कि सेविका स्वतंत्र हैं कि वह कहीं से भी पोषाहार की खरीदारी कर सकते हैं उन्हें एक जगह से पोषाहार खरीद करने का निर्देश नहीं दिया गया है। वहीं सदन के द्वारा पीएचईडी विभाग के द्वारा क्रियान्वित हर घर नल जल योजना की स्थिति खराब होने पर काफी नाराज़गी जताई।इस संबंध में पंसस दिलीप सिंह ने कहा कि छिपादोहर में कई जल मीनार खराब है और हाई स्कूल के प्रांगण से जल मीनार का स्ट्रक्चर उखाड़ कर कोई ले गया है यह गंभीर मामला है इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं सदन ने कम बोरिंग होने की बात कही उसपर बीडीओ ने कहा कि बोरिंग कम होने की शिकायत मिल रही है प्रखंड में जितना भी बोरिंग हुआ है पंचायत प्रतिनिधि के उपस्थिति में सारे बोरिंग की गहराई की जांच करें।पंसस प्रवीण कुमार ने पंचायत समिति के फंड से बिजली के खंभे से स्ट्रीट लाइट लगाने के बारे में जानकारी ली। मौके पर विभाग के पदाधिकारी कर्मी मौजूद रहे।

# पीसीसी पथ पर जल जमाव से राहगीर परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत पथ पीडब्ल्यूडी पथ अखरा से चौपाल होते हुए पोखरी कला भाया, बेतला मार्ग में पीसीसी पथ का निमार्ण कार्य वर्तमान में कराया गया है।नये पीसीसी सड़क पर जल जमाव हो को हो जाना साफ दर्शाता है कि गुणवत्तायुक्त काम नहीं हुआ है।लेवल में ढलाई नहीं किया गया है।बतादें कि पोखरी कलां में सड़क निर्माण कार्य में पीसीसी सड़क ढलाई एक लेबल में नहीं किये जाने से सड़क पर हल्की बारिश में ही जल जमाव हो जाने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहांगीर मियां के घर से लेकर सुबेदार मियां के घर तक हल्की बारिश में भी सड़क पर जल जमाव हो जाने से स्थानीय लोगों के साथ - साथ आम - अवाम राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों में पोखरी कलां निवासी अब्दुल मोतलिब,पीर मोहम्मद, कुतबुद्दीन अंसारी, अलिजामा अंसारी आदि ने बताया कि हमलोगों के घर के पास सड़क पर जल जमाव हो जाने से काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है।संवेदक के द्वारा सही ढंग से सड़क की ढलाई नहीं किये जाने से इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को गंदे पानी का छिट्टा पड़ते रहता है।

# विवाहित महिला की कुआ में डूबने से मौत



**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बनवारा गांव में कुएं में डूबने से एक 22वर्षीया विवाहिता प्रीति कुमारी की मौत हो गई। पत्थलगड़ा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम करने के बाद मृतिका के घरवालों को शव को सुपुर्द कर दिया मृतका के पति मिंटू राम, के साथ सात महीने पूर्व प्रीति कुमारी के साथ हिंदू धर्म के रीति रिवाज के अनुसार शादी कर दिया गया था।

# जिला स्तरीय यूथ मोमिन कांफ्रेंस की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला स्तरीय मोमिन कांफ्रेंस की बैठक मंगलवार को परिषदन भवन चतरा में हाजी जैनुल आबेदीन की अध्यक्षता तथा यूथ जिलाध्यक्ष नेसार अंसारी के देख रेख में संपन्न की गयी ।सभा का संचालन जिला महासचिव असलम अंसारी ने किया। बैठक की शुरुवात तिलावते कुरान से की गई ।तत्पश्चात मोमिन कॉन्फ्रेंस के विस्तृत ऐतिहासिक परिचर्चा को बारी-बारी से सभी उपस्थित लोगों ने किया। मोमिन कॉन्फ्रेंस को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। साथ हीं मोमिन कॉन्फ्रेंस का इतिहास सामाजिक परिवेश, सामाजिक परिवेश, राजनीतिक परिवेश, शैक्षणिक परिवेश तथा आर्थिक परिवेश में मोमिनो की भागीदारी को धरातल पर कैसे उतारा जा सके, जैसे मुद्दों पर विस्तृत रूप से परिचर्चा की गई। इस बैठक में सर्वप्रथम जिला संयोजक मंडली का गठन किया गया। इस संयोजक मंडली में हाजी जैनुल आबेदीन, मौलाना मकसूद साहब, नेसार



अंसारी, अब्दुल्लाह अंसारी, कबीर अंसारी अब्दुल रशीद अंसारी, साजिद आलम, मुजाहिद शाहब, गुलाम रसूल साहब ,असलम अंसारी, अनवर हुसैन ,मोहम्मद हसीब को चयनित किया गया।ज्ञात हो कि माननीय प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली के निर्देशानुसार प्रत्येक प्रखंड में पुनः मोमिन कॉन्फ्रेंस का प्रखंड कमेटी का विस्तार किया जाना है। उक्त बैठक में प्रत्येक प्रखंड में प्रखंड प्रभारी नियुक्त किए गए प्रत्येक प्रखंडों में एक बैठक करा कर प्रखंड अध्यक्ष तथा प्रखंड के पदाधिकारियों का चुनाव कराया जाएगा। सर्वप्रथम 6 तारीख को गिद्धौर प्रखंड से इसकी शुरुआत की जाएगी। गिद्धौर प्रखंड में चुनाव पर्यवेक्षक के रुप में हाजी जैनुल आबेदीन साहब तथा जनाब अब्दुल्लाह अंसारी साहब को नियुक्त किया गया। तत्पश्चात 7 तारीख को कान्हाचट्टी प्रखंड में मौलाना मकसूद साहब, मुजाहिद शाहब ,इटखोरी में कबीर अंसारी, अब्दुल रशीद अंसारी को चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया, सिमरिया प्रखंड के लिए हाजी जैनुल आबेदीन तथा हाजी इजहार साहब को चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया लावालौंग के लिए हाजी जैनुल आबेदीन साहब नेसार अंसारी तथा असलम अंसारी को बनाया गया प्रतापपुर प्रखंड के लिए हाजी जैनुल आबेदीन नेसार अंसारी तथा असलम अंसारी को बनाया गया मयूरहंड के लिए गुलाम रसूल साहब तथा अब्दुल्ला साहब को बनाया गया।

# लावालौंग से रिमी रामपुर और लावालौंग से भुसार तक सड़क निर्माण को लेकर विधायक किशुन कुमार दास ने झारखंड विधानसभा में उठाया मामला

- वन विभाग से अब शीघ्र मिलेगा अनापत्ति प्रमाणपत्र
- वाइल्ड लाइफ क्लियरेंस को लेकर राष्ट्रीय वन पर्षद को लिखा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने लावालौंग प्रखंड के दो सड़कों के निर्माण को लेकर विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से जानना चाहा है कि आखिर लावालौंग से रिमी रामपुर और लावालौंग से भुसार तक सड़क निर्माण को लेकर वन विभाग के द्वारा अब तक अनापत्ति प्रमाण पत्र क्यों नहीं दिया गया है।इस बाबत सरकार ने जानकारी देते हुए बताया है कि वाइल्डलाइफ क्लीयरेंस को लेकर वन राष्ट्रीय वन परिषद को अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने की अनुशंसा की गई है। इसको लेकर जिला स्तरीय प्रयोक्ता अभिकरण, कार्यपालक अभियंता (ग्रामीण कार्य मामले, कार्य प्रमंडल, चतरा)के द्वारा भी शीघ्र प्रस्ताव अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है



कि लावालौंग से रिमी रामपुर तकरीबन अठारह किलोमीटर और लावालौंग से भुसार करीब सात किलोमीटर तक सड़क निर्माण पिछले कई वर्षों से लंबित है।इस मामले में विधायक किशुन कुमार दास ने झारखंड सरकार से शीघ्र कार्रवाई करते हुए अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने की मांग की है। सरक निर्माण नहीं होने से लब्लन कुरुक्षेत्र के तक मचाले से 50000 आवादी को यातायात की समस्याओं से जीना पर है इस क्षेत्र के रहने वाले लोगों को बुनियादी विकास कार्य जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसे मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है।इससे इस क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है।बताया जाता है कि वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव लंबित है।सड़क निर्माण में सबसे बड़ा बाधक बना हुआ है।लेकिन सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास द्वारा विधान सभा में मामला उठाया जाने के बाद वन विभाग के साथ साथ राज्य सरकार हरकत में आया है और राज्य सरकार ने बताया है कि अब शीघ्र ही सभी प्रशासनिक बाधाओं को दूर करते हुए जल्द ही सड़क निर्माण हो सकेगा। इन दोनों सड़क निर्माण हो जाने से लावालोंग प्रखंड क्षेत्र में विकास की एक नई बयार बहेगी और लोगों को बुनियादी समस्याओं से निदान मिल सकेगा।लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने विधायक किशुन कुमार दास के प्रयास का काफी प्रशंसा किया है।

# हंटरगंज प्रखंड में बन रहे सड़कों का किया गया निरीक्षण



**हंटरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना एवं डीएमएफटी मद से बन रहे सड़कों का स्थल निरीक्षण किया गया। आरडब्लूडी एवं एनआरईपी के कार्यपालक अभियंता मोहम्मद शाहनवाज खान के नेतृत्व में निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण दल में सहायक अभियंता ओम प्रकाश गुप्ता, कनीय अभियंता सुरेश प्रसाद एवं अनिल कुमार सिंह शामिल थे। सुहाद मोड़ से बिहार सीमाना तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बन रहे सड़क का निरीक्षण गहनता से की गई। डीएमएफटी से ग्राम नावाडीह पनारी,लेंजवा बहेरी के अतिरिक्त कई गांव में बन रहे से सड़कों की गुणवत्ता की गहनता से निरक्षण किया गया। संवेदकों को निर्देश दिया गया कि ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य किए जाने पर ही राशि की भुगतान की जाएगी। उन्होंने बताया की कार्य प्रगति पर है परंतु अधिक प्रगति की आवश्यकता पर बल दिया गया। बताया गया की काम के गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।काम ससमय पूर्ण करने वाले संवेदकों का ही भुगतान संभव है।

## संक्षिप्त खबरें

### आकाशीय बिजली गिरने से बरहमोरिया निवासी कमली देवी की मौत

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बरहमोरिया निवासी पुनीत महतो की धर्मपत्नी कमली देवी की आकाशीय बिजली गिरने से से घटना स्थल पर दुखद मृत्यु हो गई । बताया जाता है,कि मृतका अपने घर से महज 20 से 30 फिट की दूरी पर घर के अन्य सदस्यों के साथ अपने खेत मे धान रोपने गई थी,उसी समय आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई,और अन्य सद्स्य पूरी तरह से सुरक्षित है।समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों ने इसकी जानकारी कुसुम्भा मुखिया दुलारचंद महतो को दे दी गई थी। ग्रामीणों ने कहा कि मुखिया विष्णुगढ़ थाना को सूचित करेंगे और आगे की कार्यवाई की जायेगी ।समाचार लिखे जाने तक स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना नही दी गई थी ।

### माइंस रेस्क्यू स्टेशन में जनता मजदूर संघ बैठक हुई

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ के माइंस रेस्क्यू स्टेशन में उदय प्रताप नारायण सिंह,जनता मजदूर संघ सीसीएल की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई । जिसमें सर्वसम्मति से माइंस रेस्क्यू स्टेशन में जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुधांशु मिस्त्री , उपाध्यक्ष प्रेम कुमार और ओम प्रकाश राम सचिव संजय कुमार गोराई सहायक सचिव नारायण मंडल और प्रताप कुमार सिंह कोषाध्यक्ष भागीरथ महतो तथा कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में रेनू देवी उज्जवल कुमार करमाकर उपेंद्र कुमार मृत्युंजय घासी जैकी कुमार आदि को बनाया गया।

### पर्यावरण मंच बीएमएस ने एक वृक्ष देश के नाम कार्यक्रम किया आरंभ

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पर्यावरण मंच (बीएमएस) के द्वारा अगस्त माह में एक वृक्ष देश के नाम कार्यक्रम का मंगलवार को मां छिन्नमस्तिका मंदिर के प्रांगण से आरंभ किया गया। अवसर पर भारतीय मजदूर संघ पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक प्रशांत बेलथरिया ने रजरप्पा मंदिर न्यास समिति सचिव सुभाशीष पांडा को एक वृक्ष पौधा देकर कार्यक्रम का शुरुआत किया। इसके बाद सभी न्यास समिति सदस्य और भक्तजनों के बीच एक-एक फलदार व औषधीय पौधे देकर एक पेड़ अवश्य लगाने, दूसरों को प्रेरित करने संबंधी संदेश दिया। बताया कि बदलती जलवायु परिवर्तन में वृक्षों का महत्व काफी महत्वपूर्ण हैं। इसे संजोकर और सुरक्षित रखने की आवश्यकता हैं। मौके पर पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक प्रशांत बेलथरिया, विशाल कुमार, मनीष पांडे, अजय शर्मा, राज किशोर, नरेंद्र लाल समेत कई उपस्थित थे।

### मणिपुर की घटना को लेकर इंडिया घटक दलों ने एक दिवसीय धरना दिया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मणिपुर के मुख्यमंत्री इस्तीफा दो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा दो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुपी तोड़ो और मणिपुर में तत्काल शांति बहाल करो की मांगों को लेकर इंडिया घटक दलों के भाकपा-माले, जेएमएम, कांग्रेस, सीपीआई,आप,आरजेडी,जनता दल-यू अन्य दलों के नेताओं में भाकपा-माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया,हीरा गोप, देवकीनंदन बेदिया,बिगेन्द्र ठाकुर,लाली बेदिया,अमल कुमार, जयनंदन गोप, नागेश्वर मुंडा, लालचंद ठाकुर, लालचंद बेदिया,रामबृक्ष बेदिया,सरयू बेदिया, जलेश्वर महतो,रुदल राय अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित थे। सोमवार को रामगढ़ ब्लाक से सर्वप्रथम एक मार्च निकाला गया जो सुभाष चौक के धरना स्थल में पहुंच कर सभा में बदल गया। भाकपा-माले नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि- देश की आजादी के बाद आज भारत देश में आदिवासी बहुत ही संकट से भरा खतरे की दौर से गुजर रहा है। लगातार हमले पर हमले जारी है। नरेंद्र मोदी केंद्र की सत्ता में आने के बाद से मेन टारगेट आदिवासी हैं लेकिन शुरुआत मुसलमानों से की है। उसके बाद इसाइयों पर हमला, दलितों पर हमला, मजदूरों पर हमला, किसानों पर हमला, युवाओं पर हमला, महिलाओं पर हमला, छात्रों पर हमला और अब आदिवासियों पर हमला तेज कर दिया है। भूमि अधिग्रहण एक्ट का संशोधन करने का प्रयास,हरिजन आदिवासी अत्याचार अधिनियम को खत्म करने का प्रयास,रघुवर के समय से सीएनटी/एसपीटी एक्ट को संशोधन करने का प्रयास, धार्मिक-सांस्कृतिक पर पहले से ही अतिक्रमण और हिंदू में रुपांतरण करने की कोशिश में तेजी लाना,आरक्षण को खत्म करने का प्रयास, गैर-आदिवासियों को आदिवासी बनाने का लगातार प्रयास करना, आदि वासियों के बीच में आपसी विभाजन करने का प्रयास, आदिवासियों को उग्रवादी-नक्सलवादी करार कर दमन चलाना। ष्ट,ष्टष्ट के माध्यम अधिकारों को खत्म करना,वन संरक्षण संशोधन विधेयक 2023 के माध्यम से आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन खनिज से बेदखल कर विस्थापन करना, रोजगार के अभाव में पलायन होने के लिए मजबूर करना। सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक रुप से उपेक्षित,शोषण,अत्याचार-प्रताड़ित आए दिन करते रहना। हम नहीं कह सकते हैं कि हम आप सब आजाद देश के नागरिक हैं। आजादी के मायने संविधान है, संविधान हमारा लोकतंत्र है जो संविधान के प्रस्तावना में कहा गया है कि समानता, बराबरी, सद्भावना, भाईचारा, धर्मनिरपेक्ष और सामाजवादी व्यवस्था। संविधान बनने के बाद संविधान सभा में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि संविधान अच्छा है लेकिन संविधान को चलाने वाले लोग यदि गलत होंगे तो ये संविधान एक कागज का पुलिंदा साबित होगा और यदि अच्छे लोग होंगे तो कमियों को मजबूत करेंगे।

## नई शिक्षा नीति आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी : शैलेश कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के पंचमाधव स्तिथ आईलेक्स पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए तीन वर्ष पूरा होने पर केंद्रीय शिक्षा नीति ने सभी विद्यालय को कुछ क्रिया - कलाप आयोजन करने के निर्देश जारी किये थे। जिसके तहत आईलेक्स में भी कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गए। हाल के वर्षों में, कई देशों ने 21वीं सदी की मांगों को पूरा करने के लिए अपनी शिक्षा प्रणालियों को अद्यतन करने की आवश्यकता को पहचाना है। एक सफल शिक्षा प्रणाली का प्राथमिक लक्ष्य व्यक्तियों को एक सर्वांगीण मनुष्य के रूप में विकसित करना है।




## अवैध कब्जे वाली जमीन को खाली करने पहुंचा बरही प्रशासन, 15 दिनों का दिया अल्टीमेटम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनरा पंचायत के सामंतों पेट्रोल पंप के पास कैसर- ए- हिंद की जमीन प्लॉट नंबर 1472 को अवैध रूप से कब्जा किया जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में एसडीओ पूनम कुजूर के आदेशानुसार प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सीआई सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ मंगलवार को उक्त कैसर- ए- हिन्द अतिक्रमण जमीन को मुक्त कराने के लिए स्थल पर गए, जहां उन्हें मकान के मालिक के द्वारा विरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर सीआई ने कैसर-ए-हिंद जमीन पर एसडीओ का निर्देश को बताया। जिसके बाद कृष्णा यादव मामले को समझते हुए प्रशासन से 15 दिनों का लिखित रूप से समय मांगा। प्रशासन ने भी उन्हें पंद्रह दिनों का समय दिया। वहीं कृष्णा यादव ने प्रशासन को अवगत कराया कि मेरे अलावा अन्य लोगों के द्वारा कैसर- ए- हिन्द के जमीन पर कब्जा जमाए हुए है, उसे भी हटाया जाना चाहिए। जिस पर सीआई ने कहा कि सभी केसर- ए- हिंद जमीन पर अतिक्रमण कारियों को चिन्हित कर मुक्त कराया जाएगा। अतिक्रमण मुक्त कराने गए मौके पर बरही सीआई सतीश कुमार, कर्मचारी रितलाल रजक, अंचल अमीन चेतन यादव एवं पुलिस अवर निरीक्षक महेंद्र बैठा सहित पुलिस बल शामिल थे।

## रामगढ़ में शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ मोहर्रम नौजवान कमेटी के लोगो ने कहा रामगढ़ मोहर्रम का पर्व में किसी प्रकार की कोई विवाद ना हो इसके लिए प्रशासन जगह जगह नजर रख रही थी सभी जुलूस एक एक कर कर्बला गई और अपने अपने खेल का प्रदर्शन किये और शांतिपूर्ण तरीके से अपने अपने घर की और प्रस्थान किये, रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो बधाई के पात्र है।इस अवसर पर रामगढ़ मोहर्रम नौजवान कमेटी के द्वारा रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो को बुके और शॉल मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्यास खान, वजूल खान, समाजसेवी आरिफ कुरैशी, परवेज आलम, अनमोल खान, सिंदबाज खान, सोहेब खान, शब्बीर खान, आरिफ रजा, रिजवान मजीद, फैज खान, अरबाज खान मुख्य रूप से मौजूद थे एवं दर्जनों लोग मौके पर उपस्थित थे ।

## आम बागवानी से आत्मनिर्भर होगा विष्णुगढ़ प्रखण्ड : प्रभात रंजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** मनरेगा योजनांतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी अभियान का शुभारंभ जिला परियोजना पदाधिकारी प्रभात रंजन,प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी राजमोहन वर्मा,मुखिया रामचन्द्र यादव एवं रोजगार सेवक मदन यादव के द्वारा बेड़ा हरियारा पंचायत से की गई । जानकारी के अनुसार विष्णुगढ़ प्रखण्ड में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी एवं प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी राजमोहन वर्मा एवं पिछले बीपीओ के प्रयास फलस्वरूप मनरेगा अंतर्गत पिछले वित्तीय वर्ष 2019- 2020 में एक लाभुक ने एक एकड़ की भूमि में,2020 -2021वित्तीय वर्ष में 94 लाभुकों ने 87.50 एकड़ भूमि में, वित्तीय वर्ष



23021 2022 में 96 लाभुकों ने 82 एकड़ भूमि में ,वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 83 लाभुको ने 77.5 एकड़ भूमि में,और अभी चल रहे वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 127 लाभुकों ने 118.5 एकड़ की भूमि पर आम बागवानी कर मिसाल पेश की है ।इस योजना के तहत अभी तक कुल 41048 फलदार पौधे, एवं 29000 इमरती पौधा लगाया गया है । इस बाबत जानकारी देते हुए बीडीओ संजय कुमार कोंगारी ने कहा कि अगले वर्ष लगभग सैकड़ो एकड़ की भूमि पर लगे आधे से ज्यादा पोधो मे फल आना शुरू हो जायेगा,जिससे आम बागवानी के स्वामी को अच्छी आर्थिक लाभ मिलना तय है । आम बागवानी से अच्छी आय के साथ पर्यावरण को भी लाभ होगा वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा भी पेड़ के साथ बढ़ेगी। पेड़ो के होने से भूजलस्तर भी बढ़ेगा जिससे आने वाली पीढ़ी को पानी के लिए तरसना नही पड़ेगा । मनरेगा द्वारा आम बागवानी को तैयार करने में मजदूरों की भी अहम भूमिका है,इनके द्वारा कार्य के बदले सरकारी दर पर मजदूरी का भुगतान किया गया जिससे रोजगार का सृजन भी हुआ है।एक बागवानी मे मनरेगा मजदूरों को तीन वर्ष तक रोजगार भी मिलने की गारन्टी है ।

## आजसू प्रखंड कमेटी द्वारा जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** आजसू प्रखण्ड कमिटी द्वारा पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया। शिविर के माध्यम से आम जनता के समस्याओं जैसे राशन कार्ड मैं त्रुटि जमीन संबंधी मामलों जाति आवासीय आय प्रमाण पत्र में हो रहे बनने मे देरी आदि समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय सचिव विजय कुमार



साहू,प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो,जिला उपाध्यक्ष राजू कुमार, जिला संगठन सचिव अशोक पाठक, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश सिंह, जिला सह सचिव अजय रवि,मनोज राम,बिजेंदर मुंडा,राजेश पटेल, फूलचंद महतो,रवि सिंह,नरेश राम सहित अन्य पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पतरातू प्रखंड में हुआ शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत मंगलवार को कोतो व पालू पंचायत में शिविर के 14 वें दिन आसपास के क्षेत्रों के चिन्हित 82 कुपोषित बच्चों को तीन समय का पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया वही 16 ग्रामीणों को टेलीमेडिसिन सेवा भी उपलब्ध कराई गई।



स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना को और भी प्रभावी बनाने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने के मद्देनजर टीम के द्वारा आसपास के घरों का भ्रमण कर लोगों टेलीमेडिसिन सहित सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। समय और धन बचाने के उदेश्य से निर्मित इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुचई जा सकेगी।

## जंगली हाथी ने मचाया उत्पात क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गैडा के ग्राम बसरामो में 30 जुलाई कि रात्रि में हाथी के द्वारा बसरामो निवासी बहादुर राम के पोल्ट्री फार्म में काफी उत्पात मचाया व पोल्ट्री फार्म में चूजों एवं रखें चावल को नुकसान पहुंचाया है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि श्यामा साव,उपमुखिया चंद्रदीप पाण्डेय एवं ग्रामीणों व वन विभाग के द्वारा मशाल जलाकर एवं पटाखा फोडकर हाथी को खदेड़ा गया।स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि के द्वारा वन विभाग के पदाधिकारियों से हाथी के द्वारा पोल्ट्री फार्म संचालक बहादुर राम के नुकसान का मुआवजा राशि दिलाने की मांग







किया है।वहीं 31 जुलाई की सुबह आज करीब 05:00 बजे प्रखंड क्षेत्र के गिरिडीह जिला सीमावर्ती इलाका के ग्राम कूदर निवासी मेराज आलम के घर का दरवाजा तोडकर घुस में गया ओर घर के अंदर रखे घरेलू सामाग्रियों एवं अनाज को नुकसान पहुचाया व घर के अंदर महिला पर हमला बोल दिया जिससे महिला का सिर फट गया व हाथ टूट गया।काफी मशक्कत से स्थानीय लोगों के द्वारा हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा गया।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक प्रतिनिधि शेख बदरूद्दीन ने घटनास्थल पर पहुंच कर लोगों को जंगली हाथी से सचेत रहने को कहा हाथी फिलहाल बींड जंगल की ओर है।वन विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अभी जंगल की ओर जाने से ग्रामीण परहेज करें और अपने-अपने घरों-खेतों आदि जगहों पर हाथी से सर्तकता बरतें।बताते चलें कि बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का तांडव दो-चार माह में एक-दो बार होते रहता है।ओर जिसका मूल कारण यह है कि जंगलों कि अवैध अंधाधुंध कटाई ओर जंगली वनस्पतियों को नष्ट करना एक मूल कारण जंगली जानवरों का बिछड़ कर गांवों व शहरों में आना।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी इंदर कुमार के विदाई समारोह का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** मंगलवार को चुरचू प्रखंड कार्यालय परिसर में इंदर कुमार का विदाई सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने की वही कार्यक्रम का संचालन त्रिदेव कुमार ने किया। कार्यक्रम में इंदर कुमार ने कहा कि हम जैसे कोई भी अधिकारी हो हमारा उद्देश्य जनता की सेवा है और हम जब तक अपने कार्यकाल में हैं तबादला होना जारी ही रहेगा। वही इंदर कुमार के तबादले के बाद चुरचू के अंचलाधिकारी को अतिरिक्त प्रभार देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बनाया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मियों सहित जनप्रतिनिधियों को कहा कि हम जनता के लिए हैं और हमें हमेशा प्रयास करना चाहिए के जनता को जो भी असुविधा होती है उसे पर हमको कार्य करना है ताकि प्रखंड की जनता सरकार की योजनाओं से तथा अन्य क्रियाओं से लाभान्वित हो सके। वही पदभार ग्रहण करके अंचलाधिकारी शशि भूषण सिंह ने कहा कि में प्रखंड विकास के कार्यो का किसी तरह के काम में कोताही नहीं करूँगा उन्होंने सभी को अस्वस्थ की जिस तरह प्रखंड का कार्य होता आ रहा था उसी तरह मैं भी कार्य करता रहूंगा किसी तरह का मैं शिकायत का मौका किसी को नहीं दूंगा। जिस किसी को किसी भी तरह के भी परेशानी हो तो हमसे सीधे संपर्क करके अपने कार्य को करवा सकते हैं वहीं पर प्रखंड और अंचल कर्मियों द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी इंदर कुमार को सामूहिक रूप से घड़ी भी गिफ्ट की है वही बीएफटी राजकुमार ने कहा सर को इसलिए घड़ी दिए हैं ताकि इस घड़ी को जब देखे अंचल कर्मी और प्रखंड कर्मी को हमेशा याद करते रहेंगे वही ।मुख्य रूप से उपस्थित

## कृषि क्षेत्र में मुनाफा कमाने के लिए नए सिरे से सोचने की जरूरत : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने दुलमी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दुलमी प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत आयोजित जल छाजन जागरूकता सह प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान में अगर हमें कृषि क्षेत्र में मुनाफा कमाना है तो जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीक अपनाने होंगे। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं व प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों कि आए बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण परंपरागत तरीके से कृषि कर



मुनाफा कमाना काफी कठिन होता है ऐसे में अगर आप सभी भूमि के अनुसार हाइब्रिड बीज व अन्य आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में करें तो काफी लाभ होगा।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि दुलमी प्रखंड में मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जाए इसके लिए कार्य किया जा रहा है और जल्द ही लोग इसका लाभ ले सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि बिना जल के कृषि कार्य नहीं किया जा सकता इसलिए हमें जल के महत्व एवं इसके संरक्षण के लिए कार्य करने की जरूरत है। मौके पर उपायुक्त ने जल संरक्षण हेतु वर्षा जल संचयन, सोख्ता गड्ढा निर्माण, ट्रेंच कम बंड आदि के संबंध में आवश्यक जानकारियां लोगों को दी वहीं उन्होंने आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में करने के प्रति भी लोगों को जागरूक किया।

कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने कस्टम हायरिंग सेंटर अंतर्गत दुलमी एग्रीटेक एफपीओ को पावर वीडर, पावर स्प्रेयर, मैनुअल स्प्रेयर, पैडी थ्रेसर आदि उपकरण उपलब्ध कराएं वही उपायुक्त ने लाभुकों के बीच सिलाई मशीन, केसीसी, अरहर बीच आदि का भी वितरण किया। कार्यशाला के दौरान एफपीओ, जल छाजन व जेएसएलपीएस द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने ग्रामीणों को स्टाल के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक अपनाने एवं इसके फायदों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

दुलमी प्रखंड के दौरे के क्रम में उपायुक्त ने दुलमी बाजार टांड़ अंतर्गत दुलमी महिला एफपीसी लिमिटेड का उद्घाटन कर पावर वीडर, पावर स्प्रेयर, मैनुअल स्प्रेयर, पैडी थ्रेसर सहित अन्य कृषि उपकरणों का वितरण किया। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, दुलमी प्रखंड प्रमुख, परियोजना निदेशक आत्मा, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्यों, मुखिया अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र, डीडीएम नाबार्ड, अंचल अधिकारी दुलमी, बीपीओ अन्य जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## मणिपुर के भाजपा सरकार को बर्खास्त करो : इंडिया गठबंधन

### रामगढ़ के सुभाष चौक में इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने मणिपुर के घटना को लेकर एकदिवसीय महाधरना प्रदर्शन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झामुमो रामगढ़ जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कू के अध्यक्षता में और कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान एवं जिला सचिव बिनोद कुमार महतो के संयुक्त संचालन में,मणिपुर की अमानवीय घटना एवं भाजपा की दमनकारी सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रामगढ़ के सुभाष चौक पर किया गया। साथ में ढ्ढ.ह्.ष्.ढ्ढ. घटक दल के सम्मानित कार्यकर्ता साथी गण उपस्थित थे। इसमें मुख्य रूप से झामुमो, कांग्रेस पार्टी , आम आदमी पार्टी , जनता दल यूनाइटेड , राष्ट्रीय जनता दल , भाकपा माले, सीपीआई आदि कई पार्टियों के नेतागढ़ मौजूद रहे। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य



राजकुमार महतो , आरजेडी के जिला अध्यक्ष गुलजार अहमद , कांग्रेस पार्टी के शांतनु मिश्रा , बजरंग महतो , सी पी संतन, मो. आशिफ , माले के देवकीनंदन बेदिया , भुनेश्वर बेदिया , हिरा गोप ,जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतींद्र सिंह , जदयू मांडू प्रभारी दुष्यंत पटेल , महेश ठाकुर , चित्रगुप्त महतो , संतोष कुमार , राजु महतो ,आप पार्टी से राजेश कुमार वर्मा ,शाहजाद , देवनंद गोप , कांग्रेस नेत्री जोया परवीन , गीता विश्वास , पिंकी बेसरा , गीता देवी , शांति गिरी , वीणा देवी , दिनेश मुण्डा , महेंद्र मुंडा , समसुद खान , शहजाद खान आदि सम्मानित घटक दल के सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथी गण उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## प्रेस क्लब में इंटेलेक्चुअल मीट का आयोजन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के सवाल और मुसलमानों के मसाइल पर प्रेस क्लब रांची में आमया संगठन द्वारा आयोजित मुस्लिम इंटेलेक्चुअल मीट की अध्यक्षता करते हुए एस अली ने कहा कि स्थानीय व नियोजन नीति बिना झारखंड अधूरा है इसकी मांग झारखंडियों के हक-अधिकार, रोजगार और विकास से जुड़ा है, बिना इसे लागू किये नियुक्ति शुरू करना झारखंडी युवाओं के अधिकार छीनने जैसा है। उनहोंने कहा कि बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 के तहत झारखंड के मुस्लमानो को जो अधिकार मिलना था उससे वंचित किया गया है। संथाल परगना के जहरीउद्दीन अंसारी ने कहा कि संथाली मुस्लिम की स्थिति दयनीय है पूरे संथाल परगना प्रमंडल के मुस्लिम क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास जैसे मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और बड़ी आबादी रोजगार के लिए दूसरे राज्य पलायन करते है। कोलहान प्रमंडल के आमिर रसीद ने कहा कि 23 वर्षो में भी झारखंड के मुसलमानों के उनके अधिकार से जुड़े मसले हल नही हो पाये बल्कि बेरोजगारी और भेदभाव बढ़ा लोग न्याय के लिए ठोकरें खा रहे है। बोकारो के अनवर राही ने सरकार द्वारा पिछले वर्ष 544 उर्दू स्कूलों को नियमविरूध तरीके से समान्य विधालय बनाये जाने पर सवाल उठाया। इस मौके पर 10 सुत्री मांग पत्र जारी किया गया। (1) स्थानीय व नियोजन नीति कैबिनेट से पारित कर अध्यादेश लाकर राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा जाए। (2) मॉबलींचिग कानून पारित करने एवं पीड़ित परिवार को मुवाआज व नौकरी देने। (3) 10 जून 2022 रांची गोली घटना की न्यायिक जांच कराया जाए एवं पीड़ितों को मुवाआज दी जाए। (4) अल्पसंख्यक निदेशालय बनायें जाए। (5) 544 उर्दू स्कूल जिन्हें सामान्या विधालय बनाया गया है पुनः उर्दू स्टेटस दिया जाए। (6) 4,401 उर्दू शिक्षक के बचे 3700 पदों पर इंटर व स्नातक टेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से सीधे भरा जाए। (7) उर्दू शिक्षक नियुक्ति में एस.टी एवं एस.सी आरक्षित रिक्त पदों को पिछड़ा एवं समान्य वर्ग से भरा जाए। (8) मदरसा आलिम और फाजिल की परीक्षा रांची विश्वविद्यालय से कराये जाए। (9) अल्पसंख्यक संबंधित बोर्ड, निगम, आयोग, कमिटी के नियमावली बनायें जाए। (10) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के तर्ज पर भैंस वंसीय पशुओ के मांस खरीद बिक्री की अनुमति दी जाए। मीट में जियाउद्दीन अंसारी, नौशाद आलम, इमरान अंसारी, एकराम हुसैन, ओरगजेंब आलम, शाहिद अफरोज, अफताब आलम, जावेद अंसारी, मोदस्सीर अहरार,अबु रेहान, मो हारिश, जान मोहम्मद, अकरम अंसारी, मौलाना फजलूल कदीर, अंजुम खान, आसीफ अंसारी, अफताब जुनेजा, मो नसीम, असलम अंसारी, तहमीद अंसारी, आसिफ रूहहुल्ला, सईद अंसारी, मुजाहिद अंसारी, अखतर अंसारी, शाहबाज आलम, शम्स कमर, नेयाज अहमद, सद्दाम हुसैन आदि ने भी बातें रखा।

## भाजपा नेता ने सूखा राशन से किया सहयोग : सत्यदेव मुंडा



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीसा पंचायत के बेती पहान टोली मे पिछले दिनों गंभीर बिमारी से नारायण पहान का पिता छेदीया पहान का देहान्त हो गया था । दसकर्म के लिए भाजपा का प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा के द्वारा सुखा राशन देकर सहयोग किए । मौके पर पंचायत समिति मनेसर बेदिया उप मुखिया संजय भोगता हर्षनाथ भोगता सालिकराम पहान आदि उपस्थित थे ।

## सांसद जयंत सिन्हा ने झारखण्ड में कुपोषण की समस्या पर सदन का ध्यान करवाया आकृष्ट

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हम सभी अवगत हैं कि लोकसभा का मानसून सत्र चल रहा है। सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हज़ारीबाग लोकसभा का नेतृत्व कर रहे हैं। वे सदन में देश, झारखण्ड व हज़ारीबाग एवं रामगढ़ से जुड़े अनेक मुद्दे उठा रहे हैं। सांसद जयंत सिन्हा ने लोकसभा के जीरो ऑवर में झारखण्ड में कुपोषण की समस्या के गंभीर मामले पर सदन का ध्यान आकृष्ट करवाया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश का भविष्य, हमारे बच्चे झारखण्ड में बुनियादी पोषण और भोजन से वंचित हैं। पोषण संबंधी सूचकों के मामले में आज झारखण्ड सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में से एक है और जेएमएम-कांग्रेस सरकार अभी भी इससे बेफिक्र नजर आ रही है। एनएफएचएस-5 (ह्स्नास्-5) और आईएफपीआरआई (ढ्ढस्नक्क्रढ्ढ) के अनुसार, झारखण्ड में 5 वर्ष से कम उम्र के 38 लाख बच्चों में से 23 लाख से अधिक एनीमिक हैं।15 लाख अविकसित हैं और 8 लाख से अधिक बच्चे कमजोर हैं। केवल बच्चे ही नहीं, हमारी महिलाएं भी पीड़ित हैं। झारखण्ड में 26 लाख से ज्यादा महिलाएं अंडरवेट, यानी आयु और ऊंचाई के अनुसार मानक वजन से कम वजन की हैं। राज्य में 66त्न महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। इससे भी निराशाजनक बात यह है कि 57त्न गर्भवती महिलाएं एनीमिया से ग्रसित हैं। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि कोई भी राज्य तब तक प्रगति नहीं कर सकता है, जब तक राज्य सरकार अपनी जनता के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देती। जहाँ हम अपने लोगों के लिए उज्ज्वल और प्रगतिशील भविष्य का सपना देख रहे हैं, वहीं झारखण्ड सरकार महिलाओं और बच्चों को बुनियादी भोजन और पोषण भी प्रदान करने में असमर्थ है, जो कि अत्यंत शर्मनाक है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस सम्बन्ध में झारखण्ड सरकार को सख्त निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

## जनता के लिए पार्टी का एक एक कार्यकर्ता समर्पित : विजय साहू

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमिटी ने आज पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मुख्यालय दिवस पर जनसमस्या निवारण शिविर लगाया। मौके पर पार्टी के केंद्रीय सचिव विजय साहु ने कहा की उक्त शिविर प्रत्येक मंगलवार एवम शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में लगाया जाएगा। मौके पर कई ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान त्वरित मौके पर किया गया..!! पार्टी के केंदीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी की सोच है की किसी भी ग्रामीण को अपने कार्य के लिए परेशान न होना पड़े इसके लिए उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को सजग रहने का निर्देश दिया है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजू कुमार, जिला संगठन सचिव अशोक पाठक, प्रखंड उपाध्यक्ष रघु महतो इत्यादि उपस्थित थे।

# उपायुक्त से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल की अध्यक्षता में रामगढ़ जिला के नवनियुक्त उपायुक्त चंदन कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की एवं जिला के विकास में अधिवक्ताओं के सहयोग का भरोसा दिलाया इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के अध्यक्ष एवं महासचिव ने सयुक्त रूप से उपायुक्त महोदय को एक ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमें अधिवक्ताओं के पार्किंग के लिए व्यवस्था करने की मांग की गई साथ ही अधिवक्ताओं के लिए कैंटीन एटीएम आदि सुविधा की भी मांग की गई इस अवसर पर उपायुक्त महोदय ने संघ को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही वे अधिवक्ताओं के समस्त मांगों पर पूरा करने का प्रयास करेंगे इस अवसर पर संघ के महासचिव सीताराम सरकारी अधिवक्ता संजीव कुमार अंबास्थ, अनुज कुमार सिन्हा आनंद सिन्हा जितेंद्र कुमार अरविंद कुमार जितेंद्र प्रसाद उमेश पांडे शंकर महतो विकेश रंजन, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।


## झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0
**Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.**
(A Govt. of Jharkhand undertaking )E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in

कार्यालयः प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज,पलामू।

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर , लातेहार स्थित रिचुघुटा वनागार, रिचुघुटा एवं अन्य अस्थायी वनागार में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागारों में आम नीलामी की तिथि अगले पॉच माह के लिए निम्नवत् निर्धारित की जाती है:–

| वनागार का नाम | समय | अगस्त– 2023 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार एवं अस्थायी वनागार प्रादेशिक प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर चैनपुर ,कुन्दरी , पाटन एवं सरकारी परिसर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न अन्त 1:00 अपराह्न | 08-08-2023 |
| रिचुघूटा वनागार एवं अन्य अस्थायी वनागार | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न अन्त 1:00 अपराह्न। | ----------- |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार ) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा । नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज।

PR 303757 District(23-24)D



## झारखण्ड सरकार
**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग,**
**डा0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोराबादी, राँची–8.**

पत्रांकः 1522 | दिनांकः 01.08.2023

**अल्पकालीन पुनर्निविदा**

डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची में झारखण्ड के अति–कमजोर जनजातीय समुदाय (PVTG) के युवाओं को आवासीय JSSC/SSC प्रशिक्षण (कोचिंग) का आयोजन आवासन के साथ किया जाना है। इस निमित उपयोग में आने वाले सामग्रियों आदि की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म/प्रतिष्ठानों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है–

इच्छुक निविदादाता अपना निविदा आवेदन तकनीकी एवं वित्तीय बीड बन्द लिफाफे में निम्न कार्यक्रम के अनुसार जमा कर सकते हैं।

कार्यक्रम –

कार्यक्रम
- निविदा समर्पित की अंतिम तिथि–08.08.2023 को अपराह्न 4:00 बजे तक है।
- तकनीकी बीड खोलने की तिथि–11.08.2023 को अपराह्न 4:00 बजे तक है।
- वित्तीय बीड खोलने की तिथि–11.08.2023 को अपराह्न 4:00 बजे तक है।

"निविदा" समर्पित करने का स्थान **डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोरहाबादी, राँची** में कार्य दिवस के अप0 **04.00** बजे तक है।

अंतिम तिथि के बाद समर्पित "निविदा" पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी संस्थान के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है। अधोहस्ताक्षरी को "निविदा" को किसी भी स्तर पर बिना कारण बताये रद्द करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
उप निदेशक

**PR 303726 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department(23-24)#D**



## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची
**द्वारा आयोजित**
**राष्ट्रीय लोक अदालत**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देश पर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा दिनांक 09 सितम्बर, 2023 (शनिवार) पूर्वाह्न 10 : 30 बजे से कार्य की समाप्ति तक व्यवहार नयायालय, रांची के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, जिसमें निम्नलिखित वाद निष्पादन हेतु सूचीबद्ध किये जायेंगे।

| | |
|---|---|
| उत्पाद अधिनियम के वाद | वन अधिनियम के वाद |
| चेक बाउन्स से संबंधित वाद | श्रम वाद एवं न्यूनतम मजदूरी के वाद |
| विघुत अधिनियम के वाद | बैंक ऋण से संबंधित वाद |
| भरण–पोषण के वाद | भू–अधिग्रहण से संबंधित वाद |
| मोटरयान दुर्घटना मुआवजा से संबंधित वाद | छोटे आपराधिक वाद (माप–तौल, पुलिस अधिनियम एवं रेलवे न्यायालय से संबंधित बाद) |
| पारिवारिक वाद | सभी प्रकार के दीवानी मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले |

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने मामलों को उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में सूचीबद्ध कराकर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें और इस आयोजन को सफल बनावें।

नोट :– उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के "राष्ट्रीय लोक अदालत पूर्व कॉन्सिलिएशन बैठक" दिनांक– 09 वीं जुलाई 2023 से 08 वीं सितम्बर 2023 तक आयोजित की जायेगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस के दिन 10.30 बजे पूर्वाह्न से कार्यावधि तक राँची, व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में उपस्थित होकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची अथवा उनके दूरभाष सं0– 0651–2223351 अथवा मोबाईल नम्बर – 9852361365, 9334941801 से सम्पर्क कर सकते हैं।

**अरुण कुमार राय**, न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।
**राहुल कुमार सिन्हा**, उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।
**किशोर कौशल**, वरीय पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची।

PR 303746 Law (23-24)_D



## कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला।
संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला –**835207**
E-mail ID – gumlahorti@gmail.com

**पौध प्रसारण अन्तर्गत ग्राफ्ट गुटी तैयार करने हेतु दर कोटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्श 2023–24 में विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 15 दिनांक 05.06.2023 द्वारा स्वीकृत उद्यान विकास की योजनान्तर्गत कार्य अवयव ग्राफ्ट–गुटी उत्पादन के तहत फलबाग के क्षेत्र विस्तार हेतु पौध प्रसारण अन्तर्गत विभागीय स्थापित प्रखण्ड उद्यान नर्सरियों में विभिन्न प्रभेदों के आम, अमरूद, नींबू आदि का ग्राफ्ट–गुटी जिला– गुमला में 15000 सं0 में गुणवत्तायुक्त पौधा तैयार किया जाना है। जिसे न्यून्तम दर पर कृशकों को उपलब्ध कराया जायेगा। ग्राफ्ट–गुटी का उत्पादन एवं रख–रखाव सहित प्रति पौधा रू0 60/– (साठ रूपये) की दर से व्यय किया जाना है। उक्त योजना के कार्यान्वयन हेतु प्रखण्ड उद्यान नर्सरी, गुमला में 15000 सं0 पौधे का ग्राफ्ट (कलम) तैयार कर एक वर्श तक पूर्ण रख–रखाव के साथ वितरण हेतु कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना है। पौधों का ग्राफ्ट (कलम) निम्न प्रकार में उपलब्ध कराना है :–

1. बीजू पौधे एक वर्श का होना चाहिए।
2. पौधों का कलम Grafting पद्धति एवं गुटी पद्धति (अलग–अलग पौधों के अनुसार) से तैयार किया जाना है।
3. कलम तैयार करने के लिए बीजू पौधे का साईज– लं0 2' 6" या उससे अधिक का होना चाहिए।
4. पौधों का थैला (Black polythene bag) का आकार 7" x 8" का होना चाहिए।
5. बीजू पौधे की मुटाई 1" व्यास के आकार में होना चाहिए।
6. पौधों का जड़ स्वस्थ व अधिक घना होना चाहिए।
7. पौधों में किसी भी प्रकार का रोग/बीमारी नहीं होना चाहिए।

उपरोक्त योजना के कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार/राज्य सरकार के द्वारा फल, फूल पौधे तैयार कर वितरण करने वाले NHB से पंजीकृत इच्छुक संस्था/एजेंसी/नर्सरी से बन्द लिफाफे में दिनांक 10.08.2023 तक कार्यालय कार्य अवधि में उपर्युक्त पौध सामग्रियों को तैयार कर उपलब्ध कराने के लिए दर कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

विशेश जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला।

PR 303753 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)D



## झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्
**जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, सेक्टर–3, धुर्वा, राँची – 834 004**
दूरभाष–0651-2444501, 2444502, फैक्स–2444506, ई–मेलः jepcranchi1@gmail.com

An ISO 9001:2015 certified

**कार्यपालक अभियंता के पद पर चयन हेतु (यथा संशोधित) आवश्यक सूचना**
**(विज्ञापन संख्याः ME/01/393/2006/3349 दिनांक 06.12.2022)**

1. राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा अल्पकालीन संविदा के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों से जो इस प्रकाशित विज्ञापन अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता के पद हेतु वांछित अहर्ता रखते हों से निम्नांकित शर्तों के अधीन चयन हेतु आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में आमंत्रित किए जाते हैं:–

| क्र. सं. | पदनाम | संख्या | वांछित अहर्ता | कुल रिक्ति | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यपालक अभियंता | 05 | 1. किसी मान्यता प्राप्त अभियंत्रण प्रतिष्ठान/विश्वविद्यालय से B.Tech. / B.E in Civil Engineering with minimum 55% marks.<br>2. कार्यपालक अभियंता के पद पर चयन हेतु संबंधित भवन निर्माण कार्य के क्षेत्र में न्यूनतम कार्यपालक अभियंता के रूप में 05 वर्षो का कार्य करने का अनुभव<br>**अथवा**<br>सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंता के रूप में कार्य करने का अनुभव जिन्हें केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के भवन निर्माण से संबंधित विभागों में कार्यपालक अभियंता के रूप में कार्य करने का न्यूनतम 05 वर्षो का अनुभव हो<br>**अथवा**<br>झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् से सेवानिवृत्त अभियंता जिन्हें सहायक अभियंता के रूप में न्यूनतम 12 वर्ष कार्य करने का अनुभव।<br>**अथवा**<br>केन्द्र सरकार/राज्य सरकार अथवा सरकार के बोर्ड / निगम/परिषद्/पी.एस.यू. आदि में कार्यरत / सेवानिवृत्त सहायक अभियंता जिन्हें भवन निर्माण के क्षेत्र में न्यूनत्तम 12 वर्ष कार्य करने का अनुभव हो<br>ऐसे अर्हताधारी योग्य अभ्यर्थी चयन / प्रतिनियुक्ति / धारणाधिकार (Lien) पर कार्य करने हेतु आवेदन कर सकते हैं। | कुल – 05 (UR – 02, ST – 01, SC – 01, BC- I – 01) | 1. सेवानिवृत्त अभ्यर्थियों को चयन के पश्चात् वित्त विभाग के संकल्प संख्या 1243/ वि. दिनांक 20.08.2016 (छायाप्रति संलग्न) के सनहित प्रावधानों के अन्तर्गत संविदा राशि देय होगी।<br>2. वैसे अभ्यर्थी जिनका चयन प्रतिनियुक्ति अथवा Lien के आधार पर होगा उन्हें झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् के सेवा शर्तों एवं Financial Manual के अधीन देय प्रोजेक्ट भत्ता उनके मूल विभाग के वेतन के अतिरिक्त प्रदान किया जाएगा।<br>3. कार्यपालक अभियंता के पद पर नव चयनित अभयर्थियों को Basic Monthly Fixed Honorarium Rs. 63523/- per month.<br>4. Pay Protection will be provided to AE working in JEPC.<br>5. Monthly Emoluments under consideration for revision. The decision of Executive Committee of JEPC will be applicable to all. |

**अन्य अनुमान्य सुविधाएं –**
1. संतोषप्रद कार्य के आधार पर 3% वार्षिक मानदेय वृद्धि।
2. समय–समय सक्षम प्राधिकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में पर देय मानदेय एवं अन्य परिलब्धियों में बढ़ोतरी की जाएगी।
3. सेवानिवृति लाभ यथा ग्रेचुएटी, अव्यवहरित अर्जित अवकाश के समतुल्य राशि का भुगतान एवं EPFO Rules के तहत पेंशन की सुविधा।

2. **न्यूनतम शैक्षणिक, तकनीकी अहर्ता एवं कार्य अनुभव :–**
   i. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक Civil Engineering में डिग्री या समकक्ष योग्यता उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा अर्थात शैक्षणिक योग्यता निर्धारण के लिए ऑनलाइन आवेदन देने की अंतिम तिथि को आधार तिथि (Reference Date) माना जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी इस तिथि तक निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक, तकनीकी अहर्ता एवं कार्य अनुभव नहीं धारित करते हैं तो वे आवेदन भरने के लिए आयोग्य समझे जायेंगे।
   ii. झारखण्ड राज्य कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक संख्या 4768 दिनांक *13-09-2021 and subsequent Staff Selection Commission notification no. 7947 dated 17-11-2021 the conduct rule of examination by Staff Selection Examination has been amended and the following provisions have been added as qualification for selection for Government of Jharkhand posts (Graduate level and above).*

   "उक्त अनिवार्य योग्यता के अतिरिक्त सीधी भर्ती के लिए झारखण्ड में अवस्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक/10वीं कक्षा एवं इंटरमीडिएट/10+2 कक्षा उत्तीण होना एवं अभ्यर्थी को स्थानीय रीति–रिवाज, भाषा एवं परिवेश का ज्ञान होना अनिवार्य होगा।

   परन्तु यह कि झारखण्ड राज्य की आरक्षण नीति से आच्छादित अभ्यर्थियों के मामले में झारखण्ड राज्य में अवस्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से इंटरमीडिएट/10+2 कक्षा उत्तीण होने संबंधी प्रावधान शिथिल रहेगा।"

   यदि राज्य सरकार द्वारा संविदा के आधार पर चयन होने वाले इन पदों के लिए भी निम्न दिशा–निदेश लागू किया जाता है जो सरकारी कर्मचारी के चयन हेतु लागू है तो इसका प्रभाव इस प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर चयन किए जाने वाले पदों की अहर्ता पर भी पड़ेगा।

   तदोनुसार इन पदों के लिए भी उपरोक्त निर्धारित शैक्षणिक/तकनीकी अहर्ता के साथ–साथ कंडिका–2(*ii*) के द्वारा भी चयन हेतु आवश्यक अहर्ता निर्धारित की जा सकती है।

3. **आयु सीमा :–**
   i. न्यूनत्तम एवं अधिकत्तम उम्र सीमा की गणना की संदर्भ तिथि 01.01.2022 होगी।
   ii. कार्यपालक अभियंता के पद हेतु निर्धारित उम्र सीमा निम्नवत् होगी :–
   क) न्यूनत्तम उम्र सीमा – 21 वर्ष
   ख) अधिकत्तम उम्र सीमा (कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा के संकल्प संख्या 609 दिनांक 25.01.2016 द्वारा यथा निर्धारित)

| क्र.सं. | कोटि | अधिकत्तम उम्र सीमा |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 35 वर्ष |
| 2 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची– 1) एवं पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2)– पुरूष | 37 वर्ष |
| 3 | महिला (अनारक्षित, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची– 1) एवं पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) | 38 वर्ष |
| 4 | अनुसूचित जन–जाति (पुरूष एवं महिला) | 40 वर्ष |

**आयु सीमा में छूट –**
**क)** सभी कोटि के दिव्यांग अभ्यर्थियों को अधिकत्तम आयु सीमा में 10 वर्षो की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। दिव्यांग संबंधी प्रमाण पत्र राज्य सरकार द्वारा गठित सक्षम चिकित्सा पर्षद से विहित प्रपत्र में निर्गत होना चाहिए। सभी श्रेणियों में दिव्यांगता का दावा तभी मान्य होगा जब दिव्यांगता कम से कम 40 प्रतिशत या उससे अधिक हो। दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराए जाने की स्थिति में अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता दिव्यांगता के आधार पर मान्य नहीं होगी।
**ख)** झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् अन्तर्गत कार्यरत सहायक अभियंता जो चयन हेतु निर्धारित अहर्ता रखते हों उन्हें उपरोक्त निर्धारित आयु सीमा में परियोजना अन्तर्गत किए गए कार्य वर्षों के अनुरूप आयु सीमा में छूट दी जा सकेगी।
**ग)** कार्यपालक अभियंता के पद पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थी जो सेवानिवृत्त हैं उनके लिए अधिकत्तम आवेदन करने की उम्र सीमा उपरोक्त निर्धारित तिथि को 62 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
**घ)** कार्यपालक अभियंता के पद पर प्रतिनियुक्ति/Lien पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थी जो केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के भवन निर्माण से संबंधित विभागों में कार्यपालक अभियंता के रूप में कार्य करने का न्यूनत्तम 05 वर्षो का अनुभव रखते हो अथवा केन्द्र सरकार/राज्य सरकार अथवा केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में कार्यरत सहायक अभियंता जिन्हें भवन निर्माण के क्षेत्र में न्यूनत्तम 12 वर्ष कार्य करने का अनुभव हो के लिए अधिकत्तम उम्र सीमा सरकारी सेवको के लिए निर्धारित सेवानिवृति की उम्र 60 वर्ष से 02 वर्ष न्यून होनी चाहिए।

4. **पात्रता :–**
   चयन हेतु आवेदन करने की अनुमति पूर्णतः औपबंधिक होगी। चयन प्रक्रिया हेतु बुलावा पत्र/साक्षात्कार पत्र/प्रवेश पत्र निर्गत किया जाना यह प्रमाणित नहीं करता है कि अभ्यर्थी विज्ञापित पद पर चयन के लिए निर्धारित पात्रता पूर्ण करते हैं। चयन हेतु निर्धारित प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय या बाद में अभ्यर्थियों के पात्रता से संबंधित प्रमाण पत्रों के जांच के दौरान यदि आवदेक द्वारा भरे गए पात्रता संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है अथवा सत्यापन में अनियमित अथवा अवैध पाए जाते हैं तो अभ्यर्थी का आरक्षण, अन्य लाभ नहीं मिलेगा तथा अभ्यर्थिता /चयन किसी भी वक्त रद्द किया जा सकता है।
5. आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के दिशा–निदेशों के अनुरूप सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थानीय निवास प्रमाण पत्र एवं आरक्षण कोटि से संबंधित जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। उसी तरह वैसे अभ्यर्थी जो EWS श्रेणी हेतु आवेदन करेंगे उन्हें अपने आवेदन पत्र के साथ झारखण्ड सरकार द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत Income and Assets Certificate for Economically Weaker Sections प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. परीक्षा शुल्क : परीक्षा शुल्क (Non Re-fundable) रू. 1000/– (एक हजार रूपये) है। झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए परीक्षा शुल्क रू. 500/– (पांच सौ रूपये) है। परीक्षा शुल्क जे.ई.पी.सी. बेवसाइट पर Credit card/debit card/Net banking/UPI के माध्यम से भुगतेय होगा।
7. पूर्व में जिन अभ्यर्थियों के द्वारा विज्ञापन संख्या ME/01/393/2006/3349 दिनांक 06.12.2022 के आलोक में आवेदन समर्पित किया था उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। जिन अभ्यर्थियों ने अबतक आवेदन नहीं किया है वे इस प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में आवेदन करेंगे।
8. **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– दिनांक 21.08.2023**
9. **चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्तें निम्नवत हैं –**
   1. चयनित होने वाले पदाधिकारी की सेवा अनुबंध के आधार पर प्रथमतया एक वर्ष के लिए ली जाएगी तथा कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में इसे विस्तारित किया जाएगा।
   2. कार्य असंतोषप्रद होने की स्थिति में इस अनुबंध को एक माह का नोटिस देकर बिना कारण बताए कभी भी समाप्त किया जा सकता है। इस संबंध में राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् का निर्णय अंतिम होगा।
   3. योग्य अभ्यर्थी अपने आवेदन झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् के अधिकारिक वेबसाईट **"https://jepc.jharkhand.gov.in"** के Notice Board Menu के Recruitment Link पर जाकर अपने आवदेन दिनांक 21.08.2023 के संध्या 05:00 बजे तक समर्पित कर सकते हैं।
   4. योग्य अभ्यर्थियों का चयन झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं अभ्यर्थियों के संख्या के अनुरूप साक्षात्कार अथवा लिखित एवं साक्षात्कार दोनों के माध्यम से किया जाएगा।
   5. चयन में झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् में कार्य करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जा सकती है।
   6. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अपने आवेदन के साथ अभिप्रमाणित शैक्षणिक/तकनीकी शिक्षा एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
   7. कार्यपालक अभियंता झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा निर्धारित कार्यक्षेत्र से संबंधित असैनिक योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन हेतु जवाबदेह होंगे तथा राज्य स्तर से दिए गए दिशा–निदेशों के अनुरूप प्रतिवेदन एवं निर्णयों के आलोक में कार्य करेंगे।
   8. परियोजना की आवश्यता के अनुरूप अंतिम चयन तथा किसी भी आवेदन को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने तथा विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक, जे.ई.पी.सी. के पास सुरक्षित रहेगा।

ज्ञापांक – JEPC/3021 | दिनांक –31.07.2023

ह0/–
(किरण कुमारी पासी)
राज्य परियोजना निदेशक,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची

**PR 303712 School Education and Literacy(23-24)#D**

## फुलजोरी में क्रिकेट नाईट सर्कल का उद्घाटन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले अंतर्गत गांडेय विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फुलजोरी होल्ट के अखाड़ा मैदान में हुसैनी क्लब फुलजोरी के द्वारा आयोजित एक दिवसीय क्रिकेट नाईट सर्कल मैच के शुभारंभ मुख्य अतिथि गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो0 हसनैन अली ने उद्घाटन किया। वही कार्यक्रम में लगभग 20 टीमों ने भाग लिया। जिसमें कारोडीह की टीम ने बनसुमी के टीम को पराजित करते हुए जीत हासिल किया । मौके पर जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि गांडेय के फुलजोरी अखाड़ा मैदान में आयोजित नाइट सर्कल मैच के कार्यक्रम में उपस्थित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जिसके लिए मैं हुसैनी क्लब के सभी सदस्यों को बहुत-बहुत धन्यवाद और बधाई देता हूं बहुत ही बेहतर तरीके से इस नाइट सर्कल मैच को सजाया गया।साथ ही मेले का भी आयोजन किया गया है वो कबीले तारीफ है और मैं इस क्षेत्र में हर अवसर पर यह चाहता हूं कि जो यहां के युवा, गरीब, मजदूर, किसान हैं उनकी हर समस्या में उनके साथ खड़ा रहूं। मौके पर उपस्थित युवा कांग्रेस के बंटी अली, नाजिर हुसैन, मुख्तार आलम, शोएब अंसारी, अजीम अंसारी, सुलेमान अंसारी, तौफीक अंसारी समेत सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद थे ।

## कदैया जलापूर्ति में लगे मोटर की चोरी



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के कदैंया गांव स्थित जलापूर्ति योजना के तहत लगे पंप में मोटर को सोमवार देर रात अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी प्रखंड के कदैंया गांव स्थित ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत पंप में लगे मोटर को सोमवार मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया पहले सुबह ग्रामीणों द्वारा स्थानीय मुखिया अजीमुद्दीन अंसारी को जब इसकी खबर दी तो मुखिया द्वारा सभी ग्रामीणों को इकट्ठा कर घटनास्थल के लिए रवाना हुए और देखा कि दीवार से सटे तार को हटा दिया है एवं मेन दरवाजा का ताला तोड़कर चोर अंदर प्रवेश कर गया एवं अंदर से चोरों द्वारा गेट को बंद कर आराम से मोटर को चुरा लिया गया घटना की सूचना टुंडी पुलिस को मुखिया द्वारा दे दिया गया है अज्ञात चोरों के खिलाफ टुंडी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है एवं खोजबीन शुरू कर दी है।

## विश्व स्तनपान सप्ताह पर इनर व्हील क्लब गिरिडीह ने किया जागरूकता कार्यक्रम



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व स्तनपान सप्ताह के पहले दिन इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह के द्वारा बेंगाबाद स्थित पोद्दार क्लिनिक में उपस्थित मरीजों के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर आकांक्षा पोद्दार ने स्तनपान के महत्व एवम स्तन कैंसर से सम्बंधित जानकारी दी। साथ ही उन्होंने वहाँ उपस्थित मरीजों को सर्वाइकल कैंसर से बचने और जल्दी पहचान हो जाने के पश्चात उसके उपचार के विषय में भी बताया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय इनर व्हील एडिटर प्रभा रघुनन्दन, पास्ट प्रेसिडेंट चंचल भदानी तथा क्लब ट्रेजरर निवेदिता पोद्दार उपस्थित थी।

## छात्रा के अपहरण के प्रयास में टेंपो चालक गिरफ्तार

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जामाडोबा में मंगलवार एक अगस्त को कक्षा 9 की छात्रा से छेड़छाड़ और अपहरण के प्रयास में एक टेंपो चालक को हिरासत मे लिया गया है। मदर टेरेसा स्कूल जामाडोबा की कक्षा 9 की छात्रा ने बताया कि आरोपी टेंपो चालक वाजिद अली लगातार तीन दिनों से उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा है। मंगलवार को भी स्कूल से नगीना बाजार भौंरा स्थित अपने घर जाने के लिए निकली। तभी स्कूल गेट के पास वो आकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। टेंपो चालक ने कहा कि तुम मेरा दिल मत तोड़ो, नहीं तो बहुत बुरा होगा। इतना कहकर वो छात्रा को जबरन टेंपो में बिठाने लगा। जिसके बाद छात्रा हल्ला करने लगी। छात्रा की शोर सुनकर मौके पर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गये और आरोपी टेंपो चालक वाज़िद अली को पकड़कर जोड़ापोखर पुलिस के हवाले कर दिया। स्कूल के सचिव किशोर कुमार ने कहा कि टेंपो चालक को सजा दिलाने के लिए हर तरह का प्रयास किया जाएगा। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेते हुए टेम्पो संख्या जेएच 10 सीपी 4876 को जब्त कर जांच शुरू कर दिया है।

## वार्षिक महोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बलियापुर प्रखण्ड के एमओसीपी नेताजी सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में सिंदरी विधायक इन्द्रजीत महतो की धर्मपत्नी सह भाजपा नेत्री श्रीमती तारा देवी मुख्य रूप से उपस्थित हुई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो, बलियापुर पश्चिम के अध्यक्ष मंटू रवानी, मिंटू साव, सुनील मोदक, हरे कृष्णा रवानी, प्रधानाचार्य संजय कुमार मजूमदार, सह प्रधानाचार्य चंदन रवानी, सुनील सर आदि मौजूद थे।

# जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।



जनता दरबार में एमआइजी हाउसिंग कॉलोनी धनबाद से आई महिला ने अपने पति की किडनी के इलाज हेतु आवेदन दिया। महिला ने बताया कि उनके 36 वर्षीय पति की दोनों किडनी खराब हो चुकी है। उनके पति प्राइवेट संस्थान में नौकरी करते थे, उनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय हो चुकी है। उन्होंने उपायुक्त से इलाज हेतु मदद की गुहार लगाई। उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने इस मामले को सिविल सर्जन को हस्तांतरित करते हुए मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया।

इस दौरान जनता दरबार में पुटकी अंचल क्षेत्र से आए लोगों ने रैयती जमीन पर स्थित तालाब को बचाने के संदर्भ में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया की बीसीसीएल के सिजुआ एरिया नंबर 5 के महाप्रबंधक द्वारा कोयला उत्खनन की आड़ में आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से चंद्रा मौजा में अवस्थित रैयती जमीन पर स्थित बड़ा तालाब को साजिश के तहत ओबी डंप कर भरने का प्रयास कर रही है। उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने इस मामले को पुटकी अंचलाधिकारी एवं बीसीसीएल को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए।

जनता दरबार में कलियासोल प्रखंड से आए ग्रामीणों ने आदिवासियों का रैयती जमीन रेलवे द्वारा कम पैसों में अधिकरण करने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कलियासोल प्रखंड के अंतर्गत नारीपहाड़ी ग्राम के कलुबाथन ओपी के अंतर्गत रेलवे संशोधन एक्ट 2008 के तहत डीएफसीसी मालवाहक रेल परियोजना के अंतर्गत एसटी का जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। अधिग्रहण के समय कुछ खाते की जमीन का मुआवजा वर्ष 2017-18 में बहुत कम भुगतान किया गया है, साथ ही कई ग्रामीणों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जांच कर निष्पादन हेतु निर्देशित किया।

इसके अलावे उपायुक्त वरुण रंजन जनता दरबार में शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा से संबंधित समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

# गैंगस्टर प्रिंस खान के दो गुर्गे गिरफ्तार

### देशी कट्टा, जिंदा गोली, मोबाइल समेत नगद बरामद



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एक बार फिर धनबाद पुलिस ने गैंगस्टर प्रिंस खान के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। गुड्डू और अरमान आलम के रूप में पहचाने गए दो युवकों को बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडे और उनकी टीम ने वासेपुर आरा मोड़ ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार किया गया। जिसकी उम्र महज 19-20 साल बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों के पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा गोली, एक मोबाइल फोन सहित रंगदारी के 60 हजार रुपये बरामद की है। पुलिस ने कहा कि वह अभी भी प्रिंस खान के अन्य गुर्गों की तलाश कर रही है और इन लोगों ने किन किन लोगों से रंगदारी ली है, पुलिस पता लगाने में जुटी है। जब्त 60 हजार की राशि भी रंगदारी से वसूली गई रकम थी। प्रिंस खान एक कुख्यात गैंगस्टर है जिसकी पुलिस को कई मामलों में तलाश है। फिलहाल वह फरार है। डीएसपी अरविंद कुमार बिन्हा ने कहा की पुलिस गैंगस्टर प्रिंस खान गिरोह की तलाश में है, किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

# टुंडी झामुमो महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मीना हेंब्रम के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थक धनबाद रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड झामुमो महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मीना हेंब्रम नेतृत्व में मणिपुर हिंसा के खिलाफ धनबाद रणधीर वर्मा चौक में धरने को समर्थन करने के लिए सैकड़ों समर्थकों के साथ धनबाद रवाना। प्राप्त समाचार के अनुसार मणिपुर में लगातार आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ पार्टी के निर्देशानुसार महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मीना हेंब्रम के नेतृत्व में आज सैकड़ों समर्थकों के साथ धनबाद धरना एवं प्रदर्शन में शामिल होने अपने समर्थकों के साथ रवाना हो गई श्री मीणा हेंब्रम ने संवाददाता को बताया कि आए दिन आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार को अब हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे चाहे जो कुछ भी हो वर्तमान केंद्र सरकार के खिलाफ बिगुल फूंक दिया गया है अब केंद्र सरकार को पद से हटा कर ही दम लेंगे। मौके पर मीना हेंब्रम, के अलावा टुंडी प्रमुख मालती मरांडी ,जाता खूंटी मुखिया प्रतिनिधि शक्ति हेंब्रम, मछियारा मुखिया प्रतिनिधि बुधन हेंब्रम, मोनिका देवी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 21 अगस्त नगर निगम घेराव-प्रदर्शन को लेकर मायुमो सक्रिय

# नगर निगम का घेराव प्रदर्शन एतिहासिक होगा : संदीप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार 1 अगस्त को मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संदीप कौशल 21 अगस्त को नगर निगम घेराव को लेकर काफी सक्रिय है। जबसे मायुमो द्वारा आह्वान किया गया, उसी दिन से धरना प्रदर्शन को लेकर शहर के कई क्षेत्रों में दौरा एवं बैठक आयोजित कर लोगों से निगम क्षेत्र की समस्याओं को लेकर 21 अगस्त को धनबाद चलने का आह्वान किया। मंगलवार को मनोरम नगर में एक बैठक को संबोधित करते हुए मायुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कौशल ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र नरक निगम क्षेत्र बनकर रह गया है। पूरा नगर निगम क्षेत्र कूड़े कचड़े के ढेर में खड़ा है। यहां सुविधा के नाम पर केवल वसूली ही की जाती है। कोई भी योजना धरातल पर नजर नहीं आ रही है। जहां तहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है द्य निगम द्वारा जितनी भी मशीनें खरीदी गई है। केवल शोभा मात्र रह गया है। नगर निगम केवल पोस्टर बैनर के द्वारा अपने आप को स्वच्छ बता रही है। जबकि धरातल पर स्थिति कुछ और है। होल्डिंग टैक्स, पानी टैक्स, स्वक्षता टैक्स के साथ- साथ आम जनता अनगिणत टैक्स देते-देते त्रस्त है। शौचालय बना तो है, मगर निगम क्षेत्र में पानी के अभाव में शोभा का विषय बना हुआ है। अच्छी गुणवत्ता नहीं रहने के कारण शौचालय की दुर्दशा काफी जर्जर है। प्रतिदिन साफ सफाई नहीं होने के कारण सड़ांध बदबूदार गंध आना स्वाभाविक है। इससे नाना प्रकार की बीमारिया फैलने की आशंका बनी हुई है। सड़क तथा नाली की स्थिति ऐसी है की जरा सी बारिश में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बैठक में मुख्य रूप से औरधेंदु दत्ता, राहुल रंजन, राहुल दुबे आदि शामिल थे।



# गिरिडीह समाहरणालय में मणिपुर घटना को लकेर विपक्षी दलों ने एक दिवसीय दिया धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मणिपुर की घटना को लेकर मंगलवार को विपक्षी दलों के नए गठबंधन आईएनडीआईए के बनेर तले गैर भाजपा दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने न्यू समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। नए एलायंस में शामिल जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी, माले और आम आदमी पार्टी के नेताओ और कर्यकर्तायो की मौजूदगी में धरना प्रदर्शन किया गया। वही धरना स्थल पर सभी पार्टी के झण्डा लगा हुआ था। धरना में जेएमएम ज़िला अध्यक्ष संजय सिंह, कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष धनंजय सिंह, कर्यकरी अध्यक्ष सतीश केडिया, नरेश वर्मा, कृष्ण मुरारी शर्मा, प्रमिला मेहरा, समेत सभी दलों के नेता उपस्थित थे। वही धरना में मणिपुर घटना को लेकर पीएम ओर गृह मंत्री अनित शाह के खिलाफ गठबंधन के नेताओं ने जमकर नारेबाजी की । गठबंधन के नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा की मणिपुर मामले में पीएम मोदी कोई बयान संसद में नही दिया है। इससे यह दर्शाता है कि किस प्रकार केंद्र सरकार एक राज्य सरकार के पिछले तीन महिने से हिंसा के मामले में खामोश है। हिंसा करने वाले के खिलाफ कोई करवाई नही। नेताओं ने कहा कि मणिपुर अब भी जल रहा है। वही कहा कि जब हालत बिगड़ने लगी तो उच्चतम न्यायालय ने संज्ञान में लिया ।



## अन्तर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने उपायुक्त वरुण रंजन को किया सम्मानित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को स्टेट बार काउंसिल एक्सक्युटिव कमिटि के को चेयरमैन राधेश्याम गोस्वामी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड ने धनबाद उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त वरुण रंजन को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी ने उपायुक्त से आग्रह किया कि अपने अधिनस्थ सभी कार्यालयों में हिंदी का प्रयोग करवाने का प्रयास करें ताकि हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद को सहयोग मिलेगा।

# आउटसोर्सिंग कंपनी का हुआ चक्का जाम जीएम के साथ हुई वार्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सह समाजसेवी बॉबी पाण्डेय ने मीडिया से बात करते हुए कहा की कॉक प्लांट संघर्ष समिति ग्रामीण की ओर से 5 सूत्री मांगों को शीघ्र पूरा करने के लिए 1 अगस्त को गोपाली चौक के आउटसोर्सिंग कंपनी में अनिश्चितकालीन चक्का जाम करने की बात बीते 25 जुलाई को प्रेस वार्ता के द्वारा करने की जो घोषणा हुई थी, उसी घोषणा को लेकर आज कॉक प्लांट संघर्ष समिति ग्रामीण के द्वारा आज ग्रामीण महिला एवं पुरुष हजारों की संख्या में गोपाली चौक आउटसोर्सिंग कंपनी के समीप चक्का जाम करने का कार्य किया गया। चक्का जाम कार्यक्रम शांतिपूर्वक जारी रहा। इस बीच में कॉक प्लांट संघर्ष समिति के पांच सूत्री मांग को लेकर बीसीसीएल महाप्रबंधक पीबी एरिया के ऑफिस में बीसीसीएल जीएम ए के वर्मा के साथ बैठक करते हुए विस्तारपूर्वक मांग को लेकर शांतिपूर्ण रूप से संपूर्ण वार्ता पूर्ण हुई। इस दौरान बीसीसीएल जीएम ए के वर्मा के द्वारा लिखित रूप से कॉक प्लांट संघर्ष समिति ग्रामीण की मांगों को पूरा किया गया।

# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अपने बच्चे को स्कूल छोड़कर वापस घर लौट रहे व्यक्ति को एक तेज रफ्तार ट्रक बुरी तरह से टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे उस व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। घटना धनबाद के पुटकी थाना क्षेत्र स्थित करकेंद डैफोडिल स्कूल के पास की है।



मृतक का नाम मुकेश पासवान (35) बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब साढ़े छह बजे मुकेश अपने बच्चे को बाइक से करकेंद स्थित डैफोडिल स्कूल छोड़ने गया था। वह अपने बच्चे को स्कूल में छोड़कर वापस घर लौटने के लिए सड़क पर आया ही था कि सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक उसे टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे सड़क पर ही मुकेश की मौत हो गई।

वहीं घटना से गुस्साए लोगों ने धनबाद-कतरास मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुटकी थाना की पुलिस ने लोगों को किसी तरह समझा बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मणिपुर की घटना से देश हुआ शर्मशार : रविंद्र वर्मा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर (I.N.D.I.A) गठबंधन के तमाम दलों के द्वारा मणिपुर में घटित वीभत्स घटना जिससे पूरा देश शर्मसार हुआ, इसे लेकर तमाम दलों के संयुक्त की अध्यक्षता में दुमका के डीसी चौक से शहर भ्रमण करते हुए ढोल नगाड़ों के साथ केंद्र सरकार के विरोध में नारा लगाते हुए घटक दल के कार्यकर्ता समाहरणालय परिसर पहुंचे और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का संचालन दुमका जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में दुमका जिला कांग्रेस के प्रभारी रविंद्र वर्मा ने अपने संबोधन मे कहा की मणिपुर की घटना से देश शर्मसार हुआ है। ऐसी घटना घटने के बाद देश के प्रधानमंत्री का जो कर्तव्य होना चाहिए उन्होंने अदा नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संवेदना समाप्त हो गया है। उन्होने देश के प्रधानमंत्री और मणिपुर के मुख्यमंत्री से इस्तीफे देने की मांग की।

# बिजली करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** पाथरबंगला जामाडोबा निवासी असंगठित मजदूर धनंजय राम की 32 वर्षीय पत्नी मीरा देवी की मौत मंगलवार 1 अगस्त की सुबह बिजली करंट की चपेट में आकर हो गई।

पुलिस ने पंचनामा कर शव परिवार के लोगों को सौंप दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जामाडोबा आर एस फीडर सेंटर 200 केबी का ट्रांसफॉर्मर पोल लगा हुआ है। सुबह 4 बजे 11 हजार केबी का तार टूट कर गिर गया। शोक में डूबे परिवार के लोग तार टूटने की आवाज सुन कर कई लोग



घर छोड़ कर बाहर निकल गए। इसी बीच मीरा देवी ने नहाने के लिए बाथरूम गई।

बाथरूम का बल्ब जलाने के लिए स्वीच ऑन किया तो करंट की चपेट में आ गई। उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। परिवार के लोगों ने बोर्रागढ़ पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने पंचनामा करा कर शव परिवार के लोगों को सौंप दिया है।

मृत महिला के ससुर श्याम सुंदर ने बताया कि सुबह 11 हजार का तार टूट कर गिरने के बाद पड़ोस के सभी लोग घर छोड़ कर बाहर निकल गए। महिला के दो पुत्र मारुति, शिवम सहित सभी का रो रो कर बुरा हाल है। समाचार लिखे जाने तक बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी घटना स्थल पर नहीं पहुंचा था।

कांग्रेसियों ने मणिपुर घटना को लेकर समाहरणालय मैदान में दिया धरना

# भाजपा जातीय हिंसा रोकने में विफल, मणिपुर में जल्द बहाल हो राष्ट्रपति शासन : मोहन दुबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इंडिया महागठबंधन के तत्वाधान में महागठबंधन के सभी घटक घटक दलों के द्वारा मणिपुर राज्य में विगत 3 महीनों से जारी जाति हिंसा पर हस्तक्षेप करते हुए हिंसा पर रोक लगाने एवं शांति व्यवस्था बहाल करने तथा तत्काल मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने के संबंध में समाहरणालय मैदान में एक दिवसीय महा धरना का आयोजन किया गया। धरना को संबोधित करते हुए सभी घटक दलों के वक्ताओं ने कहा की मणिपुर राज्य की महिलाओं पर उत्पीड़न का अन्य राज्यों के साथ तुलना करने लायक नहीं है वहां महिलाओं के साथ जो उत्पीड़न दुर्व्यवहार एवं बलात्कार आदि किया गया है जो सर्वथा निंदनीय है। इस बात के लिए ढ्ढह्लष्ठ्ठ महागठबंधन आज महा धरना के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया भारत से मांग करती है कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए साथ ही साथ मणिपुर में जातीय हिंसा रोकने के लिए मणिपुर सरकार को अविलंब बर्खास्त किया जाए तथा राज्य में शांति व्यवस्था बहाल करते हुए राहत शिविरों में रह रहे नागरिकों के पुनर्वास की गारंटी सुनिश्चित किया जाए जातीय हिंसा आम नागरिकों को कभी भी कानूनी लाभ नहीं दिला सकती बलात्कार और हिंसा की शिकार आदिवासी महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई किया जाए। वक्ताओं ने खेद व्यक्त किया कि माननीय प्रधानमंत्री दूसरे राज्यों में जाकर कपड़े बदल बदल कर भाषण देते हैं तथा आमजन की बात ना कर अपने मन की बात करते हैं जबकि भारत धर्मनिरपेक्ष देश है जाति हिंसा कभी आम नागरिकों को किसी प्रकार का लाभ नहीं दे सकता। धरना का मंच संचालन कुणाल अभिषेक एवं धन्यवाद ज्ञापन हाजी सदरूल अंसारी ने किया। धरना में मुख्य रूप से कांग्रेस के उपाध्यक्ष मोहन दुबे, JMM जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद, भाकपा माले के महेश सांवरिया, सीपीआईएम के दिलीप कुमार वर्मा, सीपीआई के आनंद कुमार दास, राजद के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, नेसार अहमद, जगदीश भगत, अनिल उरांव, बालमुकुंद लोहरा, समीर अंसारी, गोपाल महतो, राहुल अंसारी, शाहिद अहमद बेलू, सरिता देवी, संतोषी देवी, लाल धनंजय नाथ शाहदेव, विष्णु प्रसाद साहू, अजय उरांव, शंकर उरांव, परवेज अंसारी, अफरोज अंसारी, हजारी उरांव, लालू लोहरा, शाकिर अंसारी, अश आबू रेहान, मुनीब अंसारी, कमलेश राम, कलाम मिरदाहा, मोहम्मद इकबाल, मुजाहिद अंसारी, संजय कुमार, इसरार अहमद, विनोद यादव, अंसारी मोहम्मद जैनुल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में आज जिला परिषद, लोहरदगा के कार्यकारिणी बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में सर्वप्रथम दिनांक 15.06.2023 को संपन्न बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। इसमें कुडू बस स्टैण्ड एवं कुडू हाट का चुंगी की पुनर्निधारित दर, जिला परिषद लोहरदगा कार्यालय में दैनिक/आंशिक वेतन दर पर कार्यरत कर्मियों के मानदेय में वृद्धि, जिला परिषद कार्यालय में आंशिक दैनिक वेतन पर नियुक्त स्वीपर, किस्को मार्केट कंप्लेक्स में शौचालय आदि की मरम्मति कार्य हेतु प्रकाशित निविदा, पीएचईडी लोहरदगा द्वारा मार्च-जुलाई माह में मरम्मत किये गये नलकूपों की संख्या, हर घर नल योजना के डीपीआर अनुसार कार्यान्वयन, उच्च विद्यालय टाकू में अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता, उच्च विद्यालय माराडीह तक पहुंच पथ की आवश्यकता,मध्य विद्यालय केकरांग में शिक्षकों की उपस्थिति, पाखर स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र में पेयजलापूर्ति हेतु पानी टंकी का निर्माण करने आदि निदेश शामिल हैं। अखिलेश्वर धाम में निर्मित दुकानों की नीलामी अगले 10 दिनों में किये जाने का निदेश जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से 15वें आयोग अनाबद्ध मद से कार्यान्वित दो योजनाओं कैरो प्रखण्ड के गाराडीह ग्राम में गाराडीह विद्यालय से कब्रिस्तान तक पीसीसी पथ और कुडू प्रखण्ड के उमरी ग्राम में पीसीसी पथ के विपत्रों को अनुमोदित किया गया।

## युवक के घर में फांसी लगाकर की, आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झखरा ग्राम में देर रात युवक अपने घर में फंदा से झूल किया आत्महत्या सूचना पर सेन्हा पुलिस मृतक के घर पहुंच घटना का लिया जायजा। सेन्हा थाना क्षेत्र के झखरा ग्राम में भीखम उराँव का 25 वर्षीय पुत्र दशरथ उराँव अपने ही घर में फाँसी का फंदा से झूल जीवन लीला समाप्त कर लिया। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार दल बल के साथ झखरा ग्राम स्थित मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा दिया बताया जाता है। कि दशरथ उराँव काफी शराब का सेवन करता था.लेकिन घर वालों का कहने से कुछ ही माह से शराब छोडा था। तब से उसका मानशिक स्थिति खराब रहने लगा। और सोमवार देर रात में अपने ही घर के अंदर रूम में लकड़ी से फंदा लगा कर आत्महत्या कर लिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि प्रथमदृष्टया युवक की मौत फांसी लगाने से प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मृत्यु का खुलासा हो सकेगा पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट पुलिस सभी बिंदुओं पर जाँच कर रही है।

## कैरो चाल्हो मध्य विद्यालय के 235 विद्यार्थियों का भविष्य मात्र एक पारा शिक्षिका के हवाले



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के गजनी पंचायत अंतर्गत चाल्हो उत्क्रमित मध्य विद्यालय के 235 नामांकित छात्र-छात्राओं का भविष्य एक पारा शिक्षिका के कृपा पर चल रही है। बिदित हैं कि इस विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह इन दिनों जुन माह से ही अपने बीमारी के लंबे समय से ईलाज हेतु मुम्बई मे ईलाजरत होने के कारण विद्यालय के 235 बच्चो का पठन-पाठन का कार्य अकेले पारा शिक्षिका अणिमा देवी के देखरेख में चल रही है। विद्यालय के अष्टम वर्ग छात्र-छात्रा ललिंद्र उराँव, अनिल उराँव, सुरज उराँव, नितेश उराँव, श्रेया कुमारी, करीना कुमारी, मोनिका कुमारी, प्रेरणा कुमारी, इत्यादि विद्यार्थियो का प्रेस के माध्यम से अधिकारियो से कहना है कि पठन-पाठन कार्य काफी बाधित हो रही है बैकल्पिक व्यवस्था के तहत विद्यालय मे विभाग की और से शिक्षक की प्रतिनियुक्ति कर दी जाती तो हम विद्यार्थियो का अध्यापन का कार्य सुचारु रूप से चलता।

# लमडेगा पंचायत भवन में शिव चर्चा का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** प्रखण्ड के लमडेगा पंचायत सचिवालय सभागार में सोमवार को शिव गुरु संगोष्ठी सह शिव चर्चा का आयोजन किया गया। वैश्विक शिव शिष्य परिवार लमडेगा के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी सह शिव चर्चा का उद्घाटन भगवान शिव एवं हरीन्द्र आनन्द के तस्वीर में माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य वक्ता दीदी बरखा आनन्द ने कहा कि शिव केवल नाममात्र नहीं अपितु काम के गुरु हैं, शिव के औढरदानी स्वरूप से धन, धान्य, संतान, सम्पदा, आदि प्राप्त करने व्यापक साधन है तो उनके गुरु स्वरूप से ज्ञान भी प्राप्त किया जाए। किसी सम्पत्ति या सम्पदा का योग ज्ञान के अभाव में घातक होता है। कहा कि भगवान शिव आदि काल से जगत गुरु है एवं जगत के हरेक व्यक्ति किसी भी धर्म जाति सम्प्रदाय लिंग का हो भगवान शिव को अपना गुरु बना सकता है। इससे पुर्व अगतों का स्वागत श्रीमती शशि देवी, अनिरुद्ध सिंह के अलावे स्थानीय शिव शिष्य परिवार लमडेगा के सदस्यों द्वारा अतिथियों का बुके एवं माला पहना कर स्वागत किया। मौके पर बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम को आयोजन एवं सफल बनाने में जयंती देवी, बसंती देवी, मुनीता देवी, मिठू सिंह, कुशवती देवी, कौसल्या देवी, लालू, गुड़िया, मोतीलाल ओहदार, अघना खड़िया, रमेश्वरम सिंह, राजेश अग्रवाल, पन्ना लाल साहू, संतोष सिंह, महाप्रदास सिंह के अलावे शिव शिष्य परिवार लमडेगा जलडेगा के महिलाओं का अहम योगदान रहा।

## विद्यालय रसोईया, संयोजिकाओं के मेहनताना राशि बढ़ाने की भी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा के मानसून सत्र के माध्यम से विद्यालय रसोईया, संयोजिकाओं के मेहनताना राशि बढ़ाने की मांग की है। विधायक ने सरकार को बताया कि रसोईया को प्रतिदिन 66.66 रुपए ही दिया जाता है। जो इस महंगाई में काफी कम है। वहीं इन रसोईयाओं का वर्ष 2022 एवं 2023 का मेहनताना भुगतान भी बाकी है। वहीं संयोजिकाओं को किसी तरह कोई राशि नहीं मिलती। विधायक ने कहा कि 50 बच?चों पर मात्र एक रसोईया ही बहाल है। ऐसे में किसी स्कूल की रसोईया के बीमार होने अथवा दुर्घटना होने पर स्कूल में भोजन नहीं बनता है। विधायक ने प्रत्येक विद्यालय में कम से कम दो रसोईया बहाल करने की मांग की है। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका के तर्ज पर विद्यालय रसोईया व संयोजिका का मजदूरी भुगतान 299 रुपए करने की मांग की है। सरकार द्वारा बताया गया कि रसोईयाओं को प्रत्येक माह दो हजार रुपए मेहनताना राशि दी जाती है।

## यूनियन बैंक सिमडेगा ने दिया प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत 2 लाख का बीमा राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सोमवार दिनांक 31/07/2023 को यूनियन बैंक शाखा सिमडेगा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना (पीएमजेबीवाई) के तहत मृतक की पत्नी कोरनेलिया कुल्लू को 2,00,000 रुपए की बीमा राशि का भुगतान किया गया। साथ ही शाखा प्रबंधक श्री सिरिल इंदवार के द्वारा ग्राहको के बीच में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेबीवाई) के बारे में विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध कराई गई।

## एसोसिएशन अध्यक्ष कंवलजीत सिंह के नेतृत्व में उप परिवहन आयुक्त से की मुलाकात

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह के नेतृत्व में उप परिवहन आयुक्त सह सचिव, श्री शयाम नारायण राम ,दक्षिण छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, कार्यालय रांची मे मुलाकात की एवं 15 से 20 वर्ष पुराने व्यवसायिक वाहनों को परमिट नहीं दिए जाने के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि परमिट निर्गत नहीं होने के कारण सैकड़ों वाहन खड़े हो जा रहे हैं .इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उप परिवहन आयुक्त ने तत्काल रोड परमिट निर्गत करने का आदेश दिया एवं कहा कि हम लोग भी समझ रहे हैं कि किन्ही कारणों से परमिट निर्गत नहीं होने के कारण व्यवसाय करने में आप लोगों को कठिनाई हो रही थी,लेकिन आगे आपको परेशानी नहीं होगी,उन्होंने यह भी आश्वासन दिया एक सप्ताह के पश्चात पुनः एसोसिएशन के साथ वे अन्य मसलों को लेकर एक और बैठक करेंगे। इस पर एसोसिएशन ने परमिट निर्गत करने का आदेश देने हेतु उनको धन्यवाद दिया। आज के प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह सह सचिव बरज सिंह, जत्रु मुंडा राजेश शर्मा, अनिल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बीमारियों की पहचान व बचाव के लिये सहियाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा, लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे एनसीडी के तहत सहियाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। झारखण्ड सरकार द्वारा जनसंख्या आधारित एनसीडी के तहत गम्भीर बीमारियों के विषय मे पहचान और बचाव के बारे में सहियाओं को एक दिवसीय परीक्षण दिया गया गया। राज्य स्तरीय प्रशिक्षक मुस्तफा अन्सारी द्वारा प्रशिक्षण के क्रम में उच्च रक्तचाप, महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर, गर्भाशय में होने वाले कैंसर तथा स्त्री पुरुष के मुँह में होने वाले कैंसर के बारे में और मधुमेह के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। वही प्रशिक्षक मुस्तफा अन्सारी ने बताया कि उच्च रक्तचाप के कारण तेज सिरदर्द, सीना में दर्द, हाथ पैर में सूनापन झिनझिन होना उच्च रक्तचाप का लक्षण है। वही महिलाओं के बच्चेदानी में कैंसर होने से माहवारी के उम्र पार करने पर असमान्य रक्त स्त्राव, सहवास के बाद खून आना गर्भाशय में कैंसर का लक्षण होता है। स्तन कैंसर में निप्पल से खून या पानी का स्त्राव, स्तन में गाँठ बनना या गिल्टी जैसा होना स्तन कैंसर का लक्षण है। किसी व्यक्ति को बार बार पेशाब होना, आँख कमजोर होना, थकान महसूस होना ये सभी मधुमेह होने का लक्षण है। साथ ही महिला पुरुष का मुँह में होने वाले कैंसर के बारे में भी बताया गया।

## पंचायत भ्रमण कर 16 सदस्यीय टीम ने संचालित जोहार योजना का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत एवं मुर्की तोडार पंचायत का 16 सदस्यी टीम द्वारा भ्रमण कर जोहार परियोजना से प्राप्त लाभ एवं स्वरोजगार संबंधित जायजा लिया गया। पंचायत भ्रमण कार्यक्रम जेएसएलपीएस द्वारा संचालित जोहार परिजनों के अंतर्गत राज्य कार्यालय से जोहार स्टेट प्रोग्राम मैनेजर तपस रंजन बेहरा, प्रोग्राम मैनेजर विशाल भैगरा और टाटा ट्रस्ट के कुमार रंजन की अगुवाई में 16 सदस्य टीम आंध्र प्रदेश,तमिलनाडु, तेलगाना,राजस्थान और नागालैंड राज्य से आए सदस्यों ने बदला पंचायत मदर यूनिट और मुर्की पंचायत के बंसरी गांव में मुर्गी शेड का निरीक्षण किया। जिसमें प्रखंड स्तर से मदर यूनिट के संचालिका प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी ने भ्रमण के दौरान बताया कि अब तक कुल 74 हज़ार 617 चुजो का वितरण 1865 परिवारों के बीच किया जा चुका है। जिससे जोहार परियोजना से जुड़कर उत्पादक समूह के महिला सदस्यों की आजीविका में काफी सुधार हुआ है। और अपने गांव में आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार को सुचारू ढंग से चला रही है। भ्रमण टीम के सदस्यों ने मदर यूनिट की संचालिका और उत्पादक समूह के सदस्यों से मिलकर उत्साहित हुए और सदस्यों को बताया गया कि इस परियोजना से जुड़े रहना चाहिए।


## ग्राम सभा ने अपने स्तर से मांगा आरटीआई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ग्राम सभा मंच कोलेबिरा के साथ मचका, लचड़ागढ़, बड़केतुंगा, पोगलोया, डोम टोली,खदेरटांड़, ग्राम सभा ने ग्राम सभा स्तर से आरटीआई किया है। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम सभा मंच के सचिव प्रकाश बागे, देवनिसिया कुल्लू, सुनित सुरीन, बिजय लुगुन, दाऊद केरकेट्टा, सुरसेन सुरीन, समर्पण सूरीन उपस्थित थे।ग्राम सभा मंच कोलेबिरा के अगुवाई में कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं द्वारा वन अधिकार कानून 2006 के तहत समुदायिक वन अधिकार पट्टा एवं व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा हेतु अंचल कार्यालय कोलेबिरा तथा अनुमंडल स्तर वन अधिकार समिति सिमडेगा के पास काफी समय से आवेदन कर चुका है , परन्तु अब तक संबंधित विभाग के अधिकारीगण चुपी साधे हुए हैं जिसको देखकर ग्राम सभा मंच कोलेबिरा को बर्दाश्त नहीं हुआ और संबंधित विभाग को सूचना अधिकार कानून 2005 के तहत सूचना हेतु आवेदन डाकघर के माध्यम से प्रेषित किया गया है जिसमें मुख्य रूप से निम्न प्रकार के जवाब मांगे हैं।

## विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पतंजलि योग समिति के जिला संरक्षक शिवशंकर सिंह और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिव शंकर सिंह ने मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित उपन्यास गोदान के साहित्यिक विशेषता का परिचय बच्चों को दिया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि उनकी कृतियां आज भी प्रासंगिक है। हिंदी की व्याख्याता रेणु कुमारी ने मुंशी प्रेमचंद्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके साहित्य का प्रमुख स्वर राष्ट्रीय जागरण एवं समाज सुधार रहा है और तत्कालिन भारतीय जीवन में व्याप्त कुरीतियों, शोषण, निर्धनता, नारी दुर्दशा, वर्ण-व्यवस्था की विसंगति आदि भिन्न विषयों पर अपनी प्रभावशाली कलम चलाई है। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रश्मि साहू, चेतना प्रिया, कविता कुमारी,आरती भगत, रितेश कुमार पाठक सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थ

## प्रखंड स्तरीय शिद्धो-कान्हु युवा खेल क्लब का हुआ गठन सभी चयनित युवा बने कर्तव्यनिष्ठ : गुहा उरांव



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड सभागार भवन में 1अगस्त दिन मंगलवार को बीपीओ रघुनाथ मुंडा की अध्यक्षता में सिध्दू कान्हू युवा खेल क्लब गठन को लेकर सभी ग्राम स्तरीय शिद्धो कान्हु युवा खेल क्लब को आमंत्रित कर चुनावी प्रक्रिया का आयोजन किया गया। हस्ताक्षर युक्त वोटिंग के माध्यम से चयन प्रक्रिया किया गया। जिसमे अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए 3-3 उम्मीदवारों ने नामांकन कराया वही सचिव पद के लिए 4 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। फलस्वरूप अध्यक्ष चुने गए उम्मीदवार अमित उरांव को सबसे अधिक 50 मत प्राप्त हुआ। उपाध्यक्ष लक्षमण उरांव को 51 मत मिला। वहीं सचिव विकास उरांव को 39 मत मिला। चयनित सभी पदाधिकारियों को सबोंधित करते हुए बीपीओ श्री मुंडा ने कहा सिध्दू कान्हू युवा खेल क्लब के माध्यम से युवाओं को सामाज में सामाजिक कार्य करने के लिए एक मंच मिला है जिसका भरपुर उपयोग करते हुए अपने आसपास में छुपे हुए प्रतिभा जैसे खेलकूद, सामाजिक संस्कृति, धरोहर इत्यादि को बचाएं। क्षेत्र के विकास में अपना योगदान करे।वंही पंचायत सचिव गुहा उरांव ने उपस्थित लोगों से कहा सिध्दू कान्हू युवा खेल क्लब के द्वारा खेल, कला संस्कृति, नशापान,बाल विवाह,लिंग,जाती भेद भाव को दूर करते हुए सामाज में आपसी प्रेम भाईचारगी लाना है। इसके लिए सभी चयनित युवा अपना कार्य के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहेंगे।मौके पर प्रखंड समन्वयक अमन शिखर कैरो मुखिया बीरेन्द्र महली,सढाबे मुखिया सुमित्रा उराँव,गजनी समेत सभी मुखियागण,वार्ड सद्स्य,प्रखंडकर्मी एवं सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्राण प्रसाद जयसवाल की 14 वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी स्वर्गीय प्राण प्रसाद जायसवाल के 14वी पुण्यतिथि क्क ढ्ढ. ष्ठ लोहरदगा स्थिति आवास मे मनाई गई। इस मौके पर मुख्य रूप से बी एस कॉलेज के प्राचार्य प्रो शिव कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वर्गीय प्राण प्रसाद जयसवाल मृदुस्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे उन्होंने समाज के उत्थान एवं विकास के लिए बेहतर कार्य किए और आज जिले में प्रमुख समाजसेवी के रूप में उन्हें याद किया जाता है। सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव ने कहा की स्वर्गीय प्राण प्रसाद जायसवाल समाजसेवी एवं कदावर कांग्रेस नेता थे उनके द्वारा कांग्रेस पार्टी को जिला अध्यक्ष रहते हुवे काफ़ी मजबूती देने काम किया साथ ही हर क्षेत्र में जनकल्याण कार्य किए है जिसे आज भी हम सब याद करते है हम सभी को इन के मार्ग पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर जिला कॉंग्रेस कमिटी के पदाधिकारी कार्यकर्त्ता लोहरदगा जिला के विभिन्न संगठन के पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता के द्वारा उनके प्रतिमा पर मार्लयापन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर स्वर्गीय प्राण प्रसाद जायसवाल की धर्मपत्नी प्रमिला देवी, पुत्र सह विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, आशीष जायसवाल, कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, समाजसेवी ओम सिंह, नेसार अहमद, पूर्व प्रोफेसर लोहरा उरांव, प्रो स्नेह कुमार, प्रो शिव कुमार गुप्ता, प्रो शशि गुप्ता, प्रशांत जायसवाल, विकास जयसवाल, दीपक जयसवाल, मनोज जयसवाल, पंकज जायसवाल ठाकुर प्रसाद, सामुल अंसारी, सद्रुल अंसारी, रविंदर सिंह खेरवार, अनिस अहमद, सत्यदेव भगत, कमल केशरी, हाजी सिकंदर अंसारी, फहद खान, विशाल डुंगडुंग, अजय सिंह, सुमन साहू, मुकेश दुबे, अभय वर्मा, राजू उरांव, कबीर अंसारी, इमरान आज़ाद अंसारी, इम्तियाज़ अंसारी, सुशीला देवी, अमृता देवी, सरिता देवी, प्यारी उरांव, हरिदास उरांव, जयप्रकाश अग्रवाल, इकबाल अंसारी, सनाउल्लाह सना, मदन प्रसाद, दिवाकर गोप, कृष्णा महतो, केदार महतो, आदि उपस्थित थे।

# अविराम सचिव इंद्रजीत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा में आयोजित हुई चरित्र विकास आध्यात्मिक, व्यावसायिक, सामाजिक विषय पर हाइब्रिड मैथड द्वारा कार्यशाला जिसमें मुख्य संरक्षक इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया, आयोजन सचिव प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, समन्वयक पंकज कुमार भारती रहे। रिसोर्स पर्सन के रूप के उत्तर प्रदेश से डॉ आर सी भारती जो कि सेवानिवृत्त प्राचार्य रह चुके है उन्होंने बताया की वर्तमान में चरित्र की दुर्बलता के कारण ही कुंठा, भ्रष्टाचार, देश विरोधी कार्यो में लोग बढ़ रहे है जबकि स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुष हमारी भारत भूमि पर जन्मे और समग्र विश्व को नैतिकता,चरित्र उन्नयन की सीख दी। कार्यशाला में चरित्र निर्माण से जुड़े कुछ प्रयोग खेल के द्वारा कराए गए और वक्ताओं में आफताब, जंगबहादुर, पवन, रेणुका, ऋतु, ममता, बिनोद, शशि, मनु, चिनिबास, अर्चना, ममता, शिव, अजॉय ने प्रस्तुति दी। प्रशिक्षुओ में श्रेया राय, अनेधा, माधुरी, स्वेता, निकिता, अर्चना, शुभम, चांदनी, अंबिका, प्रतिभा, अंजली, निशी, शुभा, पूनम, लिलम, करीना, खुशबू, निकिता, एंजेला, अंजली, आदि ने इस विषय पर अपने विचार रखे इस कार्यशाला में चरित्र विकास पर वक्ताओं द्वारा जो मुख्य बातें सामने हैं वे ये की चरित्र निर्माण और विकास पर परिवार माता, पिता, पड़ोस, शिक्षक,मित्र मंडली,साहित्य, फिल्में और अब सोशल मीडिया का प्रभाव अत्यधिक है अतः सही गलत के चयन की शिक्षा दी जानी आवश्यक है चरित्र जिसका उन्नत है वही वास्तव में मनुष्य है क्योंकि चरित्र से गिरा हुए व्यक्ति के हजारों जन्म बिगड़ते है भारतीय शिक्षा में नैतिकता की शिक्षा की बजाय नैतिक आचरण पर बल दिया जाता था राजा हरिश्चंद्र,श्रवण कुमार आदि चरित्र विकास के लिए उदाहरण स्वरूप हैं। कार्यक्रम की उद्घोषणा श्रेया राय और अनिधा द्वारा किया गया सभी से फीडबैक लिया गया जिससे आने वाले कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाया जा सके।

## चलते चलते एक नजर

### मप्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गठित की चुनाव समिति

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की अध्यक्षता में चुनाव समिति का गठन किया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को इस नवगठित समिति की सूची जारी की है।जारी सूची के अनुसार, चुनाव प्रचार अभियान समिति में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, सुरेश पचौरी, अरुण यादव, अजय सिंह राहुल, विवेक तन्खा, राजमणि पटेल, नकुलनाथ, सज्जन सिंह वर्मा, डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ, बाला बच्चन, तरुण भनोट, ओमकार सिंह मरकाम, सुखदेव पांसे, जीतू पटवारी, कमलेश्वर पटेल और आरिफ मसूद को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। राज्य स्तरीय फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख और एससी-एसटी और ओबीसी माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के अध्यक्ष भी इस समिति के सदस्य होंगे।

### मिड डे मील घोटाले में संजय तिवारी सहित तीन के खिलाफ आरोप गठित


**रांची :** मिड डे मील की करोड़ों रुपये की राशि घोटाले के आरोपित संजय तिवारी, राजू वर्मा और सुरेश कुमार के खिलाफ मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने आरोप गठित कर दिया। सुनवाई के दौरान इस केस से जुड़े सभी आरोपित सशरीर कोर्ट के समक्ष उपस्थित थे। अदालत ने संजय तिवारी सहित अन्य के खिलाफ लगे आरोपों को पढ़कर सुनाया, जिसे आरोपितों ने गलत बताया। संजय तिवारी सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि मिड डे मील के करीब 100 करोड़ एसबीआई धुर्वा ब्रांच से भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित कर दिये गए थे। इसे लेकर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। बाद में मामले की जांच सीबीआई ने ले ली। वर्ष 2021 में ईडी ने कांड संख्या ईसीआईआर 3/2021 दर्ज कर केस टेकअप किया। संजय तिवारी के साथ राजू वर्मा और सुरेश कुमार भी इस केस में आरोपित हैं।



# पृथ्वी की कक्षा को छोड़ चंद्रमा की ओर बढ़ा चंद्रयान-3

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का महत्वपूर्ण मिशन चरणबद्ध तरीके से सफलता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस मिशन का चंद्रयान-3 ऐतिहासिक सफलता पूर्ण कर पृथ्वी की कक्षा को छोड़ चंद्रमा की ओर चल पड़ा है।




इसरो ने पृथ्वी की सभी आर्बिट के चक्कर लगा चुके चंद्रयान-3 को एक अगस्त की आधी रात चंद्रमा के रास्ते की तरफ इजेक्ट किया था। इसरो ने मंगलवार सुबह ट्वीट कर इस उपलब्धि को दुनिया से साझा किया है। इसरो ने कहा है कि तय समय पर यान को पृथ्वी की आर्बिट से इजेक्ट करने के लिए ऑन किया गया और उसको पर्याप्त एक्सीलेरेशन देकर चांद की तरफ जाने वाले रास्ते पर भेज दिया गया। अब अगला पड़ाव चंद्रमा है। इसे 5 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में स्थापित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इसरो ने 14 जुलाई को चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण किया गया था। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान में एक प्रणोदन मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), एक लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल है। इस मिशन का खास मकसद लैंडर को चंद्रमा की धरती पर सुरक्षित उतारना है। चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करने के कुछ दिनों बाद लैंडर प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग हो जाएगा। लैंडर के 23 अगस्त की शाम 5:47 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सॉफ्ट लैंडिंग करने की उम्मीद है। लैंडर चंद्रमा की सतह से लगभग 100 किमी की ऊंचाई से चंद्रमा पर उतरेगा।

# मुख्यमंत्री से मिले स्वामी भवेशानन्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोरहाबादी के सचिव स्वामी भवेशानन्द ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

# बैठक में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यों को विस्तारपूर्वक बताया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के लाखे में एक महत्पूर्ण बैठक रखी गई। जिसमे मुख्य रूप एडवोकेट शहादत अंसारी,प्रमंडल संयोजक, डॉ कुणाल वर्मा (जगसिट फाउंडेशन के सचिव),भारत सिंह और मो.करार अहमद, राष्ट्रीय सह संयोजक शामिल हुए। जिसमें मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यों को विस्तारपूर्वक बताया गया। नए सदस्यों का स्वागत किया गया। जिला संयोजक हजारीबाग का चुनाव किया गया। जिला सह संयोजक हजारीबाग।

नए सदस्य भाई साहब का एक ऑनलाइन कार्यक्रम जल्द चाहतें हैं और भाई साहब का मार्गदर्शन चाहतें हैं। योग को बढ़ावा देना।धन्यवाद ज्ञापन के साथ कई अन्य विषय पर विचार किया गया।अन्य प्रतिभागियों के नाम-सलमान हुसैन, एमडी समसाद नसीम अख्तर, अशरफ हुसैन, मोहम्मद मेराज , मद मुस्तकीम, मुजाहिर एहसान, मद समीर , गुलाम जफर, खुर्शीद आलम, समसुल अफरीन, आज़ाद खान आदि।

# सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मास्टरमाइंड सचिन को लाया गया भारत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मास्टरमाइंड और कुख्यात गैंगस्टर सचिन बिश्नोई दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल अजरबैजान से दिल्ली लेकर आ गई है। रविवार को स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट के एक एसीपी, दो इंस्पेक्टर समेत करीब चार अधिकारियों की टीम अजरबैजान गई थी। लारेंस बिश्नोई के भांजे गैंगस्टर सचिन बिश्नोई को हाल ही में अजरबैजान में वहां की एजेंसियों ने गिरफ्तार किया था। सचिन को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में भारी सुरक्षा के बीच स्पेशल सेल काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट अदालत के समक्ष पेश करेगी और उसकी रिमांड लेगी। सचिन जुलाई 2020 से अजरबैजान में डिटेंशन सेंटर में बंद था।वहीं, इस




मामले में गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के अधिकारी खुद बारीकी से नजर बनाए हुए थे और दिल्ली पुलिस लगातार गृह मंत्रालय के संपर्क में थी। सचिन बिश्नोई भारत में रहकर कई आपराधिक घटनाओं में शामिल था। उसने ही सिद्धू मूसेवाला की हत्या कराने की योजना बनाई थी। वह वारदात से पहले दिल्ली से फर्जी पासपोर्ट बनवाकर अजरबैजान भाग गया था। मूसेवाला की हत्या के बाद सचिन ने इंटरनेट मीडिया पर हत्याकांड की जिम्मेदारी ली भी ली थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सचिन के दिल्ली आने के बाद कई बड़े मामलों को सुलझाया जाएगा। हाल के दिनों में दिल्ली समेत अन्य राज्यों में कारोबारियों से लॉरेंस के नाम पर रंगदारी मांगने के मामले भी आए थे। इसमें सचिन की भूमिका सामने आई है। जून माह में दुबई के एक कारोबारी से भी सचिन ने 50 करोड़ की रंगदारी मांगी थी। इन सब मामलों कि सिलसिले में भी दिल्ली पुलिस सचिन से गहन पूछताछ करेगी।सिद्धू मूसेवाला की हत्या 29 मई 2022 को पंजाब के मंसा जिले में की गई थी। इस हत्याकांड की जिम्मेदारी लेने वाले लॉरेंस बिश्नोई का बेहद करीबी गैंगस्टर सचिन बिश्नोई हत्या से पहले 21 अप्रैल 2022 तक तक भारत में था।

# इग्नू ने अग्निवीरों के लिए तीन वर्षीय कौशल आधारित बीए डिग्री पाठ्यक्रम शुरू किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने 'अग्निपथ' योजना के तहत सेना में भर्ती हुए 'अग्निवीरों' के लिए कौशल-आधारित स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम शुरू किया है। इग्नू ने इसके लिए तीनों सेनाओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।योजना के तहत पांच कार्यक्रम पेश किए गए हैं। इसमें बीएएस- बैचलर ऑफ आर्ट्स (एप्लाइड स्किल्स), बीएएसटीएम- बैचलर ऑफ आर्ट्स (एप्लाइड स्किल्स) पर्यटन प्रबंधन, बीएएसएमएसएमई- बैचलर ऑफ आर्ट्स (एप्लाइड स्किल्स) एमएसएमई, बीसीओएमएएस- बैचलर ऑफ कॉमर्स (एप्लाइड स्किल्स) और बीएससीएएस- बैचलर ऑफ साइंस (एप्लाइड स्किल्स) शामिल हैं।



ये कार्यक्रम अनुशासन-आधारित पाठ्यक्रमों और कौशल पाठ्यक्रमों का एक अनूठा मिश्रण हैं। कार्यक्रम में 120 क्रेडिट शामिल हैं, जिनमें से 60 क्रेडिट के पाठ्यक्रम इग्नू द्वारा पेश किए जाते हैं, जबकि शेष 60 क्रेडिट सशस्त्र बलों द्वारा सेवाकालीन कौशल शिक्षा के रूप में पेश किए जाते हैं। सशस्त्र बलों द्वारा पेश किए जाने वाले कौशल पाठ्यक्रमों को कौशल शिक्षा के लिए नियामक संस्था, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) द्वारा अनुमोदित किया जाता है। ये कार्यक्रम कौशल शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा के एकीकरण के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश के अनुरूप भी हैं।

इस पहल से अग्निवीरों को सेवा के दौरान स्नातक की डिग्री प्राप्त करने में मदद मिलेगी और सेवा के बाद उनकी रोजगार क्षमता में सुधार होगा।

मंगलवार को इग्नू परिसर में आयोजित एक समारोह में भारतीय वायु सेना के अग्निवीरों के प्रवेश के लिए कार्यक्रम शुरू किए गए। इसे इग्नू के कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव और एयर मार्शल एसके झा ने लॉन्च किया। इस दौरान अग्निवीरों के लिए डिज़ाइन किया गया एक विशेष प्रवेश पोर्टल भी शुरू किया गया।

इस दौरान प्रो-वाइस चांसलर, स्कूलों और डिवीजनों के निदेशक, सभी क्षेत्रीय केंद्रों के क्षेत्रीय निदेशक और भारतीय बल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### फंदे से लटका मिला महिला का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**रांची :** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित अपर हटिया में मंगलवार को एक महिला का शव फंदे से लटकता मिला है। महिला की शिनाख्त सृष्टि के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में सही जानकारी सामने आ पायेगी। सृष्टि की शादी छह महीने पहले ही हुई थी। सृष्टि के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। सृष्टि के भाई का कहना है कि उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। भाई ने ससुराल वालों पर सृष्टि का गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि खुदकुशी का रूप देने के लिए उसके शव को फंदे से लटका दिया गया।

# जानलेवा हमला करने को लेकर एफआईआर दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लाठी-डंडे और हॉकी स्टिक से मारकर एक युवक को गंभीर रूप से घायल करने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। इस जानलेवा हमला करने को लेकर रांची के सदर थाने में घायल अभिषेक सिन्हा ने विवेक कुमार और निखिल चौधरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर के अनुसार तिरिल निवासी अभिषेक सिन्हा ने एक मोबाइल फोन अपने दोस्त चूना भट्ठा निवासी विवेक कुमार से 15 हजार में खरीदा।




अभिषेक ने मोबाइल के लिए पांच हजार नकद और नौ हजार ऑनलाइन कुल 14 हजार का पेमेंट किया। पेमेंट करने के बाद अभिषेक ने विवेक से मोबाइल की रसीद मांगी तो विवेक ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। फिर विवेक ने रसीद देने के लिए अभिषेक को चाय दुकान पर बुलाया, जहां उसने अपने दोस्त निखिल चौधरी सहित 10 अन्य के साथ मिलकर लाठी-डंडे, हॉकी स्टिक से मारपीट की। उस दौरान विवेक और उसके दोस्त निखिल चौधरी ने अभिषेक की पॉकेट से 35 हजार रुपये छीन लिये। केस करने पर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में अभिषेक के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगी है। ना प्रभारी श्याम किशोर ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। आरोपितों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस कार्रवाई में दो कुख्यात हिस्ट्रीशीटर मारे गए



**एजेंसी**

**चेन्नई :** तमिलनाडु पुलिस ने तांबरम के पास मंगलवार की तड़के दो कुख्यात बदमाशों को मार गिराया. वाहन जांच के दौरान दोनों अपराधियों ने पुलिस अधिकारियों पर हमले की कोशिश की थी. इस दौरान पुलिस ने बचाव में गोली चलाई जिससे दोनों बदमाशों की मौत हो गई. दोनों बदमाशों के खिलाफ हत्या समेत कई अन्य संगीन मामले दर्ज हैं.पुलिस के अनुसार तांबरम शहर के पास आज तड़के अरुंगल रोड पर पुलिस निरीक्षक मुरुगेसन, उप निरीक्षक शिवगुरुनाथन के नेतृत्व में वाहनों की जांच का अभियान चला जा रहा था. वाहन निरीक्षण के दौरान एक तेज रफ्तार काली स्कोडा कार पहुंची. संदिग्ध पाए जाने पर सब इंस्पेक्टर ने कार को रुकने का इशारा किया लेकिन चालक ने कार नहीं रोकी. इस तरह कार पुलिस जीप से टकरा गई.कार के नजदीक पहुंचने पर कार से चार लोग हथियार लेकर बाहर निकले और पुलिस पर हमला करने की कोशिश की. उनमें से एक ने सहायक निरीक्षक के बाएं हाथ पर छुरे से हमला किया. बदमाशों ने फिर से पुलिस अधिकारियों का सिर काटने की कोशिश की. इस दौरान सहायक निरीक्षक सूझबूझ से अपनी जान बचाई. हमले के दौरान वह नीचे झुक गए. हालांकि, उनकी टोपी कट गई. यह देखकर पुलिस इंस्पेक्टर ने एक बदमाश को और सहायक इंस्पेक्टर ने दूसरे बदमाश को गोली मारी. इस दौरान बाकी दो बदमाश हथियार लेकर भाग गये. पूछताछ करने पर मारे गए बदमाशों की पहचान विनोद (ए) छोटा विनोद ( 35) और एस रमेश (32) के रूप में हुई है. उनके खिलाफ 50 से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें हत्या के 10 मामले और हत्या के प्रयास के 15 मामले शामिल हैं. घायल सब इंस्पेक्टर शिवगुरुनाथन को इलाज के लिए क्रोमपेट सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया.

# ट्रेन के माध्यम से हो रहा प्रवासी श्रमिकों के अधिकार एवं कल्याणार्थ योजना का प्रचार-प्रसार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर मुंबई, दिल्ली, केरल, बेंगलुरु और जम्मू जाने वाली ट्रेन के जनरल और स्लीपर बोगी के बाहरी और भीतरी हिस्से में श्रमिकों के अधिकार और उन्हें जागरूक करने से सम्बन्धित जानकारी साझा की जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिया गया है कि प्रवासी मजदूरों के अधिकारों एवं उनके लिए बने योजना का व्यापक प्रचार- प्रसार श्रमिकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले ट्रेन के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाए। इसके बाद से हटिया लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट एक्सप्रेस, हटिया से आनंद विहार स्वर्णजयंती एक्सप्रेस, हटिया एसएमवीबी एक्सप्रेस, धनबाद एलेपी एक्सप्रेस और संबलपुर से जम्मूतवी एक्सप्रेस के जनरल और स्लीपर कोच में श्रमिकों के अधिकार और जागरूकता से संबंधित प्रचार - प्रसार पोस्टर के जरिए किया जा रहा है।


**श्रमिकों के लिए संवेदनशील रहे हैं मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता का परिणाम है कि साढ़े तीन वर्ष में 11 लाख से अधिक प्रवासी श्रमिकों की अपने घर सुरक्षित वापसी हुई। ये वापसी सिर्फ देश के विभिन्न राज्यो में फंसे श्रमिकों की ही नहीं, बल्कि विदेशों में फंसे कामगारों की भी हुई। यही नहीं ऐसे सभी श्रमिकों का बकाया पारिश्रमिक का भुगतान भी कराया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 27 मार्च 2020 को राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष का संचालन राज्य सरकार के श्रम विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके द्वारा श्रमिकों के मदद के लिए महाअभियान पिछले साल शुरू किया गया। इस महाअभियान के माध्यम से नियंत्रण कक्ष ने अब तक लाखों श्रमिकों को मदद पहुंचाई है। राज्य सरकार ने प्रवासी श्रमिकों को ध्यान में रखते हुए एसआरएमआई प्रोजेक्ट की भी शुरुआत की है।

**श्रमिकों को किया जा रहा जागरूक, मिल रहा योजनाओं का लाभ**

श्रम विभाग के श्रमाधान पोर्टल में श्रमिक पंजीकरण व प्रवासी पंजीकरण और उससे प्राप्त होने वाले योजनाओं के लाभ को लेकर प्रत्येक जिलों में श्रम विभाग एवं एसआरएमआई द्वारा पंजीकरण, जागरूकता एवं प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के अतिरिक्त प्रवासी श्रमिकों का रेस्क्यू, प्रवासी श्रमिकों मृतकों के शव की वापसी, बकाया राशि का भुगतान, आवास योजना, पेंशन योजना, राशन कार्ड आदि लाभों से जोड़ने का कार्य हो रहा है। साथ ही, सुरक्षित और जिम्मेदार प्रवासन की पहल करते हुए सुरक्षित और जिम्मेदार प्रवासन केंद्र विभिन्न जिलों में बनाया गया है।

**ठेका श्रमिकों के महंगाई भत्ता में वृद्धि**



मुख्यमंत्री के पहल पर ठेका श्रमिकों के महंगाई भत्ता में वृद्धि कर दी है। विभिन्न कैटेगरी के कामगारों की मजदूरी में लगभग सवा दो हजार से लेकर साढ़े तीन हजार रुपये तक की बढ़ोत्तरी की गई है। राज्य सरकार ने ठेका मजदूर नियमावली 1972 के तहत ठेका श्रमिकों की सेवा शर्तों और देय मजदूरी का निर्धारण किया है। 1 अप्रैल, 2023 के प्रभाव से असंगठित मजदूरों के न्यूनतम मजदूरी की दरों पर महंगाई भत्ता में वृद्धि करते हुए अकुशल श्रेणी के श्रमिकों का दैनिक मजदूरी 346 रूपये किया गया। साथ ही अकुशल श्रेणी के ठेका श्रमिकों के लिए मासिक मजदूरी दिनांक 1 अप्रैल, 2023 के प्रभाव से रूपये 10,792.72 किया गया है।